स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, सोमवार
14 जुलाई, 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष 4
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 322 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

लॉर्ड्स टेस्ट मैच में चौथे दिन का खेल शुरू होने से पहले भारतीय दिग्गज महिला क्रिकेटर मिताली राज ने बेल बजाया।



## राज्यसभा के लिए चार हस्तियां नामित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्यसभा के लिए चार लोगों को मनोनीत किया है। इनमें सरकारी वकील उज्ज्वल देवराव निकम, केरल के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता

■ उज्ज्वल निकम-मीनाक्षी जैन के नाम भी शामिल

और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मस्ते, भारत के पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला और प्रख्यात इतिहासकार एवं शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन का नाम शामिल है। ये नामांकन पूर्व में नामित सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण खाली पड़ी सीटों को मद्देनजर किए गए हैं।

बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 80(1)(क) के खंड (3) द्वारा उन्हें दी गई शक्तियों के अंतर्गत इन लोगों को राज्यसभा के लिए चुना है। भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा के लिए 12 व्यक्तियों को मनोनीत कर सकते हैं। ये लोग कला, साहित्य और लोक सेवा के क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा के लिए जाने जाते हैं। हर्षवर्धन श्रृंगला पूर्व विदेश सचिव रहे हैं। उन्होंने पूर्व में संयुक्त राज्य अमेरिका, बांग्लादेश और थाईलैंड में राजदूत का पद भी संभाला है। उन्होंने 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए मुख्य समन्वयक के रूप में भी कार्य किया है।

उज्जवल देवराव निकम कानूनी क्षेत्र में एक जाना-माना नाम हैं। कई हाई प्रोफाइल मुकदमों को संभालने के लिए उन्हें जाना जाता है, इनमें 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों में अजमल कसाब का मुकदमा और 1993 के बॉम्बे विस्फोट मामले शामिल हैं। उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के आम चुनावों में मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था। राज्यसभा के लिए नामित किए गए सी. सदानंदन मस्ते केरल के भाजपा सदस्य हैं। वे पूर्व में शिक्षक रहे हैं। उन्हें भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया था। वहीं, सदानंदन को 25 जनवरी, 1994 में राजनीतिक हिंसा के शिकार बनाया गया था। तब उनके पैतृक गांव पेरिंचरी के पास माकपा कार्यकर्ताओं ने उनके दोनों पैर काट दिए थे।

वहीं, राज्यसभा के लिए राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा नामित की गई डॉ. मीनाक्षी जैन प्रख्यात इतिहासकार एवं शिक्षाविद् हैं। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर रही हैं।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति की तरफ से राज्यसभा के लिए मनोनीत किए गए चारों लोगों को शुभकामनाएं दी। इसमें पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मामले में विशेष लोक अभियोजक उज्जवल निकम, केरल भाजपा नेता सी सदानंदन मस्ते और इतिहासकार मीनाक्षी जैन का शामिल है।

## मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही अप्रासंगिक

### कोर्ट ने रद्द की आपराधिक कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही अप्रासंगिक है। इस तरह के मामले जारी रखने से समय और पैसे की बर्बादी होती है। लिहाजा, अदालत ऐसे मुकदमों को जारी रखने की इजाजत नहीं दे सकती। यह टिप्पणी कर न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की अदालत ने संभल के जौहर अली और छह अन्य लोगों के खिलाफ चल रही गैंगस्टर एक्ट की आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी। मामला संभल के नखास थाना क्षेत्र का है। 2019 में दर्ज एक आपराधिक मुकदमे के आधार पर याचियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही शुरू की गई थी। इस मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत से आरोपी बरी हो गए। इसके बावजूद सभी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चल रहा है। इसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए याचियों के खिलाफ लंबित गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को उस आपराधिक मामले में बरी कर दिया जाता है, जिसके आधार पर उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है तो कार्यवाही भी जारी नहीं रखी जा सकती।

## टी-ब्रेक तक इंग्लैंड ने 6 विकेट खोकर बनाए 175 रन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट के चौथे दिन भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 176 रन बना लिए हैं। बेन स्टोक्स और क्रिस वोक्स की जोड़ी नाबाद हैं। टी-ब्रेक से पहले सुंदर ने जो रूट (40 रन) को बोल्ड करके अर्धशतकीय साझेदारी को तोड़ा। फिर जैमी स्मिथ (8 रन) को पवेलियन भेजा। इससे पहले आकाश दीप ने हैरी ब्रूक (23 रन), नीतीश कुमार रेड्डी ने जैक क्रॉली (22 रन) के विकेट झटके। सिराज ने बेन डकेट (12 रन) और ओली पोप (4 रन) को पवेलियन भेजा। इंग्लिश टीम ने दिन की शुरुआत 2/0 के स्कोर से की। पहली पारी में भारत और इंग्लैंड की टीमें 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं। किसी को बढ़त नहीं मिली। इंग्लैंड को पांचवां झटका वाशिंगटन सुंदर ने दिया। उन्होंने जो रूट को बोल्ड किया और बेन स्टोक्स के साथ निभाई गई 67 रनों की साझेदारी को तोड़ दिया। अब कप्तान स्टोक्स का साथ देने जेमी स्मिथ आए हैं। इंग्लैंड ने भारत पर 150 से ज्यादा रनों की बढ़त हासिल कर ली है। रूट और स्टोक्स की अर्धशतकीय साझेदारी से इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 150 रन पूरे कर लिए और इतने रनों की भारत पर बढ़त हासिल कर ली है। दूसरे सत्र में भारत को पांचवें विकेट की तलाश है। रूट और स्टोक्स के बीच 40 से ज्यादा रनों की साझेदारी हो चुकी है और इंग्लैंड की बढ़त 130 रन के पार पहुंच गई है। दूसरे सत्र का खेल शुरू हो चुका है। इंग्लैंड के 100 रन भी पूरे हो गए हैं। जो रूट और बेन स्टोक्स क्रीज पर हैं।

## बिहार मतदाता सूची में विदेशियों की भी बड़ी संख्या

**पटना।** बिहार में मतदाता पुनरीक्षण कार्य जारी है। पिछले कुछ दिनों से सवाल उठ रहे थे कि बिहार में अवैध अप्रवासी भी यहां के मतदाता बन गए हैं। अब इसकी पुष्टि चुनाव आयोग ने

■ चुनाव आयोग ने किया खुलासा

कर दी है। चुनाव आयोग ने कहा कि क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने बिहार में चल रही मतदाता सूची की गहन समीक्षा के दौरान पाया कि इसमें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के लोगों बड़ी संख्या में शामिल हैं। क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर इसकी जांच की तो पता चला। चुनाव आयोग ने स्पष्ट कहा कि अवैध प्रवासियों के नाम अंतिम निर्वाचन सूची में नहीं शामिल किए जाएंगे। यह 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी, इसके लिए ऐसे लोगों की उचित जांच एक अगस्त के बाद की जाएगी। चुनाव आयोग अंततः भारत भर में विदेशी अवैध प्रवासियों को हटाने के लिए मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा करेगा, जिसमें उनके जन्म स्थान की जांच की जाएगी। चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के 38 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और 963 सहायक ईआरओ (एईआरओ) सहित क्षेत्र स्तरीय टीमों की निर्वाचन अधिकारी की ओर से बारीकी से निगरानी की जा रही है। चुनाव आयोग के इन प्रयासों के साथ ही सभी राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त 1.5 लाख बीएलए भी घर-घर जाकर हर मौजूदा मतदाता को शामिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

## देशभर में मतदाता सूची संशोधन का काम शुरू

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अगले महीने से पूरे भारत में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारी शुरू कर दी है। यह पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा।

■ बिहार में बवाल के बाद उठे थे 'सुप्रीम' सवाल

■ यह बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा ही होगा

चुनाव आयोग की तरफ से यह कदम उस समय उठाया गया है जब पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने इसे संविधानिक दायित्व करार दिया और चुनाव आयोग को बिहार में इस प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी।

बता दें कि, चुनाव आयोग के इस फैसले के खिलाफ कुछ विपक्षी पार्टियों और अन्य संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में इस पुनरीक्षण के खिलाफ चुनौती दी थी, उनका कहना था कि इससे योग्य नागरिकों को वोट डालने का अधिकार मिल सकता है।

अब कुछ राज्य चुनाव अधिकारियों ने उन राज्यों में आखिरी बार किए गए विशेष पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को सार्वजनिक कर दिया है। दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में आखिरी बार पुनरीक्षण हुआ था।

उत्तराखंड में 2006 में आखिरी पुनरीक्षण हुआ था, और अब उस वर्ष की सूची राज्य की वेबसाइट पर है।

चुनाव आयोग ने कहा है कि 28 जुलाई को बिहार मामले की सुनवाई के बाद, वह देशव्यापी पुनरीक्षण पर अंतिम निर्णय लेगा। इस प्रक्रिया के तहत विदेशी अवैध प्रवासियों को उनके जन्मस्थान की जांच करके हटाया जाएगा।

### बिहार में इस साल और इन राज्यों में 2026 में चुनाव

वहीं राज्यों में विधानसभा चुनाव की बात करें, तो बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जबकि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल में विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग का देशव्यापी मतदाता सूची पुनरीक्षण करने का फैसला बांग्लादेश और म्यांमार समेत कई राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

## अमरनाथ यात्रा में तीन बसें टकराईं, 10 श्रद्धालु घायल

**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के खुडवानी क्षेत्र में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमरनाथ यात्रा काफिले के दौरान तीन बसों की आपस में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 10 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा टैचलू क्रॉसिंग के पास उस समय हुआ जब बालटाल की ओर जा रहे यात्रा काफिले की तीन बसें आपस में टकरा गईं। एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल सभी श्रद्धालुओं को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। कैमोह अस्पताल के एक डॉक्टर ने जानकारी दी कि करीब नौ श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार देने के बाद सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अनंतनाग रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर ने बताया सभी घायल श्रद्धालुओं की चोटें मामूली हैं और उनकी हालत स्थिर है।

## दिल्ली : नशे में धुत ऑडी चालक ने सो रहे पांच लोगों को कुचला

**नई दिल्ली।** वसंत विहार इलाके में नौ 8 और 9 जुलाई की देर रात नशे में धुत एक तेज रफ्तार ऑडी कार चालक ने फुटपाथ पर सो रहे पांच लोगों को कुचल दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक कार

■ भागने की कोशिश में ट्रक से भिड़ा दी कार

समेत भागने की कोशिश की, लेकिन उसकी कार एक ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस ने कार चालक शेखर (40) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उधर पुलिस ने घायलों लाधी (40), उनकी बेटी बिमला (8), पति साबामी उर्फ चिरमा (45), राम चंदर (45) और उसकी पत्नी नारायणी (35) को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मेडिकल जांच में कार चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ शराब के नशे में लापरवाही से वाहन चलाने से हुआ हादसा का मामला दर्ज कर लिया है। दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि घटना 8 और 9 जुलाई की देर रात करीब 1.45 बजे हुई थी। घायल होने वाले दोनों परिवार के सदस्य मूलतः राजस्थान के रहने वाले हैं और मजदूरी करते हैं। घायल साबामी ने पुलिस को बताया कि घटना के समय सभी फुटपाथ पर सो रहे थे। इसी दौरान सफेद रंग की कार ने उन्हें कुचल दिया। घटना के बाद चालक कार समेत भाग गया। इसी दौरान एक शख्स उनके पास आया और कागज पर कार नंबर दिया।

## शुभांशु की वापसी यात्रा आज, अंतरिक्ष में हुआ विदाई भोज

### कल दोपहर 3 बजे समुद्र में उतरेगा एक्सिओम-4 दल



**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में 18 दिनों तक वैज्ञानिक प्रयोग करने के बाद अब भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और उनके तीन अन्य साथी अंतरिक्षयात्रियों के लिए विदाई और भोज का समय आ गया है। एक्सिओम-4 मिशन का यह दल सोमवार को पृथ्वी पर वापसी की तैयारी कर रहा है।

एक्सिओम-4 मिशन में कुल चार अंतरिक्ष यात्री हैं। जिसमें क्रू- कमांडर पेगी व्हिटसन, पायलट शुभांशु शुक्ला, पोलैंड के निवासी और मिशन विशेषज्ञ स्लावोस्ज उज़्नांस्की-विस्निवस्की, हंगरी के निवासी और मिशन विशेषज्ञ टिबोर कापु शामिल हैं। ये दल सोमवार को भारतीय समयानुसार शाम 4.35 बजे (सुबह 7.05 ईटी) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना होगा। भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि एक्सिओम-4 दल 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे (भारतीय समयानुसार) पर समुद्र में उतरेगा। शुक्रवार और शनिवार को सभी अंतरिक्षयात्रियों ने मिलकर विदाई से पहले एक विशेष भोज का आयोजन किया। अंतरिक्ष में फिलहाल कुल 11 यात्री हैं - 7 एक्सपीडिशन 73 मिशन के और 4 एक्सिओम-4 मिशन के हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री जॉनी किम ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने एक्सिओम-4 दल के साथ जो भोजन किया, वह सबसे यादगार शामों में से एक थी। इस भोज में रिहाइड्रेटेड झींगा कॉकटेल और क्रैकर्स स्टार्टर के तौर पर था, वहीं मुख्य व्यंजन में चिकन और बीफ फजिटास, जबकि मिठाई के तौर पर ब्रेड, गाढ़ा दूध और अखरोट से बनी केक दी गई थी।

## पटना में अब बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** पटना में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जहां एक हफ्ते के भीतर दो हाई-प्रोफाइल हत्याओं ने पूरे शहर को चौंका दिया है। व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के सदमे से लोग उबरे भी नहीं थे कि अब शेखपुरा गांव में भाजपा नेता सुरेंद्र केवट की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस घटना ने बिहार की राजधानी में सुरक्षा

■ एक हफ्ते में दूसरी बड़ी घटना

व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 52 वर्षीय सुरेंद्र केवट की हत्या बिहटा-सरमेरा स्टेट हाईवे के किनारे उनके खेत के पास की गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात लगभग 9 बजे, केवट अपने खेत पर सिंचाई के लिए लगाए गए पानी के पंप को बंद करने गए थे। जब वह अपनी बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी शेखपुरा गांव के पास दो बाइक सवार हमलावरों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने केवट को बेहद करीब से चार गोलियां मारीं और मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल केवट को उनके परिवारजन तुरंत पटना एम्स ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पीपरा थाना प्रभारी (एसएचओ) आरके पाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, और पुलिस हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ-साथ तकनीकी निगरानी का भी सहारा ले रही है। पटना में एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी सनसनीखेज हत्या है। इससे पहले, व्यवसायी गोपाल खेमका की गांधी मैदान के पास उनके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इन दोनों वारदातों ने आम जनता में भय का माहौल बना दिया है और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिए हैं।

## तैयारी : अब ट्रेन के हर कोच में लगेंगे चार सीसीटीवी कैमरे



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे अब यात्रियों की सुरक्षा को लेकर 360-डिग्री निगरानी सिस्टम अपनाने जा रही है। यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से रेलवे ने सभी यात्री कोचों और इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला किया है। यह निर्णय कुछ रूट्स पर कैमरों की सफल टेस्टिंग के बाद लिया गया है। इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी

■ डेटा प्राइवेसी भी रहेगी सुरक्षित

वैष्णव और राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक की। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी कि नॉर्दर्न रेलवे के लोको और कोचों में किए गए ट्रायल सफल रहे हैं।

इसके बाद रेल मंत्री ने 74,000 कोचों और 15,000 इंजनों में कैमरे लगाने की अनुमति दे दी है। हर कोच में 4 डोम-टाइप कैमरे लगाए जाएंगे। दो-दो प्रवेश द्वारों पर, हर इंजन में 6 कैमरे होंगे। आगे, पीछे और दोनों तरफ। वहीं, कैबिन (फ्रंट व रियर) में एक-एक डोम कैमरा और दो डेस्क-माउंटेड माइक्रोफोन लगाए जाएंगे। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि कैमरे केवल सामान्य आवागमन वाले हिस्सों में लगाए जाएंगे, जैसे कि कोच के दरवाजों के पास। इसका उद्देश्य यात्रियों की निजता बनाए रखते हुए सुरक्षा बढ़ाना है। रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैमरे 100 किमी/घंटा या उससे अधिक गति से चलने वाली ट्रेनों में भी साफ़ वीडियो कैप्चर करें और कम रोशनी में भी बेहतर प्रदर्शन दें। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि एसटीक्यूसी सर्टिफाइड आधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही, इंडियाएआई मिशन के सहयोग से सीसीटीवी डेटा पर एआई आधारित विश्लेषण की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी, जिससे संदिग्ध गतिविधियों को तेजी से पहचाना जा सके। रेलवे का यह कदम न सिर्फ यात्रियों की सुरक्षा को नया स्तर देगा, बल्कि संघठित आपराधिक गिरोहों और ठगों पर लगाम लगाने में भी मदद करेगा।

## कोलकाता आईआईएम रेप केस : एसआईटी गठित

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) कोलकाता में हुए कथित बलात्कार मामले की गहन जांच के लिए एक 9 सदस्यीय

■ पिता का दावा बलात्कार नहीं हुआ

विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। इस मामले के मुख्य आरोपी महावीर टोप्पनवर उर्फ परमानंद जैन को 12 जुलाई को 19 जुलाई तक 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। कोलकाता पुलिस के अनुसार, डीसी साउथवेस्ट डिवीजन ने मामले की जांच के लिए 9 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक महिला क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट द्वारा हरिदेवपुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराने के बाद शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब कथित पीड़िता के पिता ने बलात्कार के आरोपों को खारिज कर दिया।

शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि उनकी बेटी को एक दुर्घटना में चोटें आई हैं।

उन्होंने कहा, शुक्रवार रात करीब 9.40 बजे मुझे अपनी बेटी का फोन आया। उसने बताया कि वह एक वाहन से गिर गई है, बेहोश हो गई है और उसे चोटें आई हैं। बाद में, मुझे पता चला कि उसे एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेरी बेटी से मिली जानकारी के आधार पर, पुलिस जैसा दावा कर रही है, वैसा कुछ भी नहीं हुआ।

## 'मल्लाहों का चक्कर छोड़ो, तैर के दरिया पार करो'

### नज़र और नज़रिया

**नवकांत ठाकुर**

**'तूफानों से आंख मिलाओ/ सैलाबों पर वार करो/मल्लाहों का चक्कर छोड़ो/ तैर के दरिया पार करो।'** राहत इंदौरी साहब का यह शेर तब अधिक प्रासंगिक हो जाता है जब सैलाब और तूफान सरीखी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी लगातार आगे बढ़ते रहने के दौरान सहारा देकर ऊपर की ओर खींचने वाले हाथ कम होते जाते हैं और टांग पकड़ कर नीचे खींचने वालों की तादाद बढ़ती चली जाती है। हालांकि ऐसे दौर का सामना हर आगे बढ़ने वाले को करना ही होता है। चाहे वह कोई व्यक्ति हो, संस्था हो, समाज हो या राष्ट्र। कुछ ऐसे ही दौर का सामना भारत को भी करना पड़ रहा है जब स्वघोषित वैश्विक मल्लाह हमें दरिया पार करने में मदद करने से आनाकानी करने के साथ ही ऐसी तरकीबें भी भिड़ा रहे हैं ताकि हम ऐसे भंवर में फंस जाएं जिससे उबरने में अपनी पूरी ताकत गंवा बैठें। हालांकि यह स्वाभाविक है कि जब बकौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हमारा देश दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनॉमी बनने की तरफ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है तब उनके सीने पर सांप लोटेगा ही जो हमसे महज दो पायदान ही ऊपर रहेंगे। हालांकि अपनी अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन का विस्तार देकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद भी दूसरे पायदान पर खड़े चीन की अर्थव्यवस्था भारत से तकरीबन साढ़े तीन गुना और पहले पायदान पर खड़े अमेरिका की इकॉनॉमी चीन से भी लगभग दो गुनी बड़ी रहेगी। यानी तीनों के बीच अंतर इतना अधिक होगा जिसे पाटकर आगे बढ़ने के लिए आपस में गलाकाट प्रतिस्पर्धा करनी पड़ेगी, जिसमें अपने आकार में विस्तार करना ही काफी नहीं होगा बल्कि दूसरे को घसीटकर नीचे भी गिराना पड़ेगा। हालांकि भविष्य के कांटे को वर्तमान में ही जड़ से उखाड़ देने की कोशिशों के तहत इस संघर्ष की शुरूआत हो चुकी है। इसे भारतीय परिप्रेक्ष्य में देखें तो आत्मघाती पाकिस्तान को 'चीन से घी और अमेरिका से मट्ठा' यूं ही नहीं मिल रहा, सरहद पर स्थित आतंक के अड्डों को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की नौबत यूं ही नहीं आई, लिखित समझौते के तहत बयाना उठाने के बाद भी सामरिक तकनीक व उपकरणों की आपूर्ति करने में अमेरिका यूं ही हीला–हवाली नहीं कर रहा, भारतीय उत्पादों पर मोटा आयात शुल्क लगाने से लेकर भारत की राजनीतिक स्थिरता के वट–वृक्ष की जड़ में मट्ठा डालने का हर मुमकिन प्रयास यूं ही नहीं हो रहा। यूं ही चीन ने भारत को क्रिटिकल रेयर अर्थ मिनरल्स की आपूर्ति बाधित नहीं की है, मानसून की शुरूआत के ऐन मौके पर चीन ने यूं ही डेढ़ लाख टन स्पेशल फर्टिलाइजर की उपलब्धता बाधित नहीं की है। वैसे यूं ही यानी इत्तेफाक से कुछ होता भी नहीं है। चाहे वह प्रधानमंत्री मोदी का तीसरी दुनिया के कमजोर एवं पिछड़े देशों का दौरा हो, पाकिस्तान स्थित गुप्त अमेरिकी सामरिक अड्डों एवं परमाणविक भंडार गृहों का ब्रह्मोस द्वारा चुंबन लिया जाना हो, अदृश्य तरीके से उड़ान भरने के लिए विख्यात पांचवीं पीढ़ी के अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ–35 को 'ट्रैक एंड ट्रेस' ही नहीं बल्कि तकनीकी तौर पर पंक्चर कर दिया जाना हो, अरुणाचल के मुख्यमंत्री प्रेमा खांडू द्वारा चीन के बजाय तिब्बत को भारत का पड़ोसी बताया जाना हो या फिर कुछ ऐसा करना जिसके लिए युद्धविराम के बाद ईरान द्वारा सबसे पहले भारत का शुक्रिया अदा किया जाना हो। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के शब्दों में कहें तो– **'सच है, विपत्ति जब आती है, कायर को ही दहलाती है, सूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते, विघ्नों को गले लगाते हैं, काँटों में राह बनाते हैं।'** 'जैसी नज़र, वैसा नज़रिया।'

## मणिपुर : पुलिस से लूटे हथियारों को स्नाइपर राइफल में किया अपग्रेड

**इंफाल।** मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों से जुड़े उग्रवादी समूह 2023 में पुलिस से लूटे गए कई हथियारों को स्नाइफर राइफल में बदल रहे हैं। विरोधी समुदायों को निशाना बनाने के लिए दूर तक मार करने वाले हथियारों को तैयार किया जा रहा है। पुलिस शस्त्रागार से छह हजार से अधिक हथियार लूटे गए थे, जिनमें .303 राइफल, एके-सीरीज की हमला करने वाली राइफल, आईएनएसएएस राइफल और छोटे आकार की कार्बाइन बंदूकें शामिल थीं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि .303 राइफल आमतौर पर करीब 500 मीटर तक सही निशाना लगा सकती है।

### शव मिलने से मचा हड़कम्प

**हमीरपुर।** अवगत कराना है कि आज थाना ललपुरा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पौथिया के पास स्टेट हाइवे के बगल में अज्ञात शव मिलने की सूचना थाना ललपुरा पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर थाना ललपुरा पुलिस साथ मौके पर मौजूद है। फील्ड यूनिट टीम के द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। थाना पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया शव के शरीर पर जाहिराना चोट के निशान नहीं पाए गए। शव की शिनाख्त श्यामू पुत्र कमलेश (उम्र करीब 21 वर्ष) निवासी ग्राम कलौलीतीर थाना कोतवाली नगर के रूप में की गई है। प्रकरण में अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

## विधायक ने नवनिर्मित ब्रम्हा कुमारी पाठशाला भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया



**बांगरमऊ।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने आज़ क्षेत्र के ग्राम अतरधनी में नवनिर्मित ब्रम्हा कुमारी पाठशाला भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हम सब का पिताए गुरु और शिक्षक सिर्फ एक परमपिता परमात्मा शिव है।

उद्घाटन समारोह में विधायक श्री कटियार ने ब्रम्हा कुमारी बहनों को साक्षात देवी की उपाधि दी। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी संस्था प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनें ही तपस्वी मूरत हैं और इन्हें परमपिता परमात्मा से सीधे ज्ञान प्राप्त हुआ है। उन्होंने वचन दिया कि वह जल्द ही संस्था के मुख्यालय माउंट आबू के सानिध्य में पहुंचकर आत्मा और परमात्मा का ज्ञान तथा ज्ञान प्राप्त करेंगे। ब्रम्हा कुमारी सेंटर बांगरमऊ की संचालिका ब्रण्कुण्सरला बहन ने पाठशाला के लोकार्पण हेतु समय निकालने के लिए विधायक श्री कटियार को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि एक बार परमात्मा के अवतरण स्थल माउंट आबू अवश्य पधारें और गीता के भगवान का प्रवचन अवश्य सुनें। उनके परमात्म ज्ञान प्राप्त करने से विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि संपूर्ण जिले के लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आत्मा में संकल्प चलते रहते हैं। किंतु श्रेष्ठ संकल्प से हमारे संस्कार परिवर्तित होते हैं। उन्होंने विधायक श्री कटियार से परमपिता परमात्मा के सानिध्य में जाने के श्रेष्ठ संकल्प को पूरा करने की अपील की। नवनिर्मित भवन ब्रह्माकुमारी केंद्र को समर्पित करते हुए रामसनेही ने सभी से ज्ञान और योग की शिक्षा प्राप्त करने हेतु केंद्र पर नियमित आने की अपील की। इस अवसर पर जिज्ञासुओं के लिए चरित्र निर्माण आध्यात्मिक प्रदर्शिनी भी लगाई गई। लोकार्पण के बाद सरला बहन ने आध्यात्मिक स्लोगन का मोमेंटो भेंटकर श्री कटियार को सम्मानित किया। समारोह मे पंजाब से पधारे बीण् केण् हरेंद्र कुमार एअवधेश गुप्ताए राम दिनेश कुशवाहा कोटेदारए रामसरनए रामजसए विकास कुशवाहाए रेखाए वीरेंद्रए राजेश गुप्ता व सुमन सहित सैकड़ों जिज्ञासु उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो पशुओं की मौत



**बांगरमऊ।** क्षेत्र के ग्राम नैनसुख खेड़ा में शनिवार की रात मूसलाधार बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस और एक पड़िया मर गई। पशुपालक के अनुसार दोनों पशुओं की कीमत करीब एक लाख रुपए है। शनिवार की रात 12 बजे से लेकर 3 बजे तक बिजली की तेज गरज के साथ मूसलाधार बारिश हुई। ग्राम सकरौली के मजरा नैनसुख खेड़ा निवासी विजय शंकर राठौर पुत्र चंदन की एक भैंस और एक पड़िया मकान के सहन में स्थित झोपड़ी के निकट बंधी थीं। तेज बारिश के दौरान रात करीब एक बजे अचानक भीषण गर्जना के साथ आकाशीय बिजली दोनों पशुओं पर आ गिरी। जिसकी चपेट में आकर दोनों पशुओं की मौत हो गई। पशु मालिक ने दोनों पशुओं की कीमत करीब एक लाख रुपए बताई है। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने घटना की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। बांगरमऊ के पशु चिकित्सक द्वारा दोनों पशुओं का पोस्टमार्टम कर रिपोर्ट तहसीलदार को प्रेषित की गई ।

# आकाशीय बिजली गिरने से झुलसी बृद्धा की मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** चौकी क्षेत्र के पक्षी विहार रिंग रोड पर बकरी चरा रही बृद्धा पर आकाशीय बिजली गिरने से झुलस गई। जिसे स्वास्थ केन्द्र लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिये भेजा है।

नगर पंचायत के झखरी मोहल्ला निवासी रामदुलारी उर्फ गेंदा पत्नी स्व मेवालाल 65 वर्ष घर से बकरी चराने निकली थी। लगभग तीन बजे वह पक्षी विहार रिंग रोड पर कुलेश्वर मन्दिर के पास बकरी चरा रही थी। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे वह झुलस गई। घटना के बाद कुछ दूरी पर जानवर चारा रहे चरवाह आ गये। और मजमा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ऐम्बुलेंश से उसे स्वास्थ केंद्र लाये। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चौकी इंचार्ज मुकल दुबे ने बताया शव को पीएम के लिए भेजा गया है।



## पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज

फ्तेहपुर चौरासी उन्नाव। महिला ने थाना पुलिस में पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है उसे कोई बहला फुसला कर भाग ले गया है। थाना पुलिस ने शिकायत दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

फ्तेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने थाना पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में कहा है कि वह अपने पति के साथ खेत पर कार्य करने गई थी।जब वह घर वापस आई तो देखा कि घर में उसकी पुत्री मौजूद नहीं है।पीड़िता ने बताया कि उसने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन उसकी पुत्री का कोई पता नहीं चल सका।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि कोई अज्ञात युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है।थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफशिकायत दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश की जा रहीं है

### रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया

**पुरवा ।** कस्बा के बिल्लेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्थित छोटी काशी में रविवार को रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। आचार्य श्याम भूषण त्रिवेदीएकृष्ण कुमार अवस्थीएहरिओम अवस्थीएआशीष तिवारीएअस्तित्व द्विवेदी द्वारा रुद्राभिषेक सुबह दस बजे शुरू किया गया।जिसका दोपहर बाद समापन किया गया।रुद्राभिषेक समापन के बाद हवन कर यज्ञ में आहुति दी गई।हवन के दौरान पहुंची चेयरमैन रेनू गुप्ताएपूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि योगेंद्र द्विवेदी सहित अन्य लोगों ने यज्ञ में आहुति डालकर आशीर्वाद लिया।छोटी काशी के आचार्य विश्वामित्र महराज ने बताया कि श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व रहता है। श्रावण मास में रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव का आशीर्वाद अवश्य मिलता है। इस दौरान रेखा गुप्ताएममताएपुरुषोत्तम चौरसियाएअनिल गुप्ताएपंकजएकपिल आदि लोग मौजूद रहे।

## जूनियर बालक/बालिका वर्ग की जिलास्तरीय प्रतियोगिता



हमीरपुर। आज जूनियर बालक/बालिका वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन किये जाने के निर्देश प्रदान हुये है। जिसके कम में राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम हमीरपुर में आज प्रातः 08:30 बजे जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग फुटबाल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाईनल मैच रटेडियम हमीरपुर एवं श्री विद्या मन्दिर इण्टर कालेज हमीरपुर के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम हमीरपुर ने श्री विद्या मन्दिर इण्टर कालेज हमीरपुर को 5-1 से हराकर स्टेडियम हमीरपुर विजेता रही। जिला स्तरीय जूनियर बालक/बालिका वर्ग टेनिस प्रतियोगिता में अन्डर 18 बालिका युगल वर्ग में मेनका पाल, भावना पाल एवं तनु, श्वेता के मध्य खेला गया। जिसमें मेनका पाल, भादना पाल ने तनु, श्वेता को 10-6 से हराकर मेनका पाल, भावना पाल विजेता रही एवं तनु, श्वेता उपविजेता रही। अन्डर-16 बालिका युगल वर्ग में दुर्गा, अर्पिता एवं अनुषा, प्राची के मध्य खेला गया। जिसमें दुर्गा, अर्पिता ने अनुषा, प्राची को 10-4 से हराकर दुर्गा, आर्पिता विजेता एवं अनुषा, प्राची उपविजेता रही। अन्डर-14 बालिका युगल वर्ग में आनन्दी, साक्षी देवी एवं साक्षी, अंशिका के मध्य खेला गया। साक्षी, अंशिका ने आनन्दी, साक्षी देवी को 10-8 से हराकर साक्षी, अंशिका विजेता रही एवं आनन्दी, साक्षी देवी उपविजेता रही। अन्डर-14 बालक एकल वर्ग में सौरभ एवं आर्यन के मध्य खेला गया। जिसमें सौरभ विजेता रहे एवं उपविजेता आर्यन रहे। अन्डर-14 बालक युगल वर्ग में अभिषेक, सुमित एवं हर्षवर्धन, विविष्वान के मध्य खेला गया। जिसमें अभिषेक, सुमित विजेता रहे एवं हर्षवर्धन, विविष्वान उपविजेता रहे। अन्डर-16 बालक युगल वर्ग में नवदीप, मानव एवं दीवांश, युसुफ के मध्य खेला गया। जिसमें नवदीप, मानव विजेता रहे एवं दीवांश, युसुफउपविजेता रहे। अन्डर-18 बालक युगल वर्ग में ओपिन्स, ओम एवं यशवर्धन, अर्पित के मध्य खेला गया। जिसमें यशवर्धन, अर्पित विजेता रहे एवं ओपिन्स, ओम उपवविजेता रहे। उक्त प्रतियोगिता को सफ्ल बनाने में शैलेन्द्र कुमार, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, मोहित यादव, सलाग, पारितोष दीक्षित आदि द्वारा पूर्ण योगदान रहा। अन्त में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। यह जानकारी जिला क्रीड़ाधिकारी ब्रजेश कुमार सोनी ने दी।

## एक शातिर चोर को गिरफ्तार



**बांगरमऊ।** कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की रकम बरामद की है। पुलिस ने गिरफतार अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर उसे न्यायालय भेज दिया।

नगर चौकी इंचार्ज राजीव भदौरिया ने हमराह सिपाहियों के साथ बीते शनिवार को देर रात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहदानी निवासी नंदलाल उर्फ संजय पुत्र खेमकरन को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की कुल 9 हजार रुपए की रकम बरामद की है। पुलिस ने आज रविवार को गिरफ्तार आरोपी के खिलाफकानूनी कार्यवाही कर उसे अदालत भेज दिया।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो पशुओं की मौत

**फ्तेहपुर चौरासी उन्नाव।** थाना क्षेत्र में बीती रात हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंसों की मौत हो गई। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल ने किसान के नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है। फ्तेहपुर चौरासी क्षेत्र की ग्राम पंचायत सकरौली के मजरा नयनसुख खेड़ा निवासी विजय राठौर पुत्र चंदन राठौर की एक भैंस व एक दो साल की पड़िया घर के बाहर खड़ी नीम के नीचे बंधी थी।शनिवार रात तेज बरसात के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दोनों भैंसों की मौत हो गई।किसान विजय शंकर ने बताया कि भैंसें ही उसकी आय का मुख्य साधन थीं। उन्होंने बताया कि उनकी भैंस हाल ही में बच्चा देने वाली थी। आकाशीय बिजली गिरने से गांव में भय का वातावरण है।सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल कोमल यादव ने किसान के नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

## मौहारी जंगल से चार आरोपियों को गिरफ्तार

**नवाबगंज उन्नाव।** सोहरामऊ थाना पुलिस ने मौहारी जंगल से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक तमंचा 12 बोरए एक अद्धी 12 बोर और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। साथ ही तीन लोहे की नुकीली सरियाए एक हथौड़ी और दो छीनी भी मिली हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में योगेश कुमार ;22द्ध और रमेश कुमार उर्फछोटू ;21द्ध दोनों मौहारी गांव के रहने वाले हैं। वहीं गोविंद कुमार ;17द्ध हिम्मतगढ़ का और कन्हई ;17द्ध बडौर मजरा हिम्मतगढ़ का रहने वाला है।

यह गिरफ्तारी बीती रात करीब 2रू40 बजे की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 313 बीएनएस और 3‧25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## साइबर ठगों ने 2 लाख से अधिक की रकम पार की

**फ्तेहपुर चौरासी उन्नाव।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक के तथा उसके परिजनों के खातों से साइबर ठगों ने 2 लाख से अधिक की रकम पर कर दी। पीड़ित ने थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

फ्तेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम तालिबपुर रहली निवासी महेंद्र कुमार पुत्र बालकृष्ण ने थाना पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में बताया है कि उसका उसकी मां का एवं उसकी बहन का बचत खाता क्षेत्र के काली मिट्टी स्थित पंजाब नेशनल बैंक में है। पीड़ित महेंद्र ने बताया है कि गत माह 2 जून से 4 जून तक उसके उसकी बहन एवं मां के खाते से कई चक्रों में कुल 2 लाख 3 हजार 844 रुपए साइबर ठगो द्वारा निकाल लिए गए। पीड़ित ने शनिवार को थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर न्याय की मांग की है। वहीं थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर शिकायत दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# कानपुर देहात समाचार

## कांवड़ यात्रा के भक्तों को आपात स्वास्थ्य सेवा के लिए मुस्तैद रहेंगी एम्बुलेंस -आदित्य सचान



**माती कानपुर देहात।** श्रावण मास पर कॉवड़ियो को कावड़ यात्रा के दौरान आपातकालीन स्थिति में बेहतरीन किस्म का उपचार देने के लिए जनपद की सीमा से गुजरे हुए विभिन्न मार्गो पर अब 108 वाहनों के साथ डॉक्टरों की एक टीम 24 घंटे पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहेगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा के नोडल अधिकारीध्डिप्टी सीएमओ डॉक्टर आदित्य सचान ने बताया है कि जनपद कानपुर देहात के जिला अधिकारी के निर्देशन परए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर देहात डॉक्टर अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद में संचालित 108 एंबुलेंस वाहनों को जनपद की सीमा से गुजरे हुए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य संपर्क मार्गों पर तथा जनपद में स्थित शिवालयों के नजदीक पूरी मुस्तैदी के साथ स्थान चिन्हित करके 24 घंटे खड़े करने के लिए उपरोक्त एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम प्रबंधक सुनील कुमार एवं इमरजेंसी मैनेजमेंट एग्जीक्यूटिव अभिषेक त्रिपाठी एवं राज गौतम को आदेश दिए गए हैं। श्री सचान ने आगे बताया है कि श्रावण मास में जनपद की सीमा से गुजरने वाले कांवड़ियों को कावड़ यात्रा के दौरान विशेष सहूलियतें देने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह के द्वारा एंबुलेंस वाहनों के साथ डॉक्टरों की टीम आवश्यक दवाइयां की किटों के साथ मौजूद रहने की व्यवस्था की गई है। वहीं उपरोक्त एंबुलेंस सेवा के प्रोग्राम प्रबंधक सुनील कुमार ने बताया है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन पर 108 एंबुलेंस वाहनों को जनपद की सीमा से गुजरे हुए राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य संपर्क मार्गो पर स्थान चिन्हित करके 24 घंटे पूरी मुस्तैदी के साथ खड़े कराने की व्यवस्था की जा रही हैए तथा जनपद के प्रमुख शिवालयों के नजदीक भी उपरोक्त एंबुलेंस वाहन पूरी मुस्तैदी के साथ 24 घंटे खड़े रहेंगे और यह वाहन आपातकालीन स्थिति में शिव भक्तों को अपनी बेहतरीन सेवाएं देंगे। उपरोक्त एंबुलेंस सेवा के इमरजेंसी मैनेजमेंट एजुकेटिव अभिषेक त्रिपाठी ने कहा है कि कावड़ यात्रा के दौरान यदि किसी शिव भक्त को आपातकालीन स्थिति में उपरोक्त एंबुलेंस सेवा नहीं मिल पा रही है। अथवा उपरोक्त एंबुलेंस सेवा का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की समस्या आ रही है तो वह उनके मोबाइल नंबर7905075197ए पर संपर्क कर सकता है। वही रूरा एरसूलाबादए शिवलीए सरवन खेड़ाए गजनेरए डेरापुरए राजपुर आदि लोकेशनों के एमरजैंसी मैनेजमेंट एजुकेटिव राज गौतम ने भी कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले शिव भक्तों से आग्रह किया है कि आपातकालीन स्थिति में अगर उन्हें उपरोक्त एंबुलेंस सेवा का लाभ लेने में कोई समस्या आ रही है तो वह मोबाइल नंबर 91 5197 3581 पर उनसे संपर्क कर सकता हैएएए पूरे श्रावण मास जनपद कानपुर देहात में संचालित 108 एंबुलेंस सेवा आपातकालीन स्थिति में शिव भक्तों की पूरी मदद करने के लिए मुस्तैदी से तैयार है।

## एबीवीपी ने धूमधाम से मनाया 77वां स्थापना दिवस

**-एबीवीपी के पूर्व विभाग संयोजक दिव्यांशु सिसौदिया ने कहा यह संगठन छात्र व राष्ट्रहित में कार्य करता है**

**-प्रान्त छात्र शक्ति संयोजक शिवम पाल ने कहा एबीवीपी छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने में मदद करता है**



**रसूलाबाद कानपुर देहात ।** अखिलभारतीय विद्यार्थी परिषद का के 77वें स्थापना दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमें छात्रों को राष्ट्रप्रेम और नेतृत्व के गुण सिखाने पर जोर दिया गया ।

नगर के आरपीएस इंटर कालेज में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अभाविप के पूर्व विभाग संयोजक दिव्यांशु सिसौदिया ने छत्रों को सम्भोधित करते हुए कहा कि एबीवीपी ने विद्यार्थियों को दिशा देने का काम आजादी के पश्चात जब देश का चिंतन हुआ । राष्ट्रहित के लिए एबीवीपी जैसे संगठन की स्थापना हुई जो छात्र हित व राष्ट्रहित के लिए कार्य कर रहा है । प्रान्त छात्र शक्ति संयोजक शिवम पाल ने कहा कि एबीवीपी की स्थापना 1949 में हुई थी और यह देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है और इसका उद्देश्य छात्रों को राष्ट्र के प्रति समर्पित बनाना और उन्हें नेतृत्व क्षमता का विकास करने में मदद करना है । उन्होंने कहा कि एबीवीपी छात्रों को शिक्षा और जागरूकता के महत्व के बारे में बताता है और छात्रों को राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित करता है । उन्होंने कहा कि एबीवीपी छात्रों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने में मदद करता है । इस मौके पर मुख्य रूप से संघ के जिला संघ चालक राम लखन सविता नगर मंत्री दुर्गेश कुमार शुभ जी के आलावा विद्यालय परिवार के साथ सभी छात्र छात्राएं शामिल रही ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र त्रिपाठी जीतू ने कर सफ्ल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

### पुत्रियों के लापता होने पर दर्ज हुई गुमशुदगी

**माती कानपुर देहात।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि 10 जुलाई को दिन करीब 11 बजे उसकी 23 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए निकल गई ।काफी देर तक वापस न आने पर खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नहीं हुई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है ए वहीं दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 19 वर्षीय पुत्री की 10 जुलाई को शाम 5 बजे बिना बताए कहीं जाने जाने की सूचना पुलिस को दी । पुलिस ने गुम शुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू की है ।

## आठ अदद चोरी के मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, थाना जरिया पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान आज अभियुक्त रफीक पुत्र जुम्मन (उम्र करीब 22 वर्ष) निवासी ग्राम खेडाशिलाजीत थाना जरिया जनपद हमीरपुर के कब्जे से कुल 8 अदद चोरी के मोबाइल बरामद किये गये। अभियुक्त से हुयी बरामदगी के आधार पर थाना जरिया पुलिस द्वारा मुअसं. 125/2025 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त रफीक पुत्र जुम्मन (उम्र करीब 22 वर्ष) निवासी ग्राम खेडाशिलाजीत थाना जरिया जनपद हमीरपुर के कब्जे से 8 अदद चोरी के मोबाइल बरामद हुये है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रोहित कुमार, हेडकांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अभिनव प्रताप सिंह शामिल रहे।

### रेस्टोरेंट में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी'

**रुरा कानपुर देहात।** कस्बा रूरा मे गौर मार्केट के अंदर रॉयल रेस्टोरेंट में युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लीए सूचना से मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम क्यों भिजवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सद्दाम उर्फफारूक 25 मूल रूप से बलरामपुर का निवासी था जिसने संदेह जनक परिस्थितियों में रेस्टोरेंट के अंदर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली ए बताया गया कि मृतक यहीं पर काम करता थाए सूत्रों की माने तो शनिवार की रात्रि परिजनों से बात करने के दौरान उसका मामूली सा विवाद हो गया था रविवार को उसने फांसी लगाकर जान दे दी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## शिक्षा की बदौलत ही मनुष्य प्राप्त कर सकता है कामयाबी की मंजिल -मुलायम



**माती कानपुर देहात।** दुनिया में शिक्षा ही एक मात्र ऐसा धन है जिसको जितना बांटा जाए उतना ही बढ़ता जाता है और सफ्लता की राह कितनी भी कठिन हो लेकिन शिक्षा ग्रहण कर सफ्लता की राह को आसानी से बदला जा सकता है उक्त बात जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव द्वारा यसण्जी ण्एम ण्पब्लिक स्कूल रूरा के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में कहीं गई।

रविवार को रुरा में आयोजित भव्य समारोह में उपस्थित अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के विकास के लिए आवश्यक है शिक्षा के बिना व्यक्ति का जीवन अधूरा रह जाता है मुझे बहुत खुशी है की विद्यालय के खुलने से क्षेत्र के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और इस विद्यालय के माध्यम से गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। अध्यक्षता विजय कुमार बाजपेई ने की तथा प्रबंधक शिव प्रसाद ने आए हुए सभी का धन्यवाद दिया उद्घाटन समारोह में मुख्य वक्ता प्रमुख उद्योगपति एवं चेयरमैन राम जी गुप्ता ए डीण्जीण्सी ण्सिविल गोपाल स्वरूप गुप्ताए रमेश चंद सिंह गौरए प्रदीप त्रिवेदी एअनूप तिवारीए अशोक यादव एजितेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।





# झपकी आने से पुल से नीचे गिरा डंपर, चालक व परिचालक घायल



**-कैंट थाना क्षेत्र के मुरे कंपनी पुल पर हुआ हादसा**

**कानपुर।** रविवार भोर पहर मुरे कंपनी पुल पर एक डंपर अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे गिर गया। हादसे में डंपर चालक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेने के साथ ही पुल पर सुरक्षा के लिहाज से टूटी रेलिंग में बैरिकेडिंग लगा दी है।

कैंट थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि रविवार तड़के एक खाली डंपर कैंट से मालरोड नरोना चौराहे की ओर जा रहा था। इस दौरान वह अनियंत्रित हो गया। इसके बाद रेलिंग तोड़ते हुए सेंट कैथरीन अस्पताल की ओर गिर गया। इस दौरान पुल के नीचे सन्नाटा था। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बता दें कि नीचे तड़के का समय होने के कारण आटो पार्ट की दुकानें बंद थीं। डंपर के गिरने से कानपुर देहात के रानियां निवासी डंपर चालक कृष्णा घायल हो गया। वहीं खलासी पिंटू को भी मामूली रूप से चुटहिल हो गया। इसके बाद सूचना पर घटना डंपर सूचना मालिक भी मौके पर पहुंचा। फिर चालक को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गया। इसके साथ पुलिस ने गाड़ी को क्रेन की मदद रास्ते से हटवाया। इसके बाद पुलिस ने आरोबी की टूटी रेलिंग की जगह सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग लगवा दी। थाना प्रभारी ने बताया कि चालक का उपचार चल रहा है। अनुमान है कि चालक को झपकी आने पर हादसा हुआ है। डंपर को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# रक्षामंत्री के गुरू को गॉड ऑफ ऑनर के साथ किया गया अंतिम संस्कार





- बैंड बाजे के साथ एयरफोर्स के वाहन से निकाली गई शव यात्रा
- पुलिस ने 200 मीटर का रास्ता किया ब्लॉक

**कानपुर।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के गुरु संतोष द्विवेदी का शनिवार देर रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी मिलते ही सैकड़ों लोगों को हुजूम उनके आश्रम के बाहर उमड़ पड़ा। एयरफोर्स के वाहन से उनका शव अंतिम संस्कार के लिए बैकुंठपुर घाट ले जाया गया, जहां जवानों ने उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया।

श्याम नगर स्थित गुरु हरिधाम आश्रम में देर रात श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। आश्रम से 200 मीटर की दूरी पर आने और जाने वाले रास्ते को पुलिस ने वीरेंद्र स्वरूप स्कूल से लेकर मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल तक बेरीकेडिंग लगा कर रास्ता ब्लॉक कर दिया। गुरु संतोष द्विवेदी के निधन पर उनकी बेटियों व भक्तों ने हरे राम हरे कृष्णा का जप किया। गुरु जी की पत्नी मिथलेश द्विवेदी 22 जून 2021 को बीमारी से निधन हो गया था। मृतक गुरु संतोष द्विवेदी की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी अंजू श्याम नगर स्थित बी ब्लॉक में रहती हैं। जबकि संगीता बर्रा विश्व बैंक में रहती हैं। मां के निधन के बाद दोनों बेटी अक्सर पिता की सेवा में चली आती थी। अंजू मिश्रा के पति दामाद जीके मिश्रा डॉक्टर हैं। शिष्य बताते हैं कि दामाद उनका कानपुर से लेकर लखनऊ और अन्य प्रदेशों में भी इलाज कर रहे थे। रक्षामंत्री के गुरु के शव यात्रा बैंडबाजे के साथ निकाली गई, फूलो से सजे एयरफोर्स के वाहन में उनका शव बिठूर के बैकुंठपुर घाट के लिए ले जाया गया, इस दौरान आश्रम के बाहर उनके भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। रोते बिलखते भक्तों ने उनकी अंतिम यात्रा पर पुष्पवर्षा की। निधन की सूचना पर कुलपति विनय पाठक, सीएमओ उदयनाथ, राज्य महिला आयोग सदस्य पूनम द्विवेदी, पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया समेत कई लोग शामिल हुए।

# शिवालयों में देर रात से उमड़ेंगी श्रद्धालुओं की भीड़, तैयारियां पूरी



कानपुर। शिवालयों में सावन के पहले सोमवार को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस प्रशासन के द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आनंदेश्वर मंदिर के महंत अरुण भारती ने बताया सोमवार के दर्शन के लिए रविवार रात 12 बजे से ही दर्शन के लिए लाइनें लगना शुरू हो जाएंगी। इस बार लगभग 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर के स्वयं के वालंटियर तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर मंदिर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनकी निगरानी के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है। पुलिस प्रशासन भी अपने स्तर पर सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग कंट्रोल रूम में निगरानी करेगी। जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के बाहर लगने वाली कटरी के लिए बैरिकेडिंग की गई है। मंदिर के अंदर स्टील के पाइप लगाकर कतारों को व्यवस्थित किया जाएगा। इससे श्रद्धालु आसानी से बाबा आनंदेश्वर के दर्शन कर सकेंगे। बाबा भोलेनाथ यहां आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूरी करते हैं।



## एडीसीपी ने तैयारियों को लेकर मातहतों के साथ की बैठक

कानपुर। श्रावण मास के प्रथम सोमवार प्राचीन शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ एकत्र होगी। इसे देखते हुए रविवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एडीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार पाण्डेय ने मातहतों के साथ बैठक की। एडीसीपी सेंट्रल ने ब्रीफिंग कर कहा कि परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर श्रद्धालुओं की भारी भीड़, सुरक्षा व यातायात नियंत्रण करने हेतु ब्लू प्रिंट को फाइनल रूप दे दिया गया है। सभी को मंदिर पर लगाए जाने वाले पुलिस प्रबंध, भीड़ नियंत्रण, रूट डायवर्जन, सुरक्षा व्यवस्था तथा जनसंपर्क से संबंधित समुचित तैयारियों के संबंध में जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान एडीसीपी साउथ योगेश कुमार, सभी एसीपी व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### अमरनाथ सेवा मण्डल ने किया भण्डारे का आयोजन



कानपुर। श्री अमरनाथ सेवा मण्डल द्वारा रविवार को कलेक्शन सेन्टर वाले स्थान पर एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें विशाल संख्या में बाबा के भक्तों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया एवं अमरनाथ सेवा मण्डल द्वारा किये गये इस कृत्य की भूरि-भूरि प्रसंशा की एवं अनुरोध किया। संस्था के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने सभी भक्तों को आश्वस्त किया कि हमारी संस्था अब लगातार बाबा की मर्जी से ऐसे भण्डारों का आयोजन कराती रहेगी। भण्डारे में प्रमुख रूप से शशिकान्त त्रिपाठी, राजू चोपड़ा, आदित्यकान्त त्रिपाठी, संजय कुमार राजीव तिवारी, नरेश तुलसानी, आनन्द श्रीवास्तव, संजीव गुप्ता, सचिन दुआ समेत कई लोग मौजूद रहे।

### परमट घाट में डूबे युवक का शव महाराजपुर में मिला

कानपुर। शुक्रवार को दोस्त के साथ परमट घाट पर गंगा नहाने गए युवक का शव महाराजपुर के सफीपुर घाट पर उतराता मिला। मृतक की पहचान कर्नलगंज निवासी कृष्णा राव के रूप में हुई है।

मृतक के परिजन बरसाती लाल ने बताया कि कृष्णा शुक्रवार को अपने मित्र अजय के साथ परमट घाट पर स्नान करने गया था। वह उसके बाद वापस नहीं लौटा। शनिवार शाम को महाराजपुर क्षेत्र के सफीपुर गंगा घाट पर उनका शव मिला। ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचित किया। इसके बाद पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रविवार को युवक का पोस्टमार्टम हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घर का माहौल मातम में बदल गया है। घाट पर मौजूद लोगों में भी इस घटना को लेकर दुख और भय का माहौल है। वहीं पुलिस का कहना है कि इस मामले में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जा रही है परिजनों की तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अन्य कार्रवाई की जाएगी।

### कारोबारी के घर नकाबपोश बदमाशों ने पिस्टल तानकर की लूटपाट

**कानपुर।** छोटे मियां का हाता कर्नलगंज निवासी सालिम खान होजरी कारोबारी हैं। सालिम ने बताया कि शनिवार रात 12.30 बजे असलहाधारी तीन नकाबपोश बदमाश घर में घुस गए। वह अपने साथ एक काला बैग भी लेकर आए थे। इसके बाद भीतर से कुंडी लगा ली और तीन साल की बच्ची को गनप्वाइंट पर ले लिया। घर में मेरी पत्नी और तीन साल की बच्ची समेत तीन बेटियां भी थीं। पिस्टल को दिखाते हुए कहा कि ये खिलौना नहीं, पिस्टल है। गोली चली तो जान चली जाएगी। इसलिए घर में जितना कैश और जेवर है। सब निकाल कर दे दो। फिर दो बदमाशों ने सालिम की पत्नी के हाथ से कंगन समेत अन्य जेवरात उतरवा लिए। उसका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद बदमाश कमरे में गए और आलमारी खोलने लगे। इसी बीच बाहर किसी के आने की आहट पर बदमाश भाग निकले। सालिम की पत्नी ने बदमाशों के जाने के बाद शोर मचाया और परिवार के लोगों को कॉल पर जानकारी दी।इसके बाद परिवार और मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान बदमाश अपना बैग भूल गए। सूचना पर एसीपी कर्नलगंज अमित चौरसिया और कर्नलगंज थाना प्रभारी फोर्स मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। एसीपी कर्नलगंज अमित चौरसिया ने बताया कि बदमाशों ने दरवाज़े पर आकर धीरे से आवाज़ दी, जिस पर बड़ी बेटी द्वारा दरवाज़ा खोला गया। व्यक्ति ने परिवार को धमकाते हुए गहनों की मांग की, परंतु किसी प्रकार का कोई सामान या गहना नहीं ले जा सका। जाते समय एक मोबाइल फोन लेकर भागा, जिसे कुछ दूरी पर फेंक दिया गया। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की तलाश की जा रही है।

### खेल-खेल में किशोर ने पाइप से फंदा लगाकर दी जान



**कानपुर।** कल्याणुपर एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। घर की छत पर पड़ोसी के बच्चों के साथ खेल रहे 13 वर्षीय बच्चे ने खेल-खेल में वॉटर लेवल पाइप से फंदा लगा कर जान दे दी। घटना के दौरान बच्चे की मां कमरे में सो रही थी। कुछ देर बाद बड़ा भाई छत पर पहुंचा तो देखा कि बच्चे का शव फंदे से लटक रहा है। सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कश्यप नगर निवासी ओमप्रकाश शर्मा मजदूरी करते हैं। परिवार में पत्नी सपना व तीन बेटे टिंकू अंकित व नारायण है। पिता ओम प्रकाश ने बताया कि आज सुबह काम के सिलसिले में मसवानपुर गए थे। बड़ा बेटा टिंकू निजी काम से घर से बाहर गया था। सपना घर का काम निपटाने के बाद सोने चली गई थीं। अंकित दोपहर को उन्हें खाना देने अस्पताल आया और फिर घर लौट गया। घर पहुंचने पर वह छोटे भाई नारायण व पड़ोस के बच्चों के साथ घर की छत पर खेलने चला गया। खेल-खेल में अंकित ने वॉटर लेवल पाइप से छत पर लगे रोशनदान पर सीढ़ियों पर चढ़ कर फंदा लगा लिया। कुछ ही देर में पाइप से गला कसता चला गया, इस दौरान साथ खेल रहे बच्चे छत से भाग गए। कुछ देर में टिंकू घर पहुंचा तो पड़ोसी बच्चों ने अंकित के छत पर होने की बात कही। टिंकू छत पर पहुंचा तो देखा कि अंकित का शव फंदे से लटक रहा था। उसने शव को फंदे से उतार कर पड़ोस में रहने वाली किराएदार आरती व मां को जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे परिजन अंकित को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची कल्याणपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया है। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि किशोर की आत्महत्या में परिजन कोई कारण नहीं बता सके हैं। फिर भी यह लग रहा है, कि बच्चों के साथ खेल-खेल में किशोर ने यह कदम उठाया।

## बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में हुआ प्रथम जीजा माता सम्मान समारोह का आयोजन



कानपुर। क्रीड़ा भारती की ओर से रविवार को बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में प्रथम जीजा माता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कानपुर के 17 अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं 6 प्रशिक्षकों की माताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सांसद रमेश अवस्थी, मुख्य वक्ता के रूप मे अनिल ओक, अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख संजीव पाठक, अखिल भारतीय नियामक मंडल सदस्य नीतू सिंह, सुनील सिंह ने सभी माताओं का शॉल व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर कुलदीप यादव, पूर्व भारतीय हैंडबॉल कप्तान ज्योति शुक्ला, टीटी खिलाड़ी गीता टंडन कपूर, पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी प्राची पांडेय, अभिषेक सिंह, अभिषेक यादव, सत्यम गिरि गुप्ता, विदुषी मिश्रा, शार्दुल कंदर्प खत्री, आरल द्विवेदी, उत्कर्ष दीक्षित, तान्या झा, पावरलिफ्टिंग कुश चतुर्वेदी, कृष्णा अग्रवाल, प्रशिक्षकों में कपिल पांडेय, नीलम गुप्ता योग, संजय पाल, सतेंद्र यादव, आशीष गौड़ की माताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में योग की सामूहिक प्रस्तुति दी गई, जिसको देख सभी ने खूब तालियां बजाई। इस मौके पर मुख्य वक्ता अनेक ओक ने अपनी बांसुरी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष सत्यम झा ने किया। इस अवसर पर केशव द्विवेदी, ब्रजमोहन सिंह, राकेश राम त्रिपाठी, अरुण दुबे, सौरभ श्रीवास्तव, कमलेश यादव, गगन बाजपेई, डीपी सिंह, नरेश चौधरी, संजय टंडन, सुमित मिश्रा, नीतू कटियार, रोमा चतुर्वेदी, शारदा शुक्ला, धीरेंद्र शुक्ला, मोहन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## विश्व पुलिस और फायर गेम्स में सीआईएसएफ ने किया शानदार प्रदर्शन




कानपुर। बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस और फायर गेम्स 2025 में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने शानदार प्रदर्शन किया। सीआईएसएफ ने 64 पदक जीतकर भारत को 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंचाया। यह प्रतियोगिता 30 जून से 6 जुलाई तक चली। यहा जानकारी चकेरी एयरपोर्ट में तैनात सीआईएसएफ कमांडेंट कुलदीप सिंह राठौर ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 70 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक पुलिस और फोर्स के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सीआईएसएफ के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, ट्रैक एवं फील्ड, तैराकी, कुश्ती, जैवलिन थ्रो और डेकाथलन में प्रतिस्पर्धा की।

हरियाणा के कुश्ती खिलाड़ी एएसआई सनी कुमार ने कुश्ती में 5 स्वर्ण पदक जीते। केरल के एचसी अमरिधेश यू ने तैराकी में 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 6 पदक हासिल किए। बिहार की विजया कुमारी ने दौड़ और रिले स्पर्धाओं में 3 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीते। राजस्थान की उमा चौधरी ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीता। त्रिपुरा की मधुमिता देब ने 400 मीटर रिले में स्वर्ण सहित कुल 4 पदक अपने नाम किए। उत्तर प्रदेश के मुकुल ने थ्रो स्पर्धाओं में 1 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीते। बबीता और केएम सोनम ने कूद, रिले और बाधा दौड़ में कुल 11 पदक जीते। गुरजीत सिंह ने हाई जंप में स्वर्ण, हैमर थ्रो में रजत और डेकाथलन, ट्रिपल जंप, पोल वॉल्ट में कांस्य पदक जीते। कुमारी सोनम ने 1600 मीटर मिक्स्स रिले और 400 मीटर रिले में स्वर्णए,लंबी कूद और पोल वॉल्ट में रजत तथा 100 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता।

फ्लैगः देह व्यापार गिरोह के मामले में चौकाने वाले खुलासे

# डिमांड आते ही संचालक नेपाल, रसिया समेत विदेशी लड़कियां भी करता था सप्लाई

**-गैंग के संपर्क में थी 150 से ज्यादा कॉलगर्ल**

**कानपुर।** कल्याणपुर में पकड़े गए सेक्स रैकेट की जांच में कई चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। गैंग के संपर्क में नाबालिग और टीनएजर्स से लेकर 50 साल तक की 150 से ज्यादा कॉल गर्ल थीं। इतना ही नहीं नेपाल, रसिया की भी कई कॉल सीधे जुड़ी हुई थीं। इस वजह से गैंग डिमांड आते ही विदेशी लड़कियां तक भी उपलब्ध कराता था। पुलिस सेक्स रैकेट के पूरे सिंडीकेट का खुलासा करने के लिए कॉल डिटेल, बैंक अकाउंट समेत कई बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही पुलिस शहर में फैले सेक्स रैकेट के जाल का खुलासा कर सकती है।

बताते चलें कि कल्याणपुर पुलिस ने क्षेत्र के न्यू अशोक नगर गूबा गार्डन के एक घर से चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए दो संचालकों शुभम पटेल उर्फउर्विन और उसके पार्टनर साथी बारासिरोही कल्याणपुर निवासी आशीष पाल उर्फ सुनील को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मौके से एक नाबालिग समेत दो सेक्स वर्कर और 7 ग्राहक को भी दबोचा। इसमें दो ग्राहक नाबालिग थे। पुलिस ने जांच के बाद इन सभी आरोपियों को जेल भेज दिया। मामले की जांच कर रहे एसीपी पनकी शिखर की पड़ताल में कई चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। संचालक शुभम पटेल उर्फउर्विन और आशीष पाल



उर्फ सुनील के मोबाइल की जांच की गई तो 150 से ज्यादा कॉल गर्ल की तस्वीरें और उनका संपर्क सूत्र सामने आया है। इसमें कई नाबालिग और नेपाल, रसिया समेत अन्य विदेशी कॉल गर्ल भी शामिल हैं। अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बना रखे थे। इसी के जरिए लोग इनसे संपर्क करते और फिर उनकी डिमांड के आधार पर कॉलगर्ल सप्लाई की जाती थीं। जांच के दौरान संचालकों के आधा दर्जन बैंक अकाउंट भी सामने आए हैं। संचालकों ने पूछताछ में बताया कि सेक्स रैकेट शुभम के घर से संचालित हो रहा था। यहां पर तो ग्राहक को मनचाही कॉलगर्ल उपलब्ध कराई जा रही थीं, इसके साथ ही व्हाट्सएप से ऑन डिमांड लोगों को उनके ठिकाने पर सिर्फ एक क्लिक पर लड़कियां मुहैया कराई जाती थी। इसके लिए कस्टमर को पहले ऑनलाइन पेमेंट करना होता था। इसके साथ ही पुलिस को इस सेक्स रैकेट से जुड़े कई अहम साक्ष्य मिले हैं। जल्द ही शहर के अन्य सेक्स रैकेट का भी पुलिस खुलासा कर सकती है।

### ऑनलाइन बुकिंग और कॉल गर्ल की होम डिलीवरी

एडीसीपी वेस्ट कपिलदेव सिंह ने बताया कि सेक्स रैकेट संचालित करने वाले शुभम पटेल और आशीष पाल ने कई अलग.अलग व्हाट्सएप ग्रुप बना रखे थे। घर में बने बेसमेंट में लोगों को कमरा उपलब्ध कराते थे। इसके साथ ही आसपास के एक दर्जन से ज्यादा होटलों में भी साठगांठ करके अपने कस्टमर को कमरा उपलब्ध कराते थे। इतना ही नहीं शातिर ऑनलाइन व्हाट्सएप पर कॉल गर्ल की बुकिंग लेते थे और तस्वीर के आधार पर कॉल गर्ल की डिमांड करने वाले ग्राहक के ठिकाने पर लड़कियों को उपलब्ध कराते थे। ये पूरा धंधा ऑनलाइन संचालित होता था।

## खबर एक नज़र

### बाइक सवार बदमाश नारियल विक्रेता से ले भागे 38 हजार



**–नारियल विक्रेता ने के पकड़ने की कोशिश करने पर बदमाश बाइक छोड़कर भागेए थाना सजेती क्षेत्र के अज्योरी में हुई दिन दहाड़े घटना**

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के अज्योरी गांव के बाहर दो लोगों के साथ खड़े नारियल विक्रेता को दिनदहाड़े अपना शिकार बनाया। बाइक से आए दो बदमाशों ने उसके पास गाड़ी रोककर पहले चाचा कहकर नमस्ते किया। साथ ही पैर भी छुएए इससे पहले वह कुछ समझ पता उसकी जेब में नारियल लाने को रखे 38 हजार निकाल लिए। जेब हल्की होने का एहसास होने पर जब नारियल विक्रेता ने बदमाशों को साथियों के साथ पकड़ने की कोशिश की तो वह बाइक छोड़कर भाग गए। नारियल व्यापारी ने जब थाने पहुंचकर पुलिस को सारी दास्तान बताई तो दिन दहाड़े हुई घटना को सुनकर पुलिस के होश उड़ गए।अज्योरी निवासी वीरेन्द्र कुमार पुत्र स्वव रघुराज ने पुलिस को बताया कि वह गांव के ही रहने वाले दो साथियों के साथ चन्द्र?पालए व शिवमंगल के साथ कानपुर चकर मंण्डी से नारियल लेने जा रहे थे। तीनों लोग गांव के बाहर सड़?क किनारे सवारी का इन्तजार कर रहे थे। तभी हमीरपुर की तरफ से आए अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने बाइक रोक कर कहा कि चाचा नमस्ते !और झुक कर बाकायदा पैर भी छुए। इसी बीच उसकी जेब से 38 हजार निकाल लिए। जेब हल्की होने पर जब मैंने उन को पकड़ा तो दोनों बाइक छोड़कर भाग निकले। जब तक पुलिस बदमाशों की तलाश में मौके पर जाती तब तक बदमाश पुलिस की पकड़ से दूर भाग चुके थे। सजेती पुलिस बदमाशों द्वारा छोड़ी गई बाइक पड़े नंबरों से घटना को अंजाम देने वालों का पता लगाने में जुटी थी ।

### संचारी रोगों की रोकथाम को घर घर शुरू हुआ दस्तक अभियान



**–अभियान का नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने लगा असरए 11 से 31 जुलाई तक चलेगा दस्तक अभियान**

**घाटमपुर।** संचारी रोगों के नियंत्रण व दस्तक अभियान शुरू होने के साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाव की देख रेख में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू हुआ संचारी रोगों के नियंत्रण के अभियान के साथ अब दस्तक अभियान भी रफ्तार पकड़ने लगा है।11 जुलाई से शुरू हुआ दस्तक अभियान 31 जुलाई तक चलाया जाना है। जिसका असर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई देने लगा। खुद मुख्य चिकित्साधिकारी ड्रीप प्रति दिन शाम को चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा करने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं।इस सम्बंध में तैयार किए गए खाके को स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका परिषद द्वारा अमली जामा पहनाया जाने लगा है।जिसमे 11 से 31 तक दस्तक अभियान चलाने के दौरान लोगों को संचारी रोगों से बचाव के तौर तरीके बताने के साथ जागरूक किया जाने लगा है। वहीं स्थानीय निकाय यानी पालिका सीमा के प्रत्येक वार्डों में सभासदों के साथ संवेदीकरण बैठक 25 जुलाई तक अधिशाषी अधिकारी की अध्यक्षता में कराया जाना सुनिश्चित किया गया है।चिकित्साधीक्षक डाक्टर कैलाश चन्द्र ने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए आशा बहुओं के साथ एएनएम घर घर जाकर दस्तक दे रहीं हैं। साथ ही सभी को बचाव के उपाय बता रही हैं।

### महिला समेत दो को सांप के काटने से बिगड़ी हालत

घाटमपुर। सांपों के काटने की बढ़ती संख्या पर लोगों में दहशत बढ़ने लगी है। शनिवार को जहरीले सांप के काटने से हुई दो मौतों को लोग भूल भी न पाए थे कि कस्बे के नौबस्ता पश्चिमी वार्ड निवासी शिवरानी 55 पत्नी देशराज को सांप के काटने पर परिजन इलाज केलिए सीएचसी ले कर आए। वहीं जनपद फतेहपुर के थाना चांद पुर के कच्चेहरा निवासी राम कुमार 45 को सांप के काटने पर परिजन इलाज केलिए सीएचसी घाटमपुर लेकर आए। जहां शिवरानी के किए गए उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर घर जाने दिया गया।वहीं राज कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद उर्सला अस्पताल रेफर किया गया।

## जेल जा चुके युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**ऽथाना क्षेत्र के अलियापुर के पास हाइवे पर रविवार की सुबह हुई घटना**

**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के अलिया पुर गांव के पास रविवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि मृतक शराब का लती होने के साथ अपराधिक प्रवृत्ति का था। उसे सजेती पुलिस एक बार आर्म्स एक्ट में जेल भी भेज चुकी थी।

साढ थाना क्षेत्र के शूल पुर निवासी नितिन उर्फ मोहित सचान 25 अविवाहित था। उसके पिता का निधन हो चुका था। मां भी मानसिक बीमार रहती है। पुलिस ने बताया कि उसने अपनी तीन बीघे जमीन भी बेच चुका था।उसका अज्योरी गांव आना जाना रहता था। रविवार को भी वह अज्योरी से घाटमपुर की ओर बाइक से जा रहा था। तभी अलियापुर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि युवक अपराधिक प्रवृत्ति का होने के साथ शराब व नशे का आदी था। वह आर्म्स एक्ट में जेल भी जा चुका था ।

## सावन का पहला सोमवार आजए सज धज कर तैयार हो गए शिवालय

**–घाटमपुर अस्पताल रोड स्थित बारीश्वर महादेव मंदिरए निबिया खेड़ा स्थित भद्रेश्वर महादेव मंदिरए कुष्मांडा देवी स्थित शिव मंदिर में भी उमड़ेगी भक्तों की भारी भीड़**

**घाटमपुर।** सावन के पहले सोमवार के चलते मंदिरों में शिवलिंग के साथ मंदिरों की भव्य सजावट की गई। गुब्बाराए झालर व फूलों की लड़ियों से पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया। मंदिर आने वाले भक्तों के लिए मालियों ने भी बेलपत्रए फूलए धतूरे फल की तैयारियां पूरी तरह से कर ली हैं। श्रावण मास के प्रथम सोमवार होने से भक्तों की भारी भीड़ मंदिरों में शिव दर्शन को इकट्ठा होगी। भोर से ही दूर दूर से आकर सभी भक्त जन भूत भावन भोले नाथ की आराधनाए पूजा व अर्चना स्तुति करेंगे। घाटमपुर क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में मेला सा माहौल हो जाता है। साथ ही हर हर महादेव की आवाज से शिवालय गुंजायमान होने लगते हैं। क्षेत्र के पतारा स्थित बाबा बैजनाथ मंदिरए



सजेती स्थित बिहारेश्वर महादेव मंदिरए करचुलीपुर स्थित औलेश्वर महादेव मंदिरए घाटमपुर अस्पताल रोड स्थित बारीश्वर महादेव मंदिरए निबिया खेड़ा स्थित भद्रेश्वर महादेव मंदिरए कुष्मांडा देवी स्थित शिव मंदिरए बिरसिंह पुर के मठेश्वर मंदिरए भीतरगांव के झारखंडेश्वर मंदिरए बीहूपुर के पातालेश्वर व परौली के शिव मंदिर आदि शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी।

फूलए मालाए प्रसाद आदि की दुकानें भी लगनी शुरू हो गई हैं। पूरे मंदिर परिसरों में भक्ति सा नजारा देखने को मिलेगा। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कमर कस ली है। सभी शिव मंदिरों के आसपास फैली गंदगी की साफसफाई का भी काम जोरों से किया गया।

## जोनल निरंकारी बाल समागम का हुआ आयोजन




**हमीरपुर।** आज सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी मंडल शाखा हमीरपुर द्वारा मुख्यालय के रमेड़ी स्थित वरदान रेजीडेंसी गेस्ट हाउस हमीरपुर में विशाल जोनल निरंकारी बाल समागम का आयोजन हुआ। इस विशाल बाल समागम में हजारों की संख्या में बाल संत व श्रद्धालु पहुंचे। इस समागम में हमीरपुर जिले के मौदहा, बिंवार, सुमेरपुर, राठ, झांसी, ललितपुर, मऊरानीपुर, महोबा, बांदा, अतर्रा, नरैनी, चित्रकूट एवं कर्वी इत्यादि के बाल संत मौजूद रहे। इस जोनल बाल समागम की अध्यक्षता आगरा से पधारे ब्रह्मवेता महात्मा शिखर महेंद्रू जी ने की।

महात्मा शिखर महेंद्रू ने कहा सतगुरू हमें आत्मज्ञान देकर एक अच्छा इंसान बनाते हैं। जीवन में चाहे जो भी बनो-डाक्टर, इंजीनियर या कलाकार-सब स्वीकार्य है। लेकिन सबसे जरूरी है। इंसान बनना। उन्होंने कहा कि मानव जीवन प्रभु प्राप्ति का माध्यम है और सतुगुरु वह दृष्टि प्रदान करते है। जिससे हर घट में परमात्मा के दर्शन हो सके। महात्मा जी ने बच्चों को 'मैं और मेरी के अहंकार से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बच्चे ही संसार का भविष्य है। निरंकारी मिशन द्वारा बच्चों में बचपन से ही प्यार, नम्रता, सदभावना, मानवता, भाईचारा वाले संस्कार दिये जा रहे है। सतुगुरु बाल मन में मानवीय मूल्यों के बीज बो रहे है। जो जीवन को सार्थक बनाते है। सीखने की कोई आयु नहीं होती, और बच्चे इस मंच के माध्यम से जो कुछ सीख रहे है। वह हम सभी के लिए भी प्रेरणा का श्रोत है। हमीरपुर जिला संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी ने कहा कि यह समागम बाल संतों को भी सेवा, सिमरन और सत्संग से जोड़ने का एक जीवंत माध्यम है। जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रखी जा सकती है। संत निरंकारी सत्संग अपनी प्रत्येक शाखा में नियमित बाल सत्संग, युवा सत्संग, महिला सत्संग, सपरिवार सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से भविष्य के सुंदर मानव समाज से सज्जित संसार का निर्माण कर रहा है। अंत में सभी का अभिनंदन व स्वागत किया तथा बच्चों द्वारा दिए गए सतगुरु के संदेश की भरपूर सराहना की। समागम का संचालन बहन रिया एवं बहन निहारिका ने किया। बाल संतो द्वारा समागम में गीतों, विचारों व नाटकों के माध्यम से प्यार, करुणा, एकत्व व भाईचारे का संदेश दिया गया। बच्चों ने सहज और सरल भाषा में निरंकार की भक्ति को सजीव रूप से प्रस्तुत किया।

## बैठक आयोजित

**हमीरपुर।** आज संस्कार भारती की साधारण सभा की पुनर्गठन की बैठक जिलाध्यक्ष शिवकरन सिंह सरस के आवास में हुई। इस बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में अत्री दीक्षित प्रांतीय मंत्री ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके जिला संयोजक शिवकरन सिंह सरस का मनोनयन सर्वसम्मति से किया और निर्देश दिया कि एक माह के भीतर 19 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन करना सुनिश्चित कर प्रांतीय नेतृत्व को सूचित करे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश चंद्र आर्य सिद्धांत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि हरिराम निरपेक्ष ने की। इस मौके पर सभी कवि साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किए और कविताएं भी पढ़ी। इस मौके पर संस्कार भारती के निवर्तमान महामंत्री रामप्रकाश सविता, कोषाध्यक्ष रामप्रताप साहू, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद सविता, कवि नीतिराज सिंह यादव, सर्वोदय साहित्य सेवा संस्थान के प्रबंधक कमल किशोर कमल, राजेंद्र सविता, वकील चंद्रशेखर अग्निहोत्री, देवनारायण सोनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि कैलाश चंद्र सोनी ने किया।

## शार्ट सर्किट से लगी आग

**हमीरपुर।** अवगत कराना है कि आज समय लगभग 3 बजे रात्रि में चंद्रशेखर पुत्र गनेश प्रसाद अहिरवार निवासी मोहाल बुधौलियाना कस्बा थाना राठ के घर पर विद्युत शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। जिससे आवेदक व उसके परिजनों को मालूम हुआ तो उसने फायर ब्रिगेड को सूचना दी सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझा दी गई। आवेदक की स्कूटी कुछ इलेक्ट्रिक सामान जल गया है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

## गमछे से बुजुर्ग का झूलता शव देख परिजनों के उड़े होश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के बरूई अकबरपुर गांव में मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे बुजुर्ग ने खेतों में जामुन के पेड़ में गमछे से झूलकर आत्महत्या कर ली सुबह चारपाई पर न देख तलाश परिजनों ने तलाश शुरू की तो बुजुर्ग का शव खेतो में जामुन के पेड़ से गमछे के सहारे लटकता देख होश उड़ गए परिजनों ने मामले की सूचना साढ़ पुलिस को दी शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बरूई अकबरपुर निवासी मनोज ने पुलिस को बताया कि उसके पिता छविनाथ साहू 86 कुछ दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे देर रात खाना खाकर बाहर ही सोए थे सुबह जब परिजन जागे तो उन्हें चारपाई पर न देख तलाश शुरू की तो उन्हें खेतो में जामुन के पेड़ से गमछे के सहारे लटकता देख होश उड़ गए रोते बिलखते परिजनों से साढ़ थाना पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## खेत में गश खाकर गिरे किसान की मौत से मचा कोहराम

स्वतंत्र भारत संवाददाता

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव में खेत देखने गया किसान अचानक गश खाकर गिर गया जब तक परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचते तब तक उसकी मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई।जानकारी के अनुसार गंभीरपुर निवासी मनीराम 60 पुत्र बाबूलाल धान रोपाई के लिए खेत देखने गए थे जहां अचानक गश खाकर गिर पड़े नजदीक ही धान की रोपाई कर रहे मजदूरों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी जब तक परिजन उसे लेकर सीएचसी भीतरगांव पहुंचते उसकी मौत हो गई जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्राण विभाग, कानपुर देहात।

पता :–.209, विकास भवन, माती, कानपुर देहात।
ई–मेल– eeredkanpurdehat@gmail.com

पत्रांक– 366/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं0–01/अनु0सहायक/2025–26 दिनांकः 08.07.2025

**ई–प्रोक्योरमेन्ट अल्प कालीन निविदा सूचना (चतुर्थ काल)**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिषासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड –कानपुर देहात के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से *ई–टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिषत दर के आधार पर नीचे दर्षाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेंन्ट के साथ संलग्न बिल आफ क्वाटिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित हैं, जी.एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा।

विधायक निधि–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवष्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्शाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कानपुर देहात | ग्राम लालपुर शिवराजपुर में चन्द्रभान के घर से ब्रम्हदेव बाबा तक 224.00 मी0 इ0ला0। | 12.824 | 0.26 | 766.00 | 02 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 15.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारम्भ करन की तिथि एवं संमयः–16.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे से ।
ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए प्रारम्भ तिथि/समयः– 16.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे से।
ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समयः– 23.07.2025 को प्रातः 12:00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 23.07.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे।
5. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
निविदा आन–लाइन वैब साइट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
6. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भलीभॉति पढ़ लें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–कानुपर देहात
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

उ0प्र0 235897 दिनांक- 10.07.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड जालौन स्थान उरई।

पत्रांकः– 410/ल0सिं0/लेखा/नि0–मु0ल0सिं0यो0रू0रे0वा0हार्वे0प्र0स्था0/2025–26 दिनांकः– 07.07.2025

**अल्पकालीन ई–टेन्डरिंग सूचना सं0– 12/अधि0अभि0/2025–26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु निम्नलिखित कार्यो के लिये ऑन लाईन प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस–बिड/फाइनेन्शियल बिड शासनादेश संख्या 1600/62–2–2018–2/4(49)/2006 दिनांक 26.08.2019 में दिये गये प्राविधान के अनुसार सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत/सूचीबद्ध ठेकेदारों अथवा लघु सिंचाई विभाग के ऐसे ठेकेदारों जिन्हें 02 वर्ष कार्य का अनुभव हो और उनके विरूद्ध कोई जॉच लम्बित न हो। ऐसे फर्म/ठेकेदार जो समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हो, से दिनांक 16.07.2025 को 10:00 बजे से दिनांक 21.07.2025 को 17:00 बजे तक निम्नानुसार रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापना कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 22.07.2025 को 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन डाउनलोड की जायेगी, एवं प्री–क्वालीफिकेशन बिड में जॉचोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड दिनांक 24.07.2025 को 11.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन डाउनलोड की जायेंगी। किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से यदि निविदा खोला जाना सम्भव नही हो पाता है तो तकनीकी खराबी दूर होने या समस्या के समाप्त होने के उपरान्त ही निविदा खोली जायेगी। अवकाष की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। यह निविदायें कार्य स्थल के अनुमोदन एवं वित्तीय, प्रशासनिक स्वीकृति की प्रत्याषा में आमंत्रित की जा रही है। जिनके अनुबन्ध गठन की कार्यवाही उपरोक्तानुसार स्वीकृतियॉ प्राप्त होने के उपरान्त ही की जायेंगी।

मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्र्तगत रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापना निर्माण कार्य :–

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अविध | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 +स्टेशनरी चार्ज सहित (रू0 में) | सिंचाई विभाग में पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | राजकीय क0उ0प्रा0वि0 डकोर(कम्पोजिट) (अनु0) | डकोर | 2.66 | विल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.27 | 03 माह | 677.00 | सी एवं उच्च |
| 2 | उच्च प्राथमिक विद्यालय, आगनवाड़ी पंचीपुरा कलां (अनु0) | कोंच | 2.72 | | 0.27 | 03 माह | 677.00 | सी एवं उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट सूचना विभाग की वेबसाइट एवं ई–टेण्डर पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्तें निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी, जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical Evaluation by tender committee will be done offline. Envelope/sealed envelope financial bid will be opened only for those tenders who will qualify the technical bid. The Financial bid will be opened online at 11:00 on dated 24.07.2025

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड, जालौन स्थान उरई।

उ0प्र0 235850 दिनांक- 10.07.2025
Web.: www.upidadv.gov.in


## राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी 16 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय पर करेगी धरना-प्रदर्शन



**कानपुर ।** रविवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की बैठक शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क बगिया गेट नंबर चार में सम्पन्न हुई बैठक में आसरा आवास में फर्जीवाड़ा न्यायालय राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश के आदेश के अनुपालन में आसरा आवास योजना सजारी के पात्र दिव्यांगों को आवास आवंटित न करने कानपुर नगर के सभी विभागों में दिव्यांगजन अधिनियम 2016 का अनुपालन न करानेए पुलिस थानों में दिव्यांग उत्पीड़न की रिपोर्ट न दर्ज करने पुलिस थानों सरकारी संस्थानों में रैम्प की व्यवस्था न होने फेरी निती के तहत दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए चौक चौराहों फुटपाथ पर स्थान व दुकान आवंटित न करनेए गरीब दिव्यांगों के अन्त्योदय राशन कार्ड बनवाकर राशन व आयुष्मान योजना का लाभ न दिलाने आरक्षण कोटे के तहत सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में दिव्यांगजनों को आवंटित न करने दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए आटो का परमिट जारी न करने अनाधिकृत रूप से आटो टैम्पो चार व दो पहिया वाहन चलाने वालों बिना ड्राईविंग लाईसेंस वाहन चलाने वालों ओवर लोड सवारी बैठानें वालों पर कठोर कार्यवाही न करने व एच ब्लाक चौराहा किदवई नगर कानपुर नगर शनी मंदिर चौराहा में नगर निगम द्वारा खोदे गए गड्ढे को बन्द न कराने के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर 16 जुलाई को धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि जिलाधिकारी को कई बार ज्ञापन के माध्यम से मांगों को पूरा करने के लिए कहा गया लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की 18 जनवरी को दिये गये ज्ञापन में अपर जिलाधिकारी नगर ने सम्बंधित विभागों को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा था विभागों कि उदासीनता के चलते आज तक किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है जिला प्रशासन दिव्यांगजनों को नौकरी रोजगार स्वस्थ शिक्षा सुरक्षा के प्रति संवेदनशील नहीं है राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी इसके विरोध में 16 जुलाई को विरोध प्रदर्शन कर मांगों को पूरा करने की मांग करेगी आज कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जिला अध्यक्ष राहुल कुमार महिला मोर्चा अध्यक्ष अल्पना कुमारी गुड्डी दीक्षित अरविन्द सिंह वैभव दीक्षित गौरव कुमार रंजीत कुमार गोमती वर्मा किशन अवस्थी जौहर अली आदि लोग उपस्थित रहे।

# फतेहपुर समाचार

## किशोरी को सर्प ने डसा

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करसवां में रविवार की सुबह खेत में काम रही 19 वर्षीय युवती को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार करसवां गांव निवासी दिनेश की पुत्री नीतू सुबह खेतो में काम कर ही थी। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनो को हुयी तो तत्काल उसे सरकारी एम्बुलेंस ने द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## सावन आज, मंदिर व शिवालयों में गूंजेगा हर-हर महादेव

**- भोले बाबा की भक्ति में लीन होगा दोआबा**

**फतेहपुर।** श्रावण मास का पहला सोमवार कल मनाया जाएगा। शिवालयों में घंटा घड़ियाल के साथ बम-बम भोले, हर-हर महादेव के नारे गुंजायमान होंगे। सावन में भक्तों की व्यवस्थाओं को लिए शिवालयों में रविवार को शाम तक तैयारियां जोरों पर चलती रहीं। सावन का पहला सोमवार पड़ने से भक्तों की भीड़ उमड़ेगी।

सावन को लेकर महादेव के दरबार सज गए हैं। मंदिरों में तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। शहर के तांबेश्वर मंदिर समेत जिले के सभी सिद्धपीठ एवं शिवालयों में सावन का पहला सोमवार पड़ने के कारण व्यवस्था को दुरुस्त कराया गया है। सुबह-सुबह शिव मंदिरों में अभिषेक होगा।

शहर ओम नम शिवाय की जद में होगा। गंगाजल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद से भगवान का स्नान कराया जाएगा। बताते चलें कि सनातन धर्म में श्रावण महीने का बहुत महत्व है। शिव पुराण के अनुसार भगवान शंकर ने शास्त्रियों को वरदान दिया था कि जो भी भक्त श्रावण मास में उनकी पूजा, आराधना एवं नित्य अभिषेक करेगा और बेलपत्र चढ़ाएगा। उनके समस्त मनोकामना पूर्ण होगी। सावन महीने में ओम नमरू शिवाय का जाप भर करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

ऐसे करें भोलेनाथ की पूजाः सावन में भगवान भोले की विशेष रूप से पूजा की जाती है। पुजारियों की मानें तो शुरुआत महादेव के अभिषेक से होती है। अभिषेक में महादेव को जल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगाजल, गन्ना रस आदि से स्नान कराया जाता है। अभिषेक के बाद बेलपत्र, समीपत्र, दूब, कुशा, कमल, नीलकमल, ऑक मदार, जंवापुल, कनरे, राई फूल से शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। इसके साथ ही भोग के रूप में धतूरा, भांग और श्रीफल चढ़ाया जाता है।

## मंदिर निर्माण को लेकर दो गुटों में तकरार

- सीओ सिटी व तहसीलदार के समझाने पर साथ में पूजा में हुए शामिल

**फतेहपुर।** चौक स्थित श्रीहनुमान मंदिर प्रबंधन कमेटी का दावा करने वाले पप्पन रस्तोगी व राम प्रकाश गुट उस समय आमने-सामने आ गए जब पप्पन रस्तोगी गुट की मंदिर निर्माण धर्मशाला व बेसमेंट में दुकान बनाये जाने की घोषणा के बाद रविवार को भूमि पूजन शुरू किया गया। मंदिर प्रबंधन का दावा करने वाले दूसरे गुट की ओर से राम प्रकाश गुप्ता समेत अन्य लोग निर्माण कार्य पर नाराजगी जताते हुए भूमि पूजन का विरोध करने लगे। दोनों गुटों के आमने-सामने आने व ज़ोरदार नारेबाजी शुरू होने से कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गयी। सूचना पर पहुंचे भारी पुलिस बल ने किसी तरह दोनों पक्षों को समझाकर विवाद शांत करने की कोशिश की।



विवाद को शांत करने में हिन्दू संगठनों से बजरंग दाल के प्रान्त उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, आदर्श व्यापार मंडल उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, अखिल भारत हिन्दू महासभा के उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी समेत संभ्रांत लोगों के समझाने की मशक्कत करते रहे लेकिन दोनो पक्ष राजी नहीं हुए। मौके पर पहुचे शहर कोतवाल तारकेश्वर राय दोनों पक्षों को कोतवाली लेकर आये और मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीओ सिटी व तहसीलदार भी सदर कोतवाली पहुंचे। दोनों पक्षों व हिन्दू संगठनों से बातचीत के बाद निर्माण कार्य रोकने व अधूरी पूजा को पूरी करने की आम सहमति बनाई गयी। पुलिस व प्रशासनिक स्तर पर बातचीत के बाद दोनो पक्ष कोतवाली से वापस हो गये एवं सामूहिक रूप पूजा में शामिल हुए।

डीएम से मिलकर मंदिर निर्माण की राह करेंगे आसानः मंदिर कमेटी प्रबंधन के अध्यक्ष पप्पन रस्तोगी ने कहा कि श्री हनुमान मंदिर की भूमि पर उनकी कमेटी बेसमेंट में दुकाने ग्राउंड फ्लोर पर पर भव्य हनुमान मंदिर जिसमे राम दरबार व श्री कृष्ण दरबार का निर्माण कार्य कराएगा। साथ ही ऊपरी मंज़िल पर समाज हिट के लिए धर्मशाला का निर्माण कराएगा।

हमारी कमेटी असली दूसरे गुट का कब्ज़ा अवैधः राम प्रकाश गुट का कहना है कि उनकी कमेटी असली कमेटी है। मंदिर का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। मंदिर निर्माण को लेकर उनका कोई विरोध नही है बल्कि दुकानों के निर्माण को लेकर है। उन्होंने दूसरे गुट पर मन्दिर परिसर का प्रयोग पटरी पर दुकान लगाने वाले लोगों की वस्तुओं को रखवाने के लिए किराए पर देने का आरोप लगाया।

## भाकियू टिकैत गुट ने की पंचायत, संगठन मजबूती पर दिया बल

**बिंदकी, (फतेहपुर)।** बिंदकी तहसील परिसर में रविवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की एक पंचायत हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह मौजूद रहे। उन्होंने संगठन मजबूती पर बल देते हुए बताया कि नवल सिंह पटेल को यूनियन का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा अशोक उत्तम को यूनियन का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाने के लिए प्रस्ताव किया गया। जल्द ही उनकी घोषणा की जाएगी। कहा कि लगातार संगठन को मजबूत किया जाएगा। किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त डीएपी तथा यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है जिसके कारण किसान परेशान है। समितियों में डीएपी व यूरिया खाद के साथ नैनो यूरिया किसानों को जबरन दी जा रही है यह बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि खाद की प्राइवेट दुकानों में किसानों को बहुत ऊंचे दाम में खाद दी जा रही है ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



इसके अलावा किसानों को बिजली नहीं मिल पा रही। नहरो में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। जिसके कारण किसान परेशान है। बरसात के मौसम में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशुओं का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण पशुओं में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि समस्याएं हल नहीं होगी तो यूनियन के लोग सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने का काम करेंगे। इस मौके पर देवनारायण पटेल, यदुनंदन आर्य, कप्तान सिंह, सुरेंद्र सिंह, राजेश कुमारी उत्तम, ममता गुप्ता, छोटेलाल सोनकर, मन्नीलाल सोनकर, अनूप सैनी, रमाशंकर सूर्यवंशी, जय सिंह यादव, मुशीर हुसैन, भैरव प्रसाद, छोटेलाल, गुड़िया देवी, मिथिलेश गौतम, राधेश्याम, चंद्र गोविंद दुबे, इखलाक अहमद, राकेश कुशवाहा, हीरालाल प्रजापति तथा जवाहर पटेल आदि मौजूद रहे।

## दो करोड़ के ग़बन का मामला, केंद्र प्रभारियों को रिमांड में लेगी पुलिस

**विजयीपुर (फतेहपुर)।** धान खरीद केंद्र किशनपुर में लगभग दो करोड़ के धान घोटाले की जांच कर रही पुलिस अब जेल में बंद केंद्र प्रभारियों को रिमांड में लेने की तैयारी कर रही है। जाँच में किन-किन किसानों के खातों में रकम भेजी गई और मिलर्स के पास कितना बकाया है, इन सभी बिंदुओं की तह तक जाने के लिए प्रश्नों की सूची तैयार की जा रही है। ख़बर है कि जल्द पुलिस इनको डिमांड में लेने की अदालत में अर्जी डालेगी। बता दें की मछली शहर जनपद के सुजानगंज निवासी प्रेम प्रकाश भारती पर बीते साल किशनपुर गल्ला मंडी में विपणन शाखा द्वारा खोले गए धान खरीद केंद्र में 02 करोड़ से अधिक का धान ग़ायब करने का आरोप है। मामले में विभागीय जांच के बाद दोषी पाए गए केंद्र प्रभारी जेल में है। धन गबन के दो करोड़ रुपए बंटवारे के संबंध में जानकारी के लिए पुलिस केंद्र प्रभारियों को डिमांड पर लेने की तैयारी की कर रही है। केंद्र प्रभारी के ज़रिए पुलिस उन फर्जी किसानों पर भी शिकंजा कस सकती है जिनके खातों में केंद्र प्रभारी ने फर्जी फ़ीगर लगाकर मोटी रकम भेजी है लेकिन बाद में यह किसान रकम हड़प गए हैं। विवेचक को केंद्र प्रभारी ने इस बात की भी जानकारी दी है, कि मिलर्स के पास करीब 900 कुंतल धान का पैसा शेष है। पुलिस इन सभी तथ्यों को सामने लाने के लिए रिमांड की तैयारी कर रहे है। किशनपुर थानाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने बताया कि धान गबन के आरोप में जेल में बंद केंद्र प्रभारी को रिमांड में लेकर पूछताछ करने का प्रयास है।

## ग्रामौद्योगिक इं.कॉ. भरसवां के प्रबंधक बने योगेश चंद्र अवस्थी



**फतेहपुर।** दयानंद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश बाजपेई की देखरेख एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक अविनाश आनन्द के पर्यवेक्षण में ग्रामौद्योगिक इंटर कॉलेज अशोक नगर भरसवां की प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से योगेश चन्द्र अवस्थी को प्रबंधक, काशी प्रसाद मिश्र को अध्यक्ष, ओम प्रकाश शुक्ल को उपाध्यक्ष, लक्ष्मी शंकर दीक्षित को उप प्रबंधक, कोषाध्यक्ष राम सजीवन सिंह को घोषित किया गया। प्रबंध कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में प्रभात शुक्ल, आलोक द्विवेदी, मुदित मिश्र, शिवस्नेही सिंह, करुणा शंकर एवं पवन कुमार दीक्षित को घोषित किया गया। विद्यालय परिसर में संपन्न हुए चुनाव के बाद चुनाव अधिकारी ने नव मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## बस स्टाप ज्वालागंज का जाम बना नासूर

- पिकेट में तैनात पुलिस कर्मी करते खानापूर्ति

**फतेहपुर।** शहर क्षेत्र में जाम की समस्या कोई नई बात नहीं है। इस समस्या को लेकर कई बार आवाजे भी उठी लेकिन कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए जिसके चलते यह समस्या अब कोढ़ में खाज की तरह हो गई है। बात की जाए तो शहर क्षेत्र के ज्वालागंज रोडवेज बस स्टाप के समीप जाम की समस्या प्रतिदिन की है, क्योंकि यहां रोडवेज परिवहन निगम का बस स्टाप परिसर है। यह परिसर सिर्फ नाम मात्र का है। इस परिसर से सिर्फ लखनऊ व बांदा जाने वाली बसों का ही संचालन होता है और इलाहाबाद, बनारस, गाजीपुर, कानपुर, दिल्ली, इटावा समेत अन्य स्थानों को जाने वाली बसें रोड से ही संचालित होती हैं, जिसके चलते जी.टी. रोड पर पूरा दिन जाम का झाम देखा जा सकता है। जैसे कोई बस प्रयागराज जनपद से कानपुर जा रही है तो बस चालक बस स्टाप जीटी रोड तक तो आता है लेकिन वह बस को परिसर के अंदर न ले जाकर प्रवेश द्वार से ही बस को मोड़ने लगता है। ऐसे में अगर पीछे से दूसरी बस आ गई तो जाम लगना स्वाभाविक है, क्योंकि इस जीटी रोड मार्ग पर चार पहिया, दो पहिया समेत ई-रिक्शा बड़ी तादाद में निकलते हैं। उधर जाम से निजात दिलाने के लिए पिकेट ड्यूटी में खड़े पुलिस के जवान भी कोई कदम नहीं उठाते। जिससे यह समस्या रोज की बन गई है। इस मार्ग से आपको निकलना है तो जाम से जूझना ही पड़ेगा। ई-रिक्शा चालकों की मनमानीः बस स्टाप परिसर के इर्द-गिर्द ई-रिक्शा चालकों की भी दिन भर मनमानी देखने को मिलती है। रोडवेज बस के आते ही 15-20 रिक्शा संचालक अचानक से बस के आगे व पीछे अपने रिक्शा को खड़ा कर देते हैं और सवारी बैठाने लगते हैं। ऐसे में जाम लगे इनकी बला से। यह तब तक अपना रिक्शा सड़क से नहीं हटाते जब तक सवारियां रिक्शे में न बैठ जाएं। यह सब समीप में बैठे पुलिस के जवान देखते रहते हैं लेकिन कोई कदम उठाने का प्रयास नहीं करते।

## बांके बिहारी सेवा समिति की बैठक में बनी रणनीति

**- विस्तृत आयोजन के लिए 11 सदस्यीय टीम का गठन**

**- भक्तों को समिति उपलब्ध कराएगी गंगाजल, होगा प्रसाद वितरण**

**- नर्मदेश्वर में होगा निःशुल्क रुद्राभिषेक, दो आचार्य नियुक्त: गर्ग**

**फतेहपुर।** बाँके बिहारी मंदिर में श्रावण मास को लेकर होने वाले आयोजनों के बाबत आज बांके बिहारी सेवा समिति की बैठक हुई जिसमें समिति के व्यवस्थापक प्रदीप गर्ग ने अध्यक्षता करते हुए विस्तृत चर्चा की। श्री गर्ग बताया कि सावन के कल प्रथम सोमवार के अवसर पर कल सुबह 04 बजे से नर्मदेश्वर महादेव का जलाभिषेक शुरू होकर दिन भर और देर शाम संध्या आरती तक चलेगा। बैठक में उन्होंने बताया कि दो आचार्य नियमित मंदिर में मौजूद रहकर मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक करवायेंगे। साथ ही सभी श्रद्धालुओं को दर्शन उपरांत टीका और प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। सावन के अन्य दिनों में कोई भी रुद्राभिषेक करवा सकता है, जो निःशुल्क होगा।



उपयोक्त आचार्य पूरे विधि विधान से रुद्राभिषेक करवायेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम के बाबत श्री गर्ग द्वारा समिति के लोगों को जिम्मेदारी बाटी गई तथा सभी भक्तों के लिए समिति के द्वारा गंगाजल की व्यवस्था की गई है तथा भक्तों को जलाभिषेक करने में किसी भी भक्त को कोई दिक्कत ना हो तथा सभी भक्तों को आचार्य द्वारा जलाभिषेक का कार्यक्रम किया जाएगा। सभी भक्तों को जलाभिषेक के पश्चात प्रसाद भी वितरण किया जाएगा, जिसमें कल की जिम्मेदारी दी गई। समिति के द्वारा सभी पदाधिकारी को आई कार्ड की व्यवस्था की गई है ताकि कोई गलत तरीके से उसका उपयोग न कर सके। कल की जिम्मेदारी में 11 सदस्य टीम का गठन किया गया। समिति के लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की मांग की तथा नगर पालिका से सफाई व्यवस्था के लिए कल मांग की गई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से समिति के व्यवस्थापक/मुख्य सेवादार प्रदीप गर्ग, काली शंकर श्रीवास्तव, घनश्याम गुप्ता, रवि तिवारी, अनिल सिंह गौतम, अमित शरण बॉबी, जीतू श्रीवास्तव, बाबला सोनी, अमित सोनी, बबलू गुप्ता, तरुण पुरवार, कमल सिंह, प्रमोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 393वीं साप्ताहिक काव्य गोष्ठी

**- पावन सावन मास में, बही भक्ति की धार। घर, मंदिर चहुंओर है, भोले की जयकार।।**

**फतेहपुर।** मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 393 वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन के.पी. सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी हनुमान दास उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछवाह ने वाणी वंदना में अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा- हंस वाहिनी सरस्वती,मां, विद्या की खान। बुद्धि विमल कर दीजिए, नव कविता का ज्ञान।।

पुनः कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतर्भावों को प्रस्तुत किया- पावन सावन मास में, बही भक्ति की धार। घर, मंदिर चहुंओर है, भोले की जयकार।। डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया- साहित्य सरोवर है भरा, करते सब स्नान। काव्य लहरियां दे रहीं, सबको उत्तम ज्ञान।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये- शिव की कृपा दृष्टि पाने का, आया है शुभ श्रावण मास। ओम् नमः शिवाय मंत्र जप, पूरन कर लो मन की आश।। डॉ. शिव सागर साहू ने काव्य पाठ में अपने भावों को कुछ इस प्रकार शब्द दिए- आपदा प्रबंधन हो ऐसा, जिससे कोई नुकसान न हो। बादल फटे, धरती कांपे, पर जीवन का अवसान न हो।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक छंद के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये- लव जिहाद का भेड़िया, ओढ़े घूमे प्यार। कितने ही छंगुर डटे, करते करूर शिकार।। आगे पुनः पद्म- शिव शंकर जैसा कहो, किसका हृदय विशाल। माथ कलंकी चंद्रमा, गले व्याल की माल।। कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया ।आयोजक ने आभार व्यक्त किया।

## एनएसयूआई की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

**फतेहपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की एक बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसमें संगठन मजबूती को लेकर जहां चर्चा की गई वहीं संगठन को विस्तारित किए जाने पर बल दिया गया। बैठक का नेतृत्व कांग्रेस नेता हम्माद हुसैन ने किया। बैठक में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद प्रभारी अमित द्विवेदी आजाद का आगमन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए छात्रों से संपर्क स्थापित किया जाए। ज्यादा से ज्यादा छात्रों को संगठन से जोड़ने का काम करें। इसके अलावा संगठन को विस्तारित किए जाने के टिप्स भी प्रदेश उपाध्यक्ष ने दिए। इस मौके पर प्रदेश सचिव सौरभ द्विवेदी, प्रदेश महासचिव शैलेन्द्र सिंह पटेल, आकाश शुक्ला, अखंड प्रताप सिंह, नवनीत तिवारी, अभिषेक कश्यप, बिलाल, इशू अहद ताबिश, शिवांशु, मोहम्मद राशिद, राहुल, हशमत शमीम आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### नौबस्ता गंगा घाट का एएसपी ने किया निरीक्षण

खागा, (फतेहपुर)। सावन माह के पहले सोमवार को लेकर सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के नौबस्ता गंगा घाट का अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र पाल सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। कांवड़ यात्रा और जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए घाट पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, और स्नान के लिए बांस व रस्सी से बनाई गई सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। एएसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित पुलिस बल तैनात किया जाए और घाट की निगरानी लगातार होती रहे। घाट की तैयारियों को लेकर स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड में है और सावन के आगामी सोमवारों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त प्रबंध किए जा रहे हैं। इस मौके पर सीओ बृजमोहन राय, थानेदार टीबी सिंह, उत्कर्ष मिश्रा सहित मौजूद रहे।सोमवार पर गंगाजल उपलब्ध कराएगी समिति

फतेहपुर। गंगा बचाओ सेवा समिति एवं नमामि गंगे द्वारा सावन के प्रत्येक सोमवार को शिवजी का जलाभिषेक करने के लिए गंगाजल उपलब्ध कराएगी। आज समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिंपल ने पदाधिकारियों के साथ भिटौरा के देवघाट में टैंकर में गंगाजल भरवाया। उन्होंने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को सिद्धपीठ श्रीबांके बिहारी मंदिर, सिद्धपीठ श्रीमोटेश्वर महादेव मन्दिर एवं सिद्धपीठ श्री तांबेश्वर मन्दिर में गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे शिवभक्त शिवजी का जलाभिषेक कर सकें। इस दौरान गंगा बचाओ समिति के प्रदेश महामंत्री विनोद कुमार गुप्ता, आशीष मिश्रा, वीरेंद्र साहू, आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट, अभिषेक सैनी, सुरेन्द्र पाठक उपस्थित रहे।

### वार्डो की समीक्षा कर शहर कांग्रेस ने मंडलों के रखे नाम

फतेहपुर। पार्टी को पुनः मजबूती के साथ स्थिर खड़ा करने के उद्देश्य से आज शहर कांग्रेस द्वारा शहरी क्षेत्र के वार्डो का दौरा किया एवं पूरे शहरी क्षेत्र में बने चार मंडलों का नामकरण भी किया। शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने बताया कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व की पहल पर आज शहरी क्षेत्र के वार्डो का दौरा कर वार्ड अध्यक्षों के साथ विचार विमर्श करने के पश्चात पूरे क्षेत्र में बने चार मंडलों का नामकरण भी हुआ। साथ ही वार्ड अध्यक्षों को दो दिन के अंदर ब्लॉक कमेटी देने का निर्देश भी जारी किया गया। उन्होंने आगे बताया कि बीस बूथों में एक मंडल बनाया गया है एवं सभी मंडलों के नाम उस क्षेत्र के प्रसिद्ध स्थान, देव स्थान व पूर्व सैनिकों के नाम पर रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का पुरजोर प्रयास है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में अपनी सरकार बनाकर जनता को महंगाई एवं बेरोजगारी से मुक्ति दिलाएं। वार्ड समीक्षा दौरे में मुख्य रूप से देवी प्रकाश दुबे, पं. रामनरेश महाराज, आदित्य श्रीवास्तव, सै. शहाब अली, अजय कुमार बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, सैयद राशिद अली, नफीस आदि मौजूद रहे।

### उत्तम उद्योग व्यापार मंडल ने रोपित किए पौध

फतेहपुर। रविवार को उत्तम उद्योग व्यापार मंडल ने हाइवे किनारे वृक्षारोपण किया जिसमें अमरूद, सहजन, गुलमोहर, सागौन आदि छायादार वृक्ष शामिल थे। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि पेड़ लगाने का सबसे अच्छा समय बीस साल पहले था। दूसरा सबसे अच्छा समय अभी है। सचमुच, पेड़ हमारी जीवन रेखा है, और उनके बिना, हमारी दुनिया जीवनहीन बंजर भूमि में बदल जाएगी। दुर्भाग्य से वनों की कटाई व्यापक रूप से मरुस्थलीकरण की ओर ले जा रही है। एक जिम्मेदार नागरिक बन हम सभी को अधिकाधिक वृक्ष लगाने चाहिए। जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि वनों की कटाई ग्लोबल वार्मिंग के प्रमुख कारणों में से एक है जिसे सीमित करना चाहिए। वनों की कटाई के स्थान पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। जिला महामंत्री ने वृक्ष रोपित करते हुए कहा कि वृक्ष लगाएं, देश को खुशहाल बनाएं। इस मौके पर मीनाक्षी, अर्वांतिका, संगीता, ओम सिंह, आदर्श भदौरिया सहित स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### तीन वांछितों को पुलिस ने दबोचा

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जनता गांव में बीते शुक्रवार की सुबह साजमा 28 वर्ष पत्नी इसराइल उर्फइसराइल का शव घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में मिला था। इस मामले में मृतक महिला के पिता मोहम्मद इदरीश निवासी मोहल्ला सुनराही गली कस्बा जहानाबाद ने पति सहित ससुरालीजनों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस ने रविवार को बिंदकी कस्बे के मां ज्वाला देवी मंदिर के निकट बाईपास से तीन हत्या आरोपियों मृतक महिला के पति इसराइल उर्फइसरैल 30 वर्ष ससुर सलीम 50 वर्ष पुत्र भूरा उर्फ भूरे शाह व सास मेहरून 48 वर्ष पत्नी सलीम को गिरफ्तार कर लिया।

### बाइकों की भिड़ंत में अधेड़ घायल

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रहिमापुर गांव के समीप बाइकों की हुई भिड़ंत में 55 वर्षीय अधेड़ घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी बैरमपुर गांव निवासी स्व. पृथ्वीपाल का पुत्र मनोज कुमार सुबह बाइक से सब्जी लेने गया था। वापस लौटते समय रहिमापुर के समीप सामने से आ रही बाइक से भिड़न्त हो गयी, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### वार्ड ब्वॉय निलंबित, स्टाफनर्स के सस्पेंशन की संस्तुति

- शिथिलत प्रवेक्षण के लिए सीएचसी अधीक्षक को हटाया

फतेहपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बकेवर में स्वास्थ्य केंद्र का ताला बंद होने के कारण केंद्र के बाहर गर्भवती महिला का प्रसव होने के संबंध में इसकी जांच कराई गई। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्राप्त निर्देश के क्रम में जाँच में दोषी पाए गए कार्मिकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बकेवर के वार्ड ब्वॉय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है एवं वहां तैनात स्टाफनर्स को जिला अस्पताल में अटैच करते हुए एनएचएम को स्टाफनर्स के सस्पेंशन की संस्तुति की गई है एवं वहां तैनात सीएचसी अधीक्षक की जवाबदेही तय करते हुए उनके शिथिल प्रवेक्षण के लिए उन्हें वहां से हटा दिया गया है। बकेवर में अन्य सीएचसी अधीक्षक की तैनाती कर दी गई है। महिला एवं नवजात शिशु के लिए तत्काल चिकित्सा एवं आईसीडीएस विभाग से मिलने वाले चिकित्सकीय व पोषण लाभ से संतृप्त कराया गया है एवं महिला एवं उसके परिवार को सभी सरकारी योजनाओं जिनका वो और उसका परिवार पात्र है से भी संतृप्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में जच्चा एवं बच्चा दोनों पूर्णतः स्वस्थ हैं।

### ईओ की पहल पर विभिन्न प्रजाति के लगेंगे पौधे

खागा, (फतेहपुर)। नगर पंचायत के अंतर्गत गिरजा देवी के पीछे स्थित तालाब में सैलानियों के लिए ऐसी वाटिका तैयार की जाएगी जिसमें पौधे ग्रह और नक्षत्र के अनुसार होंगे। इसका नाम है नक्षत्र वाटिका। इसके अंदर ही नवग्रह वाटिका होगी। इसमें गोल घेरे में 27 नक्षत्रों के प्रतीक पौधे लगाया शामिल हैं। इसको तैयार किए जाने की पहल ईओ देवव्रती पांडेय ने शुरू कर दी है। ईओ ने बताया कि यह पहल उनकी स्वयं की है। डेढ़ हेक्टेयर में बन रही वाटिका छह माह के अंदर बनकर तैयार हो जाएगी। इनमें लगाए गए पौधों का संबंध 27 नक्षत्रों से भी माना जाता है। यह माना जाता है कि नक्षत्र वाटिका में अपने जन्म नक्षत्र के अनुसार पौधे के पास बैठने या ध्यान करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और ग्रहों के नकारात्मक प्रभाव को कम करता है।

### यातायात पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

फतेहपुर। जिले में मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस की ओर से लगातार सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों का चालान भी काटा गया। साथ ही सभी को पंपलेट देकर जागरूक भी किया। एसपी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात एचएल सिंह व प्रभारी यातायात लाल द्वारा सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए 22 जुलाई सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बिना फिटनेस, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन एवं नाबालिक द्वारा ई रिक्शा चलाये जाने वाले, हाइवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया गया। इसके साथ साथ दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट धारण न करने वाले चार पहिया चालक द्वारा सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहनों पर चालान किया गया। आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की गई।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## शिक्षा में सुधार

शिक्षा के क्षेत्र में वैसे तो देश ने काफी प्रगति की है लेकिन यह भी सही है कि अभीष्ट लक्ष्य अभी भी काफी दूर है। यानी इस दिशा में कई काम बाकी हैं। इसे खुद सरकार भी मान रही है। शिक्षा मंत्रालय के 'परख' राष्ट्रीय सर्वेक्षण, 2024 की रिपोर्ट खासकर प्राथमिक शिक्षा में सुधार की जरूरत को रेखांकित करते हुए बताती है कि प्राथमिक शिक्षा अब भी कोरोना महामारी के असर से बाहर नहीं आ पायी है। दिसंबर, 2024 में देश के कुल 781 जिलों के 74,229 सरकारी और निजी स्कूलों में तीसरी, छठी और नौवीं कक्षा के 21.15 लाख छात्रों का मूल्यांकन किया गया। निष्कर्ष से यह पता चलता है कि प्राथमिक स्तर पर सीखने का स्तर अब भी कोविड पूर्व स्तर पर नहीं पहुंचा है। यानी कोरोना ने बच्चों की पढ़ाई पर जो असर डाला था, वह अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है. उदाहरण के लिए, 2024 में भाषा और गणित में कक्षा तीन के छात्रों का प्रदर्शन 2021 की तुलना में तो बेहतर रहा, लेकिन उनके अंक 2017 के कोविड पूर्व स्तर से कम थे। पिछले साल कक्षा तीन के छात्रों ने भाषा में 64 फीसदी का औसत राष्ट्रीय स्कोर दर्ज किया, जो 2021 के 62 प्रतिशत से तो अधिक है, लेकिन 2017 के 66 फीसदी से कम है। इसी तरह गणित में तीसरी कक्षा का औसत राष्ट्रीय स्कोर 60 फीसदी रहा, जो 2021 के 57 प्रतिशत से अधिक, लेकिन 2017 के 63 प्रतिशत से कम था। छठी और नौवीं कक्षाओं का प्रदर्शन तो और भी चिंताजनक रहा, जहां भाषा को छोड़कर सभी विषयों में औसत राष्ट्रीय स्कोर 50 फीसदी से कम रहा। माना जाता है कि छठी और नौवीं कक्षाओं के छात्र उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन इसलिए नहीं कर पाये, क्योंकि महामारी के कारण उन्हें लगभग दो साल का नुकसान हुआ था। रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि छठी कक्षा के मात्र 53 प्रतिशत बच्चे ही 10 तक का पहाड़ा जानते हैं, तीसरी कक्षा के केवल 55 फीसदी बच्चे ही 99 तक की संख्या को क्रम में लिखने में सक्षम हैं, जबकि मात्र 58 फीसदी छात्र दो अंकों का जोड़ और घटाव कर पाते हैं। छात्रों की गणितीय समझ और संख्याओं के उपयोग में तो गंभीर खामियां दिखाई पड़ी ही, स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता में असमानता अब भी एक बड़ी चुनौती है। पंजाब, केरल और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्यों के स्कूलों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा दिखा, पर कुल मिलाकर स्कूली शिक्षा में सुधार की बड़ी आवश्यकता है। शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार के लिए यह सर्वेक्षण बहुत कारगर साबित हो सकता है।

## हुनर के लिए

जीवनयापन के लिए सबसे प्रचलित माध्यम नौकरी के लिए लगातार हो रही तीव्र प्रतिस्पर्धा के बीच बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे नौजवानों को निराशा का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी दयनीय है कि एमए, पीएचडी जैसी उच्च डिग्रियां हासिल करने के बाद भी तमाम युवक दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नौकरी के लिए आवेदन लगाते हैं। कई लोग विभिन्न कारणों से हाईस्कूल-इंटर के बाद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते तो कइयों के लिए तो इतनी शिक्षा भी ले पाना संभव नहीं होता। नतीजन अभावों के बीच और कभी-कभी घोर कर्जों के दबाव तले उनका और परिवार का किसी तरह ही गुजारा होता हैं। विकल्प के रूप में ऐसा हुनर जरूरी हो गया है कि नौकरी न मिलने की स्थिति में छोटे-मोटे रोजगार या कामधंधे से ही अपनी गाड़ी बढ़ा सकें। यूपी सरकार ने इस जरूरत की व्यावहारिकता को समझते हुए स्कूली शिक्षा के स्तर से ही ऐसे कामों के प्रशिक्षण की योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को लकड़ी कार्य, धातु कार्य, ऊर्जा एवं पर्यावरण, कृषि और बागवानी तथा स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलना है। इसका आधार तैयार करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विज्ञान और गणित के शिक्षकों को मल्टी स्किलिंग पर चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है जिससे छात्रों को पढ़ाने के साथ वास्तविक जीवन के लिए भी तैयार कर सकें। साथ ही कौशल आधारित कार्यों के लिए प्रदेश के सभी जिलों के 2274 उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट स्कूलों में आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं जिन्हें 205 प्रकार के आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया है। स्कूलिंग के शुरू से ही औपचारिक के साथ व्यावसायिक शिक्षा देने का यह ऐसा प्रयोग है जो भावी पीढ़ी की प्रतिभाओं को अपनी दिशा में विकसित होने के द्वारा उसे अपने जीवन का मार्ग निर्धारित करने में निर्णायक रूप से मददगार होगा। यह भी स्वाभाविक है कि नई पीढ़ी का एक बड़ा हिस्सा जब इस स्वावलम्बन के साथ मुख्य धारा में उतरेगा तो उसके लिए जीवनयापन एक समस्या नहीं बल्कि सुखद यात्रा का आरंभ होगा। दूरगामी परिणामों का यह निर्णय प्रदेश सरकार की सोच को नए ढंग से सामने लाता है।



## काँव-काँव



♦♦♦

**लखनऊ नगर निगम के नाले में बह गया सुरेश**
सीवेज सिस्टम का ठेका स्वेज इंडिया के हवाले!

**सैंतीस करोड़ के लक्ष्य से ज्यादा हुआ पौधारोपण**
मलिहाबाद में फलदार आमों के बाग गायब!

**कुर्सी सत्ता का सुख नहीं सेवा की चौकी-राजनाथ**
इसीलिये तो नरेश अग्रवाल आज भाजपाई हैं!

**पशुपालकों का जीवनस्तर सुधारेगी सरकार-योगी**
महानगरों से बाहर पहले ही खदेड़े जा चुके हैं!

**पीएम ने 51 हजार युवाओं को दी नियुक्ति**
मतलब इनके विभागों का निजीकरण नहीं होगा

**डॉ. सचान प्राइवेट प्रैक्टिस पर केजीएमयू से बर्खास्त**
हुजूर आते-आते बहुत देर कर दी!

♦♦♦

# एथेनॉल उत्पादन में भारत की उपलब्धि



**- अजीत रानाडे**


भारत का सतत आर्थिक विकास ऊर्जा के इस्तेमाल में वृद्धि के बगैर संभव नहीं है. अगले दो दशकों तक ऊर्जा इस्तेमाल की वृद्धि दर कमोबेश वही रहेगी, जो हमारी आर्थिक वृद्धि दर की रहेगी. हमें घर-परिवारों, फैक्ट्रियों और कार्यालयों के लिए अधिक बिजली की, तो परिवहन क्षेत्र में अधिक ऊर्जा की जरूरत है. देश में बिजली का तीन-चौथाई उत्पादन कोयले से होता है, जबकि शेष उत्पादन सौर, पवन, जल, परमाणु और बायोमास जैसे नवीकरणीय या अक्षत ऊर्जा स्त्रोतों से होता है. कुल बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 50 फीसदी के आसपास पहुंच चुकी है. भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कोयला भंडार है, इसके बावजूद बिजली उत्पादन के लिए कोयले का आयात करना पड़ता है, जिसके लिए देश को सालाना 20 अरब डॉलर या उससे अधिक खर्च करना पड़ता है. कच्चे तेल के इस्तेमाल के लिए भी हम आयात पर निर्भर हैं. कुल इस्तेमाल होने वाले कच्चे तेल का 90 प्रतिशत आयात किया जाता है. पिछले साल हमारा कच्चा तेल आयात 24.2 करोड़ टन रहा. इसके लिए हमें 125 से 150 अरब डॉलर खर्च करने पड़े. कच्चे तेल के बढ़े हुए दामों के कारण हमारे विदेशी मुद्रा भंडार पर भी बोझ बढ़ता है. हालांकि अच्छी बात यह है कि देश से पेट्रोल और डीजल का निर्यात कच्चे तेल के आयात की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है. पिछले साल पेट्रोल और डीजल का कुल निर्यात न सिर्फ 6.5 करोड़ टन रहा, बल्कि इसमें मुनाफा भी ज्यादा मिला. अगले कुछ वर्षों में घरेलू स्तर पर कच्चे तेल शोधन की क्षमता 20 फीसदी बढ़कर 31 करोड़ टन हो जायेगी. तेल शोधन की इस क्षमता में विस्तार घरेलू जरूरत में हो रही वृद्धि से तेज है. यानी देश से पेट्रोल, डीजल का ज्यादा निर्यात होगा और आय बढ़ेगी. ब्राउनफील्ड (पहले से स्थापित उद्योगों) के विस्तार और नयी रिफाइनरियों के निर्माण से कच्चे तेल के शोधन की क्षमता बढ़ी है. चूंकि पश्चिमी दुनिया में रिफाइनरियां बंद हो रही हैं, ऐसे में भारत के लिए इस क्षेत्र में अवसर बढ़ रहे हैं. पश्चिमी महाराष्ट्र में प्रस्तावित एक नयी रिफाइनरी उत्पादन, रोजगार तथा निर्यात को और गति देगी. उस सुखद भविष्य की कल्पना करें, जब भारत की रिफाइनरी क्षमता का 25 प्रतिशत इस्तेमाल निर्यात के लिए होगा. इससे विदेशी मुद्रा के देश से बाहर जाने में कमी आयेगी. हालांकि यह भी सच है कि दुनिया जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल से पीछा छुड़ाने की कोशिश में है. आयात पर खर्च घटाने तथा कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने के लिए भारत पेट्रोल और डीजल में एथेनॉल ब्लेंडिंग या मिश्रण की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रहा है. इथेनॉल गन्ने या मक्का, चावल आदि अनाज से तैयार किया जाता है. वर्ष 2013 से देश में शुरू हुए इथेनॉल ब्लेंडिंग की योजना में काफी प्रगति हुई है. तब एथेनॉल ब्लेंडिंग की दर 1.5 फीसदी थी, जबकि इस साल 20 प्रतिशत का लक्ष्य पूरा हो चुका है. जहां तक मात्रा का सवाल है, तो यह सालाना 30 फीसदी की दर से बढ़ रहा है. एथेनॉल उत्पादन की यह दर देश में पेट्रोल और डीजल की खपत में वृद्धि की दर से अधिक है. इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम (इबीपी) को सरकारी सब्सिडी का लाभ मिलता है. इथेनॉल उत्पादकों को कच्चा माल खरीदने के लिए सब्सिडी दी जाती है और उन्हें जीएसटी भी कम देना पड़ता है. उनके लिए इंटरेस्ट सबवेंशन जैसी योजना है, जिसके तहत एक निश्चित अवधि तक उन्हें ब्याज नहीं चुकाना पड़ता. उन्हें कर्ज भी कम ब्याज दर पर मुहैया कराये जाते हैं. एथेनॉल उत्पादन तकनीक में भारत दुनिया का सिरमौर बन चुका है. इबीपी टारगेट का मतलब है कि तेल विपणन कंपनियों के लिए एक निश्चित लक्ष्य तक एथेनॉल की खरीद अनिवार्य है. फिलहाल देश में एथेनॉल उत्पादन की स्थापित क्षमता 1,810 करोड़ लीटर है, जिनमें से 858 करोड़ लीटर मकई और चावल से, 816 करोड़ लीटर गन्ने या शीरे से और136 करोड़ लीटर गन्ना और अनाज से तैयार किया जाता है.

इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम (इबीपी) के चार महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं- कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना, विदेशी मुद्रा खर्च करने में कमी लाना, कार्बन उत्सर्जन में कमी करना, और कृषि उत्पादन में वृद्धि करना. एथेनॉल ब्लेंडिंग के 20 फीसदी का लक्ष्य पूरा कर चुकने के बाद इबीपी इन चार लक्ष्यों की पूर्ति में कहां तक पहुंचा है, इसे आंकना भी आवश्यक है. पीआइबी (पत्र सूचना कार्यालय) के मुताबिक, 2024 तक कुल दस साल में कच्चे तेल के आयात में 1.8 करोड़ टन की कमी आयी, जो उस अवधि में कुल कच्चे तेल आयात का 0.8 प्रतिशत है. इस दौरान विदेशी मुद्रा के मोर्चे पर करीब 10 अरब डॉलर की बचत हुई. हालांकि धनराशि की यह बचत इस दौरान खर्च की कई कुल विदेशी मुद्रा के 0.5 प्रतिशत से भी कम है. विगत 10 साल के दौरान इबीपी ने कार्बन उत्सर्जन में 5.4 करोड़ टन की कमी लाने में सफलता हासिल की, जो इस दौरान हुए कुल कार्बन उत्सर्जन के एक प्रतिशत से भी कम है. ऐसे ही, जहां तक कृषि क्षेत्र का सवाल है, तो एक दशक की अवधि में किसानों ने एक ट्रिलियन या एक लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त कमाया. इसके अलावा डिस्टलरियों ने भी एक लाख करोड़ रुपये अधिक कमाया. हालांकि गन्ना और मक्का उत्पादकों की आय वृद्धि प्रतिशत में मामूली ही रही. इबीपी ने गन्ना उत्पादकों को एक गारंटीशुदा बाजार मुहैया कराया है. यही कारण है कि गन्ना उत्पादन बढ़ता जा रहा है. हाल ही में सरकार ने एथेनॉल उत्पादन के लिए 50 लाख टन चावल मुहैया कराने का फैसला किया है, जो हमारे वैश्विक निर्यात का नौ प्रतिशत है. चावल और मकई के एक हिस्से को एथेनॉल उत्पादन के लिए देने से हालांकि पोल्ट्री क्षेत्र के प्रभावित होने की आशंका है, जो उत्पादों की कमी के अलावा इनपुट लागत में वृद्धि की समस्या से भी जूझ रहा है. हालांकि इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जा सकती कि इबीपी के कारण ही कभी मकई का आयातक भारत आज मकई निर्यातक बन गया है. पेट्रोल और डीजल के लिए तेल विपणन कंपनियों पर उत्पाद और दूसरे करों का भार 50 फीसदी से भी अधिक है, जबकि एथेनॉल पर टैक्स का बोझ नगण्य है. मतलब यह कि एथेनॉल ब्लेंडिंग के 20 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचने के अलावा भी, जो एक बड़ी उपलब्धि है, इबीपी ने कई महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल किये हैं, जो बड़ी बात है।




## प्रेमचंद की कहानियां

### खून सफेद



जगतसिंह ने फिर जादोराय की तरफ कनखियों से देखा और गम्भीरता से बोले-हिन्दू धर्म में ऐसा कभी नहीं हुआ है। यों तुम्हारे मां-बाप तुम्हें अपने घर में रख लें, तुम उनके लड़के हो, मगर बिरादरी कभी इस काम में शरीक न होगी।। बोलो जादोराय, क्या कहते हो, कुछ तुम्हारे मन की भी तो सुन लें।

जादोराय बड़ी द्विविधा में था। एक ओर तो अपने प्यारे बेटे की प्रीति थी, दूसरी ओर बिरादरी का भय मारे डालता था। जिस लड़के के लिए रोते-रोते आंखें फूट गयीं, आज वही सामने खड़ा आंखों में आंसू भरे कहता, पिता जी। मुझे अपनी गोद में लीजिए और में पत्थर की तरह अचल खड़ा हूं। शोक ! इन निर्दयी भाइयों को किस तरह समझाऊं, क्या करूं क्या न करूं। लेकिन मां की ममता उमड़ आयी, देवकी से न रहा गया। उसने अधीर होकर कहा- मैं अपने लाल को अपने घर रखूंगी और कलेजे से लगाऊंगी। इतने दिनों के बाद मैंने उसे पाया है, अब उसे नहीं छोड़ सकती। जगतसिंह रुष्ट होकर बोले-चाहे बिरादरी छूट ही क्यों न जाय? देवकी ने भी गरम होकर जवाब दिया- हां. चाहे बिरादरी छूट ही जाय। लडके-बालों ही के लिए आदमी आड़ पकड़ता है। जब लड़का हो न रहा तो भला बिरादरी किस काम आवेगी?

इस पर कई ठाकुर लाल-लाल आंखें निकाल कर बोले-ठकराइन ? लेकिन बिरादरी चूं तक न करे ! ऐसी बिरादरी कहीं और होगी! हम साफ-साफ कहे देते हैं कि अगर यह लड़का तुम्हारे घर में रहा तो बिरादरी भी बता देगी कि वह क्या कर सकती है? जगतसिंह कभी-कभी जादोराय से रुपये उधार लिया करते थे। मधुर स्वर से बोले-भाभी ! बिरादरी थोड़े ही कहती है कि तुम लड़के को घर से निकाल दो लड़का इतने दिनों के बाद घर आया है, हमारे सिर, आंखों पर रहे। बस, जरा खाने-पीने और छूत-छात का बचाव बना रहना चाहिए।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**मन मलीन खल तीर्थ ये, यदि सौ बार नहाहिं ।**
**होयं शुध्द नहिं जिमि सुरा, बासन दीनेहु दाहिं ।**

कहते हैं, जिसके मन में पाप का वास हो गया है वह बाहर से कितनी भी कोशिश कर ले खुद को साफ दिखाने का उसका मन वैसा ही रहता है। जैसे बर्तन में रखी शराब आग में झुलसने के बाद भी पवित्र नहीं होता है।

♦♦♦

# अमेरिकी साम्राज्यवाद के प्रबल विरोध का प्रतीक हैं आयतुल्लाह ख़ामनेई



**-तनवीर जाफ़री**

पिछले दिनों ख़ासतौर पर मुहर्रम सम्बन्धी आयोजनों के दौरान भारत सहित दुनिया के और भी कई देशों में 86 वर्षीय ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के पोस्टर लगाये गये। भारत में इस तरह के पोस्टर प्रायः श्रीनगर से लेकर लखनऊ,उन्नाव,बिजनौर,भोपाल व इंदौर जैसे और भी कई शहरों में लगाये गये। इनमें कई जगह तो पुलिस ने इन पोस्टर्स को उतरवा दिया और कई जगहों पर पुलिस ने पोस्टर लगाने वालों को ही समझा बुझा कर इन्हें सार्वजनिक स्थानों से हटाने हेतु प्रेरित किया। भोपाल व अन्य कई जगहों पर तो आयतुल्लाह ख़ामनेई के चित्र के साथ ही भारतीय तिरंगा भी लगाया गया था। बिजनौर में कुछ युवकों द्वारा आयतुल्लाह का पोस्टर फाड़ने की घटना के अतिरिक्त देश की आम जनता की ओर से इन चित्रों को लेकर कोई आपत्ति नहीं सुनाई दी। यहाँ तक कि अनेक जगहों पर शिया सुन्नी हिन्दू व सिख सभी समुदायों के लोग आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के पोस्टर हाथों में लिये देखे गये। परन्तु मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने ज़रूर आयतुल्लाह का पोस्टर लगाने को देश विरोधी व राष्ट्रविरोधी बता डाला। दरअसल ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई पिछले दिनों ईरान, इज़रायल के मध्य हुये 12-दिवसीय युद्ध के दौरान अमेरिकी साम्राज्यवाद का मुंह तोड़ जवाब देने की हिम्मत व क्षमता रखने वाले विश्व के इकलौते नेता के रूप में स्थापित हुये हैं। इस युद्ध में इज़रायल में लगभग 585 लोग मारे गए और 1,326 घायल हुए, जबकि ईरान में क़रीब 230 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। युद्ध के नौवें दिन अमेरिका भी इस्राईल के समर्थन में युद्ध में कूदा और उसने ÷ऑपरेशन मिडनाइट हैमर÷ के तहत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने भी क़तर में अमेरिका के अल-उदीद सैन्य अड्डे पर 6 मिसाइलें दाग़ी। साथ ही यह धमकी भी दे डाली कि वह होर्मुज़ जलडमरू समुद्री मार्ग को बंद कर देगा। यह संक्षिप्त युद्ध कोई मामूली युद्ध नहीं था बल्कि यह मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने निश्चित रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर दिया है । बेशक भारत जैसे कई देशों ने इस युद्ध के दौरान अपना रुख़ तटस्थ बनाए रखा परन्तु भारत में अमेरिकी साम्राज्यवाद व इस्राईली आतंक का विरोध करने वाला एक बड़ा वर्ग भावनात्मक रूप से ईरान व उसके बुलंद हौसलों के साथ जुड़ा हुआ था। ईरान द्वारा इस्राईल व अमेरिका से टकराने की सराहना इसलिये भी की जा रही है क्योंकि मुस्लिम जगत के 56 देशों के असहयोग व अनेक मुस्लिम देशों के अमेरिका व इस्राईल के समर्थन में खड़े होने के बावजूद ईरान ने इस्राईल व अमेरिका की किसी धमकी व हमलों की कोई परवाह किये बिना इनके हर हमलों का जवाब उसी तीव्रता से दिया। ऐसे में अमेरिका व इस्राईल विरोधी भावना रखने वालों का ईरान के पक्ष में खड़े होना स्वाभाविक है। वैसे भी भारत से ईरान के पुराने और गहरे सम्बन्ध रहे हैं। रहा सवाल आयतुल्लाह ख़ामनेई के चित्र को विदेशी नेता का चित्र बताकर इसका विरोध करना, तो यह तो केवल प्रेरणा हेतु व उनके समर्थन में पोस्टर मात्र लगाये गये थे। वह भी आयतुल्लाह ख़ामनेई के शिया समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु होने के लिहाज़ से। परन्तु हमें यह भी नहीं भूलना चाहिये कि इसी देश में अनेक जगहों पर ट्रंप के चित्र लगाकर उनके चुनाव में विजयी होने की प्रार्थना करने हेतु लोग हवन पूजा भी कर चुके हैं। ट्रंप कौन से स्वदेशी नेता हैं ? अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगवाना,यह राष्ट्रभक्ति की कौन से श्रेणी है? हमारे ही देश में क्यूबा के महान क्रांतिकारी नेता अर्नेस्तो चे ग्वेरा को देश में एक वर्ग अपना आदर्श मानता है। उनके पोस्टर लगता है व उनके चित्र की टी शर्ट पहनता है। कारण सिर्फ़ एक है कि इसी महान साहसी युवक ने अमरीका के बढ़ते साम्राज्यवाद को 1950-60 के दशक में कड़ी चुनौती दी थी और उस दौरान अमरीका इसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन समझता था। परन्तु आज अमेरिकी साम्राज्यवाद का विरोध करने वालों की नज़र में चे ग्वेरा एक महान क्रांतिकारी है। भारत में लेनिन व कार्ल मार्क्स के चित्र भी उनके समर्थक लगते रहते हैं। कई जगहों पर तो इनकी आदमक़द प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं।



दुनिया के अनेक देशों में यहां तक कि ब्रिटेन व अमेरिका जैसे देशों में भी महात्मा गांधी,बाबा साहब भीम राव अंबेडकर,पंडित जवाहर लाल नेहरू जैसे कई प्रतिष्ठित नेताओं के चित्रों का इस्तेमाल होता रहता है बल्कि कई जगह उनकी प्रतिमायें भी लगी हुई हैं। गाँधी के चित्र तो अक्सर आज भी दुनिया के अनेक देशों में शांति व अहिंसा सम्बन्धी प्रदर्शनों या मार्च में शांति व अहिंसा का सन्देश देने की ग़रज़ से प्रयोग किये जाते हैं। उस समय कहीं भी कोई ऐसी संकीर्ण आवाज़ नहीं उठाता कि यह नेता तो भारतीय है इनके चित्र यहाँ क्यों ? परन्तु भारत में कुछ लोगों द्वारा आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के चित्र का विरोध करना ज़रूर इस बात को दर्शाता है कि जो वर्ग आयतुल्लाह सैयद अली ख़ामनेई के चित्र से नफ़रत करता है इसका सीधा मतलब है कि वह न केवल अमेरिकी साम्राज्यवाद का समर्थक है बल्कि वह ग़ज़ा में लगभग अस्सी हज़ार बेगुनाहों के हत्यारे इज़राईल व उसके नेता बेंजमिन नितिन याहू के साथ खड़ा है। याद रखना चाहिये कि अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने 21 नवंबर 2024 को इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध ग़ज़ा में युद्ध अपराध और मानवता के ख़िलाफ़ अपराधों के आरोप में गिरफ़्तारी वारंट जारी किया है।

## प्रेरक प्रसंग

### दूरदृष्टि

बहुत दिनों की बात है हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी गांव में एक बूढा रहता था, जो महामूर्ख के नाम से चर्चित था। उसके घर के सामने दो बड़े पहाड़ थे, जिससे आने जाने में असुविधा होती थी। पहाड़ के दूसरी ओर पहुंचने में कई दिन लग जाते थे।

एक दिन उसने अपने दोनो बेटों को बुलाया और उनके हाथों में फावड़ा थमाकर दृढ़ता से दोनो पहाड़ों को काट कर उनके बीच रास्ता बनाना शुरू करवा दिया। यह देखकर कसबे के लोगों ने मजाक उड़ाना शुरू कर दिया- तुम सचमुच महामूर्ख हो। इतने बड़े बड़े पहाड़ों को काटकर रास्ता बनाना तुम बाप बेटों के बस से बाहर है। बूढ़े ने उत्तर दिया- मेरी मृत्यु के बाद मेरे बेटे यह कार्य जारी रखेंगे। बेटों के बाद पोते और पोतों के बाद परपोते। इस तरह पीढ़ी दर पीढी पहाड़ काटने का सिलसिला जारी रहेगा। हालांकि पहाड़ बड़े हैं लेकिन हमारे हौसलों और मनोबल से अधिक बड़े तो नहीं हो सकते। हम निरन्तर खोदते हुए एक न एक दिन रास्ता बना ही लेंगे। आने वाली पीढ़ियां आराम से उस रास्ते से पहाड़ के उस पार जा सकेंगी।

उस बूढ़े की बात सुनकर लोग दंग रह गए कि जिसे वे महामूर्ख समझते थे उसने सफलता के मूलमन्त्र का रहस्य समझा दिया। गांव वाले भी उत्साहित होकर पहाड़ काट कर रास्ता बनाने के उसके काम में जुट गए। कहना न होगा कि कुछ महीनों के परिश्रम के बाद वहां एक सुंदर सड़क बन गई और दूसरे शहर तक जाने का मार्ग सुगम हो गया। इसके लिये बूढ़े को भी दूसरी पीढ़ी प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी।

दृढ़ संकल्प, लगन, और कड़ी मेहनत के साथ-साथ सकारात्मक सोच रहे तो सफलता जल्दी ही प्राप्त हो जाती है।

## आपका पत्र मिला

### डिजिटल टेक्नोलॉजी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा

तकनीक ने देश को उन्नति के नए सोपान दिए हैं। तकनीकी के बल पर ही अंतरिक्ष और उसके रहस्य उजागर होने लगे हैं। तकनीक जितनी मानव जीवन के विकास में सहायक है उतनी ही वह खतरनाक भी। आज तकनीक का जितना दुरुपयोग हो रहा है वह घातक है अगर उसे समय रहते नहीं रोका गया तो यह विनाश का कारण बनेगा। ऐसे में जरूरत स्वतंत्रता के साथ जवाबदेही की उस स्वर्णिम सीमा को अपनाने की है जो आतंकवादी गतिविधियों को रोकते हुए डिजिटल नवाचार को स्वस्थ दिशा में बनाए रखे। यदि आज कठोर नियम नहीं बनाए गए तो कल घर बेठे मिलने वाली डिलीवरी सेवाएं ही खतरे का मुख्य केन्द्र बन सकती हैं। पुलवामा और गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले जैसी जघन्य घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवादियों की रणनीतियां अब तकनीकी मोर्चे पर भी उन्नत हो चुकी हैं। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की हालिया रिपोर्ट इस बात की ओर संकेत करती है कि आतंकी संगठन पारंपरिक माध्यमों की बजाय अब ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान मंचों का उपयोग कर रहे हैं। पुलवामा हमले में अमेजन से खरीदे गए एल्यूमिनियम पाउडर का उपयोग और गोरखनाथ मंदिर हमले में ऑनलाइन फंड ट्रांसफर जैसी गतिविधियां इस नई प्रवृत्ति को दर्शाती हैं। यह स्थिति केवल तकनीकी विफलता नहीं बल्कि निगरानी तंत्र और नीति नियमन की गंभीर चूक का भी संकेत है। आज जब मोबाइल या लैपटॉप से महज़ कुछ क्लिक में अंतरराष्ट्रीय भुगतान या संदिग्ध सामग्री खरीदी जा सकती है तब तकनीकी कंपनियों और सरकारों की ज़िम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। इस खतरे को नजरअंदाज करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ होगा।अतः समय की मांग है कि तकनीक के प्रयोग में स्वतंत्रता और राष्ट्रीय सुरक्षा के मध्य संतुलन स्थापित किया जाए।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# फोकस करने में होती है दिक्कत, कहीं आप अवसाद के शिकार तो नहीं?



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में, जहां हर तरफ प्रतिस्पर्धा और काम का दबाव है, अवसाद एक ऐसी गंभीर मानसिक स्वास्थ्य स्थिति बनकर उभरा है जो चुपचाप हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को खोखला कर रही है। यह सिर्फ मन का उदास होना नहीं, बल्कि एक जटिल बीमारी है जो व्यक्ति के सोचने, महसूस करने और काम करने के तरीके को बुरी तरह प्रभावित करती है। तनाव, अकेलापन और काम का दबाव जैसी आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियां इस समस्या को और भी गहरा कर रही हैं।

भारत में लाखों लोग इस गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं, फिर भी इसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है या सिर्फ मन की कमजोरी मान लिया जाता है। फोकस करने में दिक्कत, लगातार उदासी और हर समय थकान महसूस करना जैसे लक्षण अवसाद के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। यह जरूरी है कि हम इन संकेतों को समय रहते पहचानें और गंभीरता से लें। इसलिए आइए इस लेख में हम अवसाद के कुछ प्रमुख लक्षणों और इससे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**अवसाद के प्रमुख लक्षण**

अगर आपको किसी भी काम में ध्यान लगाने में दिक्कत हो रही है, तो यह अवसाद (डिप्रेशन) का एक बड़ा लक्षण हो सकता है। असल में दिमाग में कुछ रसायनों के असंतुलन के कारण हमारी एकाग्रता और सही फैसले लेने की शक्ति कम हो जाती है। इसके अलावा, डिप्रेशन में आपको लगातार उदासी, निराशा या खालीपन महसूस हो सकता है। हर वक्त थकान बनी रहती है और जिन चीजों में पहले मजा आता था, उनमें भी रुचि खत्म होने लगती है। नींद भी प्रभावित होती है, या तो नींद नहीं आती (अनिद्रा) या फिर बहुत ज्यादा नींद आती है। खाने की आदतें भी बदल जाती हैं, कुछ लोग कम खाते हैं तो कुछ ज्यादा खाने लगते हैं। कुछ गंभीर मामलों में चिड़चिड़ापन, खुद को दोषी मानना, या आत्महत्या के विचार तक आ सकते हैं। अगर ये लक्षण दो हफ्ते से ज्यादा समय तक बने रहें, तो यह अवसाद का संकेत हो सकता है और ऐसे में आपको तुरंत किसी मनोवेज्ञानिक की मदद लेनी चाहिए।

**अवसाद के कारण**

अवसाद के कई कारण हो सकते हैं, जैसे तनाव, पारिवारिक समस्याएं, नौकरी का दबाव, या आर्थिक तंगी। अनुवांशिकता भी एक भूमिका निभाती है; अगर परिवार में किसी को अवसाद रहा हो, तो जोखिम बढ़ता है। हार्मोनल असंतुलन, जैसे थायरॉइड या मेनोपॉज, और विटामिन छ की कमी भी इसे ट्रिगर कर सकती है। शराब या ड्रग्स का सेवन भी अवसाद के जोखिम को बढ़ा देता है।



**बचाव और प्रबंधन के उपाय**

अवसाद से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। नियमित व्यायाम, जैसे योग, ध्यान, या टहलना, सेरोटोनिन और एंडोर्फिन जैसे मूड बेहतर करने वाले हार्मोन को बढ़ाता है। संतुलित आहार, जिसमें ओमेगा-3, विटामिन B12, और विटामिन D युक्त खाद्य पदार्थ (मछली, नट्स, हरी सब्जियां) शामिल हों, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। दोस्तों और परिवार से बातचीत और सामाजिक जुड़ाव तनाव को कम करता है। पर्याप्त नींद (7-8 घंटे) और तनाव प्रबंधन तकनीक, जैसे गहरी सांस लेना, भी मददगार हैं।



# बरसात में घर बना कीड़े और चींटियों का अड्डा? अपनाएं ये उपाय

मानसून बारिश, हरियाली और ताजगी का मौसम है। लेकिन इसी मौसम में एक और चीज बिना बुलाए मेहमान बनकर घर में घुस आती है, वह हैं कीड़े और चींटियां। ये न सिर्फ खाने-पीने की चीजों को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि आपकी सेहत के लिए भी खतरा बन सकते हैं। बरसात में नमी आ जाती है और इसी नमी में कीड़े और चीटियां पनपते हैं। यह रसोई घर में, दीवारों पर, जमीन में कोनों पर दिखाई दे जाते हैं। अगर आपके घर में बरसात के दौरान कीड़े और चीटियों ने डेरा डाल रखा है तो परेशान होने की जरूरत नहीं, क्योंकि कुछ आसान घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं।

**सफेद सिरका और पानी का स्प्रे**– सिरका में तेज़ ऐसिडिक गुण होते हैं जो चींटियों और कीड़ों को दूर रखने में मदद करते हैं। सफेद सिरका और पानी को बराबर मात्रा में मिलाकर स्प्रे बॉटल में भर लें और जहां-जहां चींटियां दिखें वहां छिड़क दें।

**नमक और हल्दी का घेरा**– नमक और हल्दी दोनों ही कीड़ों और चींटियों के लिए बाधा का काम करते हैं। दरवाजे, खिड़कियों और चींटियों के आने वाले रास्ते पर नमक और हल्दी की रेखा बना दें।

**नींबू का रस**–नींबू की खुशबू और उसका रस चींटियों को भटकाने में असरदार होता है। इस्तेमाल के लिए नींबू का रस उन जगहों पर डालें जहां से चींटियां आती हैं या नींबू के छिलकों को घर के कोनों में रखें।

**पुदीने या नीम का तेल**–ये दोनों प्राकृतिक रिपेलेंट्स हैं जो कीड़ों को दूर रखते हैं। कुछ बूंदें पुदीने या नीम के तेल की कॉटन पर डालें और घर के कोनों में रखें। इससे कीड़े और चीटियां घर से दूर रहेंगी।



# बारिश में गाड़ी को जंग लगने से कैसे बचाएं

बारिश आते ही लोगों को चाय के साथ पकौड़े खाने तो याद आते हैं, लेकिन इस मौसम में अपनी गाड़ी की देखभाल कैसे करना है, वह याद ही नहीं रहता। और ऐसे में होता यह है कि गाड़ी भीगते-भीगते जंग खाने लगती है। सोचिए, आपकी महंगी गाड़ी और उस पर जंग! दिल नहीं दुखेगा क्या? इसलिए थोड़ी समझदारी दिखाइए और यहां बताए जा रहे कुछ स्मार्ट टिप्स को अपनाइए।

**कवर लगाने में कैसा शर्म**

बारिश में बिना कवर के गाड़ी पार्क करना ऐसा है जैसे भीगते हुए बाहर सो जाना। एक बढ़िया वाटरप्रूफ कवर खरीदिए और उसे ऐसे ओढ़ाइए जैसे एक मां अपने बच्चे को ठंड में कंबल ओढ़ाती है।

**भीगी गाड़ी को धोकर सुखाइए**

बारिश में बाहर से आने के बाद अगर आपने गाड़ी ऐसे ही छोड़ दी, तो कीचड़ और गंदगी मिलकर उसमें जंग का बीज बो देंगे। इसलिए गाड़ी को धोइए, प्यार से साफ कीजिए और सुखाइए। तभी चलेगी छमाछम।

**एंटी-रस्ट कोटिंग भी आएगा काम**

जैसे फिल्मी हीरो बुलेटप्रूफ जैकेट पहनता है, वैसे ही आपकी गाड़ी को भी एंटी-रस्ट कोटिंग की जरूरत होती है। इससे नमी भी डरती है और जंग दूर भागता है। आप कार के सर्विस सेंटर पर इसके बारे में पता कर सकते हैं।

**चेन हो सकती है जल्दी खराब**

बारिश में बाइक की चेन की हालत सबसे ज्यादा खराब होती है। इसलिए नियमित सफाई और लुब्रिकेशन जरूरी है। चेन को साफ करने के लिए हमेशा डीजल या मार्केट में मिलने वाले स्प्रे का इस्तेमाल करें। पेट्रोल या केरोसीन लगाने की लगती न करें।

**पार्किंग का करें सही इंतजाम**

अगर आपने गाड़ी को ऐसी जगह खड़ा कर दिया जहां पानी जमता है, तो समझिए टायर से लेकर साइलेंसर तक सब गड़बड़ होना तय है। हमेशा छांव में, शेड में या कम से कम ऐसी जगह पार्क करें जहां पानी न जमता हो।

**इन छोटी चीजों को न भूलें**

ब्रेक्स, साइलेंसर, नट-बोल्ट, ये सभी मेटल पार्ट्स हैं और बारिश इन पर जंग लगाने की कसम खाकर आती है। इनमें थोड़ा ऑयल, ग्रीस और लुब्रिकेशन का ध्यान देंगे तो ये भी लंबे समय तक साथ निभाएंगे।

# सावन में चाहिए स्पेशल लुक



सावन का महीना शुरू हो गया है। इस महीने में कई सारे त्यौहार आते हैं और इस दौरान ज्यादातर महिलाएं ट्रेडिशनल लुक में नजर आती हैं। लेकिन, अगर आप इन दिनों में स्पेशल लुक चाहती हैं, तो आप ऑर्गेंजा सूट स्टाइल कर सकती हैं। इन सूट्स में जहां आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा, तो वहीं आप भीड़ से भी अलग दिखेंगी।

इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्टडिजाइंस वाले ऑर्गेंजा सूट दिखा रहे हैं। ये सूट इन दिनों ट्रेंड में हैं और इस तरह के सूट सावन के मौके पर पहनने के लिए बेस्ट हैं। वहीं, इन सूट्स को स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा।

## ऑर्गेंजा सूट के लेटेस्ट डिजाइंस करें ट्राय

**फ्लोरल ऑर्गेंजा सूट**

अगर आप गॉर्जियस लुक चाहती हैं, तो आप इस तरह के फ्लोरल ऑर्गेंजा सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट सावन के मौके पर स्टाइल करने के लिए बेस्ट है और इस सूट को पहनने के बाद आप सुंदर भी नजर आएंगी। यह फ्लोरल प्रिंट सूट आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगे। वहीं, ये सूट्स आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

**थ्रेड वर्क ऑर्गेंजा सूट**

सावन के महीने में सुंदर नजर आने के लिए आप इस तरह के थ्रेड वर्क ऑर्गेंजा सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट थ्रेड वर्क में है और तीज-त्योहार पर स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। इस तरह का सूट आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन्स के साथ मिल जाएंगे, और इन्हें आप 2000 से 3000 रुपये में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

इस सूट के साथ अपना लुक कम्प्लीट करने के लिए आप मिरर वर्क झुमके और साथ ही, हाथों में सूट के कलर से मैचिंग चूड़ियां पहन सकती हैं।

**प्रिंटेड ऑर्गेंजा सूट**

अगर शादी के बाद पहली बार सावन का त्यौहार सेलिब्रेट कर रही हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड ऑर्गेंजा सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस सूट में बेहद ही खूबसूरत प्रिंटेड डिजाइन बनाया गया है, साथ ही, यह सूट ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस तरह का सूट आपको 3000 की कीमत में मिल जाएगा।

**प्लेनडिजाइन ऑर्गेंजा सलवार-सूट**

अगर आप प्लेन सूट के साथ हैवी वर्क वाले दुपट्टे को स्टाइल कर सकते हैं क्योंकि यह काफी ट्रेंडी है और इन्हें आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। इसमें आप मोनोक्रोम कलर पैलेट के आलवा कई तरह से कलर कॉम्बिनेशन वाले सूट को स्टाइल कर सकते हैं।

# बारिश के मौसम में चाय-पकौड़ा खाना चाहिए या नहीं?

## बरतें ये सावधानियां



बारिश का मौसम आते ही मन चाय और गरमा गरम पकौड़ों की तरफ खिंचा चला जाता है। रिमझिम फुहारों के बीच चाय की चुस्की और क्रिस्पी पकौड़ों का स्वाद लेना हम भारतीयों को बहुत पसंद है। यह एक ऐसा पारंपरिक कॉम्बिनेशन है जो हर घर में पसंद किया जाता है। लेकिन कई बार चाय पकौड़े का सेवन करना हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक हो जाता है। असल में चाय-पकौड़े खाते समय बहुत से लोग जाने-अनजाने में कुछ गलतियां करते हैं, जिसकी वजह से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में वातावरण में नमी बढ़ जाती है, जिसका सीधा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है। इस दौरान हमारा पाचन धीमा हो जाता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) भी थोड़ी कमजोर पड़ सकती है। ऐसे में, तेल-मसालेदार और भारी भोजन का सेवन करना कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि चाय-पकौड़ी खाते समय किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**चाय-पकौड़ा खाते समय की जाने वाली आम गलतियां**–

चाय-पकौड़ा का मजा लेते समय हम अनजाने में कुछ गलतियां कर बैठते हैं। सबसे पहले, बहुत ज्यादा तेल और बार-बार उसी तेल में पकौड़े तलना। इससे पकौड़े भारी और अपचनीय हो जाते हैं, जिसके सेवन से गैस, एसिडिटी और पेट फूलने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।



दूसरा, भारी सामग्री वाले पकौड़ों का सेवन करना। आलू या ज्यादा बेसन वाले पकौड़े पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं, जबकि इस मौसम में हल्का भोजन ही बेहतर होता है। इसलिए अधिक मात्रा में पकौड़े का सेवन करने बचना चाहिए।

तीसरा, चाय और पकौड़े को गलत समय पर खाना। अक्सर लोग इन्हें देर रात या खाने के तुरंत बाद खाते हैं। बता दें कि उस समय हमारा पाचन धीमा होता है, जिससे पेट खराब हो सकता है और नींद भी बिगड़ सकती है।

चौथी गलती है जरूरत से ज्यादा पकौड़े खा लेना। स्वाद में अच्छे लगने के कारण हम अक्सर अपनी भूख से ज्यादा खा लेते हैं, जो न केवल मोटापा बढ़ाता है बल्कि पेट में भारीपन भी लाता है।

पांचवीं गलती है बचे हुए पकौड़ों को बार-बार गरम करके खाना। इससे उनके पोषक तत्व कम हो जाते हैं और वे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी हो सकते हैं।

आखिर में तले हुए भोजन के साथ पर्याप्त पानी न पीना भी एक बड़ी गलती है। इससे शरीर में डिहाइड्रेशन हो सकता है और पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**मानसून में चाय-पकौड़ा खाते समय बरतें ये सावधानियां**–इन गलतियों से बचने के लिए कुछ सावधानियां अपनाना जरूरी है। पकौड़े बनाते समय कम से कम तेल का उपयोग करें और इस बात का ध्यान रखें कि तेल हमेशा ताजा व अच्छी गुणवत्ता वाला हो। आप हल्की और पौष्टिक सब्जियों जैसे पालक, मेथी, लौकी या फूलगोभी के पकौड़े बना सकते हैं, जो पचने में आसान होते हैं। इनका सेवन सही समय पर करें, जैसे दोपहर के नाश्ते के रूप में या शाम की चाय के साथ खा सकते हैं। देर रात चाय पकौड़े खाने से बचें। मात्रा का हमेशा ध्यान रखें, एक या दो पकौड़े स्वाद के लिए काफी हैं, क्योंकि ये पेट भरने के लिए नहीं होता। हमेशा ताजे और गरमा गरम पकौड़े खाएं।

# पार्टनर से प्यार जताने का खास तरीका

## सावन में आजमाएं ये प्रेम रस्में



सावन का महीना सिर्फ भक्ति और त्योहारों का नहीं, बल्कि भावनाओं के गहराने का भी समय होता है। सावन के महीने में मानसून आता है और मानसून को रोमांस का मौसम कहा जाता है। इस मौसम में बारिश की फुहारें, हरियाली और ठंडी हवा मन को रोमांटिक बना देती हैं। ऐसे में अगर आप चाहें तो कुछ प्रेम रस्मों को अपनाकर अपने रिश्ते में भी मिठास भर सकते हैं। आइए जानें सावन में अपनाए जाने वाले 5 प्रेम से जुड़ी रस्में जो आपके और आपके पार्टनर के रिश्ते को और मजबूत बना सकती हैं।

**सावन सोमवार को मंदिर साथ जाएं**

कहा जाता है कि शिव और पार्वती का प्रेम अटूट था। सावन सोमवार के दिन आप भी अपने पार्टनर के साथ पूजा करें। इससे न सिर्फ आपके बीच आध्यात्मिक जुड़ाव आएगा है, बल्कि रिश्ते में सकारात्मकता भी बढ़ेगी।

**बरसात में एक प्रेम-पत्र**

डिजिटल युग में एक हाथों से लिखा लव नोट पुराने दौर की मिठास लाता है। हर हफ्ते जब भी बारिश हो, आप एक छोटा सा प्रेम पत्र अपने साथी को लिख भेजें। अगर आप दफ्तर में हैं तो व्हाट्सअप के जरिए कुछ रोमांटिक लाइनें उन्हें लिख कर भेज दें। वरना एक प्रेम पत्र लिखकर एक खास जगह पर रख दें और बारिश होने पर पार्टनर से उस प्रेम पत्र को उस जगह पर तलाशने को कहें। ये उनके लिए सरप्राइज या किसी क्विज की तरह का भी हो सकता है। अपने पत्र में उनको आभार दे सकते हैं, प्रेम या सराहना भी कर सकते हैं।

**एक दूसरे के लिए पसंदीदा खाना**– बारिश के दिन में गरमा-गरम पकौड़े या उनकी पसंदीदा डिश बनाकर उन्हें सरप्राइज़ दें। वहीं बाहर से आते वक्त उनके पसंद की कोई डिश या मिठाई भी पैक कराकर ला सकते हैं और इस छोटे से लव रिचुअल को अपनाकर एक दूसरे का दिन खास बना सकते है।

**मानसून में साथ चाय**

बारिश का आनंद तब अधिक बढ़ जाएगा, जब कपल एक दूसरे के साथ होंगे। हर शाम एक तय समय पर दोनों मिलकर चाय या कॉफी पिएं। इस दौरान अपना-अपना फोन दूर रखें ताकि एक दूसरे को वक्त दे सकें। बस एक-दूसरे की बातें, मुस्कान और साथ, ये प्रेम रस्म आपके बीच की बॉन्डिंग बढ़ाता है।

**'सावन सरप्राइज़' दें हर हफ्ते**

हर सप्ताह कोई एक छोटा-सा सरप्राइज़ प्लान करें, चाहे वो एक फूल हो, पसंदीदा मिठाई या कोई संदेश। इससे रिश्ता सजीव रहता है। सावन माह में इन कुछ प्रेम रस्मों को अपनाकर कपल अपने रिश्ते को मजबूत और अधिक रोमांटिक बना सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 14 जुलाई 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1946 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ श्रावण मासोत्तमे कृष्ण पक्षे। चतुर्थी तिथौ सोम वासरे 24/00/धनिष्ठा नक्षत्रे 06/49/ आयुष्मान योग 16/14/ बव करणे 12/31/ कुम्भ राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार**– पंचक। संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी। श्रावण सोमवार व्रत।

**मेष :** अधिकारी से विरोध होगा। कार्य क्षेत्र की स्थिति तनावपूर्ण होगी। कार्य की आलोचना संभव है। पारिवारिक व्यय बढ़ेगा।

**वृष :** दैनिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक कमी के चलते पारिवारिक तनाव धैर्य से विपरीत परिस्थितियों में सुधार होगा।

**मिथुन :** किसी शुभ सूचना से स्थिति में सुधार होगा। आमोद प्रमोद में रुचि लेंगे। संतान की ओर से प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** विरोधी शिथिल होंगे। किसी पड़ोसी के विषय में कानूनी उलझन कष्ट देंगी। बिना सोचे कार्य में पछतावा होगा।

**सिंह :** अधूरे काम पूरे होंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। अपने विचारों के अनुरूप वातावरण का निर्माण करना चाहेंगे।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** व्यापार में सावधानी से कदम उठाएं। हानि संभावित है। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से व्यवहार में सावधानी रखें। मतभेद की संभावना है।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ :** आर्थिक लेनदेन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन :** संचित धन में कमी होगी। लेकिन लाभ अन्य वस्तु के रुप में प्राप्त होगा। एका एक बनते हुए कार्यों में व्यवधान पैदा होंगे। मेहनत से आय होगी।

# जालौन ललितपुर, झांसी

**मूंग की फसल बिकवाने के लिए भाकियू ने एम एल सी से लगायी गुहार**

कोंच(जालौन)। तहसील क्षेत्र के जुड़े किसानों का है जिनमें कई ग्रामों के किसानों की मूंग की फसल घर आ गयी है और उसे बेचने के लिए क्रय केन्द्रों पर चक्कर लगा रहे हैं फिर भी उनकी फसल बिक नहीं पा रही है जिस पर भारतीय किसान यूनियन ने उन किसानों चिंता जताते हुए एक ज्ञापन दिन रविवार को विधान परिषद सदस्य झांसी ललितपुर जालौन रमा आर पी निरंजन को भेजते हुए किसानों की मूंग फसल क्रय केंद्रों पर बिकवाये जाने की मांग की है इस दौरान तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह पटेल राम प्रकाश राजेन्द्र सिंह संतराम शिवराम कोशल किशोर सुरेश कुमार अजीत सिंह सुरेंद्र पाल थान सिंह साधुराम सहित तमाम भा कि यू सदस्य व किसान मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### प्रजापति कुम्भकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज प्रजापति का स्वागत किया समाज के लोगों ने



जालौन : प्रजापति कुम्भकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज प्रजापति का स्वागत करते समाज के लोग। ।

**जालौन।** अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के नगर आगमन पर नगर व आसपास के प्रजापति समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया और भगवान श्रीराम का चित्र भेंटकर सम्मानित किया।

भारतीय जनता पार्टी के हमीरपुर सदर विधायक व अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज प्रजापति का रविवार को नगर आगमन हुआ। नगर आगमन पर समाज के लोगों ने देवनगर चौराहे पर उनके काफिले को रोककर माल्यार्पण किया और उनका स्वागत किया। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार व वह हमेशा उनके साथ खड़े हैं। जब भी जरूरत पड़े वह आ सकते हैं और समस्या बताएं। उनकी समस्याओं का हर संभव समाधान किया जाएगा। समाज के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। अंत में समाज के लोगों ने भगवान श्रीराम का चित्र भेंटकर उन्हें विदा किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अनिल प्रजापति हरदोई राजा, भूपेंद्र प्रजापति, सौवी प्रजापति सरसई, अंशुल प्रजापति हरदोई राजा जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ, कमलेश प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति फौजी, रोहित प्रजापति, पुष्पेंद्र प्रजापति, आनंद प्रजापति, सुरेश प्रजापति लक्ष्मण प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### पंचानन फीडर करीब 6 दिनों से बंद होने से किसान हुए परेशान



कोंच : एसडीएम से शिकायत करने जाते किसान ।

**-नलकूपों पर नहीं पहुच रहा पानी, पीड़ित किसानों ने एसडीएम से की शिकायत'**

**कोंच (जालौन)।** नगर के पंचानन फीडर करीब 6 दिनों से बंद होने से किसान परेशान हो गए हैं और उनकी नलकूपों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे उन्हें खेती करने में काफी परेशानियां हो रही है, वही जवाहर नगर निवासी किसान लालता प्रसाद ने एसडीएम ज्योति सिंह से शिकायत रविवार की सुबह करीब 11रू30 बजे जानकारी देते हुए बताया कि पंचानन फीडर छोटा सा फीडर है, जिसमें एक टावर और ज्यादातर नलकूपों की कनेक्शन है इसकी सप्लाई करीब 5 से 6 दिनों से बंद है जिसके चलते हम किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और हमारे नलकूपों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जब हमने बिजली विभाग के एसडीओ से बात की तो उनका कहना है कि वहां पर कोई विवाद चल रहा है इसलिए फीडर चालू नहीं किया जा रहा है, वही हम लोग काफी परेशान हो रहे हैं, फिलहाल पीड़ित किसानों ने एसडीएम से शिकायत कर जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की है।

### पन्द्रह जुलाई तक एक से आठ तक के विद्यालयों का अवकाश घोषित



ललितपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के आदेश के अनुपालन में जनपद में लगातार हो रही भीषण बारिश के कारण आज व 15 जुलाई तक कक्षा 1 से आठ तक के समस्त परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई विद्यालयों का अवकाश घोषित किया गया है व आदेश का अनुपालन कड़ाई से किया जाये।

### लगातार बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त



**भारी बारिश के चलते नदी नाले उफान पर, कई रास्ते हुए अवरुद्ध जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करते हुए निचले इलाकों के लिए अलर्ट किया जारी**

**ललितपुर।** अपर जिला अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव द्वारा राजघाट अंडर ब्रिज का निरीक्षण किया और मौके पर पानी निकलवाकर आवागमन सुचारू कराया गया। इसके साथ ही उन्होंने गोविंद सागर बांध का निरीक्षण किया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शहजाद नदी के पुल का भी निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था सुचारू करते हुए अधीनस्थों को निर्देशित किया कि जब तक पानी पुल से नीचे न हो जाए तब तक यहां से किसी को निकालने नहीं दिया जाए। भीषण बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है, भारी बारिश के चलते जनपद के सभी छोटे-बड़े नदी नाले उत्थान पर हैं और कई मार्ग अवरोध हो गए हैं जिस कारण लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा है। भारी बरसात से नदियों में पानी की आवक हुई और बांधों का जलस्तर बढ़ा जिस कारण कई बांधों के गेटों को खोलकर हजारों क्यूसिक पानी की निकासी की गई। गोविंद सागर बांध के कुल 18 गेटों को खोलकर लगातार 11754 क्यूसिक, शहजाद बांध के पांच गेटों को खोलकर 33680 क्यूसेक, उटारी बांध से 7100 क्यूसिक, जमराड बांध से 10785 क्यूसेक, भवानी बांध से 56761 क्यूसिक, राजघाट बांध से 29256 क्यूसिक, कचनोंदा बांध से 55257 क्यूसिक, बंडइ बांध से 600 क्यूसिक, भौरट बाँध से 15300 एवं माताटीला बांध से 27618 कि उसे पानी की निकासी की गई है व जामनी और रोहिणी बांध से पानी की निकासी नहीं हुई है व जनपद के विकासखंड जखौरा का स्थानीय कस्बा इस बारिश में टापू बना हुआ नजर आया। शहजाद नदी के पुल पर पानी आने से दोनों और का यातायात बाधित हुआ।

## तीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ने से बेतवा नदी में बाढ़ की संभावनाओं को लेकर सतर्कता तेज



कालपी : बेतवा नदी का बढ़ता जल स्तर ।

**0 यमुना का जलस्तर दो दिनों से स्थिर**

**कालपी (जालौन)।** रविवार को राजघाट के जलभराव क्षेत्र से 30 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने की वजह से बेतवा में बाढ़ की सम्भावनाएं बढ़ गई है। स्थानीय प्रशासन ने बेतवा नदी के तटवर्ती ग्रामों में बाढ़ से बचाव के लिए सतर्कता बढ़ा दी है, जबकि यमुना नदी का जलस्तर बीते दो दिनों से स्थिर बना हुआ है।

उपजिलाधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि राजघाट बांध के सहायक अभियंता के द्वारा जारी सूचना के अनुसार राजघाट बांध के जलभराव क्षेत्र में पानी अधिक होने के कारण बांध का निर्धारित लेवल बनाए रखने के लिए दिनांक 13-7-2025 की दोपहर 12 बजे लगभग 30 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। इस सूचना के बाद बेतवा नदी के जलस्तर में बढोत्तरी होने तथा बाढ़ की संभावनाओं को लेकर तटवर्ती ग्रामों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। इस संबंध में नायब तहसीलदार कदौरा चंद्र मोहन शुक्ला ने बताया कि बेतवा नदी के तटवर्ती ग्रामों चतेला, हेमंतपुरा, क्योटरा, पथरेहटा, भेड़ी खुर्द, परासन, चंदरसी, कहटा, सुनहटा में राजस्व विभाग के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं सिंचाई विभाग की अवर अभियंता धर्मघोष के मुताबिक राजघाट बांध से प्रथम चरण में पानी छोड़ा जा रहा है, उससे बेतवा नदी के जलस्तर में दो से तीन मीटर जलस्तर की वृद्धि हो सकती है। वहीं केंद्रीय जल आयोग के प्रभारी रुपेश कुमार ने बताया कि रविवार को यमुना नदी का जलस्तर 98.77 मीटर पर हैं जो पिछले दो दिनों से स्थिर बना हुआ है।

## स्वर्ण पदक विजेता स्वाति सिंह को चंद्रशेखर आज़ाद ने किया सम्मानित



उरई : पदक विजेता को सम्मानित करते सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ।

**-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता व सावित्रीबाई फुले की तस्वीर भेंट की**

**उरई(जालौन।** कोंच क्षेत्र के अमिटा गांव की बेटी स्वाति सिंह ने अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर शनिवार को लखनऊ में वीवीआई गेस्ट हॉउस में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद और संपादक नीरज भाई पटेल ने सम्मानित किया।

समारोह में स्वाति को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई, मिष्ठान खिलाकर, शॉल ओढ़ाकर और महान समाज सुधारिका सावित्रीबाई फुले की तस्वीर भेंट कर सम्मान प्रकट किया गया। चंद्रशेखर आज़ाद ने इस मौके पर कहा कि स्वाति जैसी प्रतिभाएं हमारे समाज की प्रेरणा हैं। उन्होंने घोषणा की कि खेल क्षेत्र में आ रही समस्याओं और खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं की कमी को लेकर वे जल्द ही खेल मंत्रालय को पत्र लिखेंगे ताकि सुधार हो सके।

नीरज भाई पटेल ने कहा कि स्वाति सिंह ने साबित कर दिया कि लगन, संघर्ष और प्रतिभा के दम पर हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण व सहयोग दिया जाए।

## पंचनद संगम से सिंगी रामपुर के लिए कांवड़ यात्रियों का जत्था रवाना'



उरई : सिंगी रामपुर के लिए रवाना होता कांवड़ियों का जत्था ।

**रामपुरा(जालौन)।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पंचनद संगम से एक सैकड़ा से अधिक कावड़ यात्रियों का जत्था जिला फर्रुखाबाद स्थित सिंगी रामपुर से गंगाजल लाने के लिए धूमधाम से रवाना हुआ है।

ज्ञात हो कि श्रावण मास भर शिव भक्त कावड़ यात्रा निकालकर किसी तीर्थ स्थल की पवित्र नदी से जल लेकर जाते हैं और अपने क्षेत्र एवं गांव के प्रसिद्ध शिव मंदिरों पर जलाभिषेक करते हैं। इसी क्रम में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचनद संगम तीर्थ क्षेत्र के ग्राम कंजौसा से द्वितीय सुपरफास्ट डाक कावड़ यात्रा का आयोजन किया जिसमें लगभग एक सैकड़ा शिव भक्त समूह बनाकर फर्रुखाबाद के सिंगी रामपुर से गंगाजल लाने के लिए रवाना हुए। ग्राम कंजौसा में 13 जुलाई रविवार को प्रातः काल से ही इस सुपरफास्ट डाक कावड़ यात्रा की तैयारी जोर-जोर से शुरू हुई। कावड़ यात्रियों में शिवराज सिंह बीडीसी, अवनीश निषाद ,प्रीतम निषाद, रवि ,पुष्पेंद्र ,दीपू, अनिल, पंकज ,भोगीलाल ,बिहारी ,अरुण, संदीप,लोकेंद्र,अंकित ,विजय,रामजी, जीतू, अपरवल, शिवसिंह, संगम लाल, गोलू ,राजकिशोर, कुलदीप, केशव, सोवरन ,शिवम, संदीप अंकुश, नितिन, कन्हैया, अशोक आदि लगभग एक सैकड़ा शिव भक्तो ने जय पंचनद धाम व बम भोले का जय घोष करते हुए भक्ति गीतों पर नाचते थिरकते यात्रा का शुभारंभ किया तब ग्राम कंजौसा की महिलाओं ने कावड़ यात्रियों का तिलक किया , ग्रामवासियों ने उन्हें माल्यार्पण की । इस अवसर पर श्री बाबा साहब मंदिर के महंत सुमेरवन ने आशीर्वाद देकर कावड़ यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यह कावड़ यात्री दिन रात सफर करते हुए गंगाजल लेकर सोमवार को वापस पंचनद धाम आ जाएंगे और यहां जिला इटावा की सीमा स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर भारेश्वर महादेव, पंचनद के कालेश्वर महादेव तथा जालौन जिला में पंचनद संगम तट पर श्री बाबा साहब मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे।

## पुलिस ने अवैध छुरी सहित युवक को दबोचा

कालपी(जालौन)। नगर में अवैध तरीके से धारदार छुरी को लेकर घूमना एक युवक को भारी पड़ गया। बीती शाम को टरननगंज चौकी इंचार्ज ने अवैध छुरी सहित आरोपी युवक को गिरफ्तार करके सुसंगत धाराओं में चालान कर दिया। कालपी कोतवाली क्षेत्र के टरननगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र व सिपाही योगेश कुमार गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र ने टीम के साथ काशीराम आवासीय कॉलोनी के समीप रेलवे लाइन के पास पहुंचे। वहीं पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे आरोपी युवक अरशद पुत्र जावेद निवासी ब्लॉक नंबर 6 काशीराम कॉलोनी को पुलिस टीम ने दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से अवैध छुरी बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके चालान करके दिया।

## अज्ञात कारणों के चलते युवक ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

कोंच(जालौन)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोब निवासी देवेंद्र पुत्र गंगाराम लोधी उम्र करीब 35 वर्ष ग्राम में रहकर खेती बाड़ी करके अपनी पत्नी।लीला देवी पुत्र पंकज व प्रांशु एवं बड़े भाई मानवेन्द्र दिव्यांग का भरण पोषण करता था दिन शनिवार की सुवह देबेन्द्र घर से धान के खेत मे भरे पानी को निकालने की बात कहते हुए चला गया और वह शाम तक खेत पर पड़ोसियों द्वारा देखा गया जब देर रात तक वह घर वापिस नहीं आया तो परिवारीजनों ने उसकी खोजबीन की तो पता चला कि वह पिरोना की ओर जाते हुए देखा गया है जिस पर सुवह परिवारीजन पिरोना स्टेशन पहुंचे तो वहां पर एक युबक की रेल से कटकर मृत्यु होने की बात की जानकारी हुई जिस पर परिवारीजन जी आर पी थाने पहुंचे और वहां पर शव की शिनाख्त की तो वह शव देवेंद्र का निकला शव देखते ही परिवारीजनों में चीख पुकार मच गई और यह सूचना जैसे ही ग्राम में पहुंची तो ग्राम में मातम से छा गया क्योंकि बड़ा भाई दिव्यांग है और घर का सहारा मृतक देवेंद्र ही था वहीं शव को पुलिस ने पंचायतनामा भरकर पोष्ट मार्टम के लिए भिजवा दिया और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सब स्टेशन में ओसीबी मशीन में ब्लास्ट होने से कई मुहल्लों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित



कालपी : ओसीबी मशीन को ठीक करते कर्मचारी ।

**कालपी (जालौन)।** विद्युत सब स्टेशन कालपी में स्थापित ओसीबी मशीन में ब्लास्ट हो जाने से नगरीय क्षेत्र के फीडर से जुड़े आधा दर्जन मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई। अवर अभियंता की मौजूदगी में विभागीय कर्मचारियों के द्वारा मशीनों को ठीक किया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 33/11 विद्युत सब स्टेशन कालपी में सुबह आपूर्ति व्यवस्था ठीक-ठाक चल रही थी, इसी दौरान साढ़े 10 बजे ओसीबी मशीन में चूहा घुस जाने टाउन फीडर मशीन में भारी ब्लास्ट हो गया, जिससे आधा दर्जन से अधिक मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था ठप्प हो गई। सूचना पाकर अवर अभियंता जितेंद्र कुमार की देखरेख में अभिषेक, रिंकू, दिलीप, इसरार, फ़हमीद खान, अजय निगम आदि कर्मचारी मशीन को ठीक करने में जुट गए। ढाई घंटे की करी मशक्कत के बाद ओसीबी मशीन को ठीक किया गया। इस दौरान कागजीपुरा, टरननगंज, मनीगंज, रावगंज, हरीगंज आदि स्थानों की बिजली गुल रही। अवर अभियंता ने बताया कि ब्लास्ट के कारण ओसीबी मशीन में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिस तत्परता से ठीक कराकर आपूर्ति व्यवस्था बहाल की गई।

## महेवा,वावई व कालपी के मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों में 121 मरीजों का उपचार



उरई : मरीजों का उपचार करते चिकित्सकीय टीम ।

**कालपी(जालौन)।** शासन की योजना के तहत रविवार को महेवा वावई तथा कालपी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया जिसमें 121 मरीजों का उपचार करके नागरिकों को बरसात के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधिकारी डॉ शेख शहरयार की अध्यक्षता में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया।इस दौरान 28 रोगियों का इलाज किया गया। चिकित्सक ने नागरिकों को परिवार कल्याण कार्यक्रमों के बारे में जानकारियां देते हुए जागरूक किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्सा अधिकारी डॉ सोनू गौतम व डॉ रंजना सिंह की मौजूदगी में आयोजित मेले में 49 मरीजों के उपचार किया गया। जिसमें 22 पुरुष, 17 महिलायें तथा 10 बच्चे शामिल रहे।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन आरोग्य मेले में चिकित्सकीय टीम ने मरीजों का उपचार करके बारिश के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए सुझाव दिए गये। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि बरसात के मौसम में आकर के खुजली, चर्म रोगियों एवं पेट रोगियों की संख्या बड़ रही है। इसलिए सभी लोग ताजा भोजन ग्रहण करें। शुद्ध पानी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण उत्पन्न होने पर डॉक्टरों की सलाह पर दवाइयों का प्रयोग करें।मेले में राकेश बघेल,नीरज पाल ,हिमांशु दीक्षित, शालिनी वाजपेई,नीरज वर्मा आदि स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। वावई चिकित्सालय में चिकित्सकीय टीम की मौजूदगी में आयोजित मेले में 34 मरीजों का उपचार किया गया। मेलों में कंडोम, टेबलेट तथा अन्य परिवार नियोजन संबंधी सामग्री का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।

## भीषण बारिश के चलते बाढ़ से बचाव हेतु जिला प्रशासन अलर्ट

**-विभागों की जिम्मेदारी तय कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**



**ललितपुर।** जनपद में हो रही लगातार बारिश के कारण आमजन की सुरक्षा एवं बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी विभागों की जिम्मेदारी तय करते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत पुलिस विभाग द्वारा तटबन्धों पर पेट्रोलिंग, बाढ प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था, बाढ चौकियों पर सुचारू रूप से राहत सामग्री वितरण हेतु पुलिस बल की व्यवस्था, वीआईपी आगमन पर कानून व्यवस्था तथा एनडीआरएफ पीएसी, एसडीआरएफ के साथ समन्वयक स्थापित किया जाएगा। विकास एव पंचायतीराज विभाग द्वारा बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का सर्वे, साफसफाई एवं स्वच्छता, बाढ़ चौकियों व बाढ़ शरणालयों पर कर्मचारियों की ड्यूटी, राहत वितरण में कर्मचारियों की ड्यूटी, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, हेन्डपम्पों की मरम्मत एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। चिकित्सा विभाग द्वारा बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का सर्वे, आवश्यक दवाईयां एवं एम्बुलेन्स की उपलब्धता, टीकाकरण, सर्पदंश के दवा का पर्याप्त स्टॉक, बाढ़ चौकियों पर कर्मचारियों की तैनाती तथा बाढ़ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में लागों को जागरूक किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा भूसा बंटने के स्थान को चिन्हित करना, भूसा क्रय हेतु आवश्यक कार्यवाही, पशु शरणालय, पशुओं का सर्वे व टीकाकरण, बाढ़ चौकियों पर आवश्यक दवाइओं, एम्बुलेंस की व्यवस्था एवं सचल मेडिकल दल का गठन किया जाएगा व स्थानीय निकाय द्वारा शहरी क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था व साफसफाई, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, मोबाइल शौचालय का प्रबन्धन व शहरी बाढ़ प्रबन्धन हेतु आवश्यक कार्य किए जाएंगे। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा खाद्य वस्तुओं का समुचित स्टॉक, ईंधन की उपलब्धता एवं स्थानीय दुकानों से समन्वयक किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचने के लिए सम्पर्क मार्गो की मरम्मत, सम्पर्क मार्गो पर जल निकासी की व्यवस्था, क्षतिग्रस्त पुलियों की मरम्मत हेतु आवश्यक कार्यवाही, हेलीपैड हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं डेम व घाट के मरम्मत हेतु कार्यवाही की जाएगी, बाढ़ कार्य खण्ड विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त तटबन्धों की मरम्मत, बाढ़ अवरोधक सामग्रियों का तटबंधों पर पर्याप्त स्टॉक, तटबंधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबन्धन एवं तटबन्धों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर कंट्रोल रूम से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी व विद्युत विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के विद्युत उपकेन्द्रों पर आवश्यक प्रबन्धन, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के विद्युत उपकेन्द्रों पर मोबाइल ट्रान्सफॉर्मर की व्यवस्था, बाढ़ व राहत चौकियों व बाढ़ शरणालयों पर विद्युत की व्यवस्था, खम्भों की व्यवस्था, बाढ़ क्षेत्र में पानी भरने पर विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी, शिक्षा विभाग द्वारा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में बाढ़ के समय अध्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था एवं बाढ़ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाएगा, जल निगम द्वारा बाढ़ क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, बाढ़ की सम्भावना वाले स्थानों को चिन्हित कर हैंडपंप की व्यवस्था व बाढ़ की सम्भावना वाले स्थानों पर स्थापित हैंडपंपों का उच्चीकरण किया जाएगा व बाल एंव पुष्टाहार विभाग द्वारा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बाढ़ के समय वैकल्पिक व्यवस्था एवं बाढ़ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में लागों को जागरूक किया जाएगा व परिवहन विभाग द्वारा बाढ़ के दौरान आवश्यकतानुसार वाहनों की व्यवस्था एवं स्टेयजिंग एरिया का चिन्हिकरण किया जायेगा, कृषि विभाग द्वारा बाढ़ क्षेत्र के फसलों का सर्वे, फसलों का बीमा कराने हेतु किसानों को जागरूक एवं बाढ़ क्षेत्र में नुकसान न होने वाली फसलों की वैरायटी के बोने हेतु किसानों को जागरूक किया जाएगा। सूचना विभाग द्वारा समय-समय पर बाढ़ से बचाव हेतु एडवाइजरी का प्रकाशन, मौसम के बारे में लोगों को मीडिया के माध्यम से जागरूक एवं प्रशासन के द्वारा किये जा रहे राहत व बचाव के कार्यो को प्रकाशित कराया जाएगा व राजस्व विभाग द्वारा बाढ़ क्षेत्र का व्यापक सर्वे परिवार, जनसंख्या, मकान, पशु, उपलब्ध संसाधन, बाढ़ चौकी, बाढ़ शरणालय का चिन्हीकरण, ईओसी कंट्रोल रूम की स्थापना, बाढ राहत कार्य योजना, ठहरने की समुचित व्यवस्था, नोडल अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी, मॉक ड्रिल प्रशिक्षण व जागरूकता, बाढ़ राहत सामग्री हेतु आवश्यक कार्यवाही, नाव व नाविक हेतु आवश्यक कार्यवाही, स्वयंसेवी व अन्य संस्थाओं के साथ समन्वयक स्थापित करना, वालेन्टियर का चिन्हीकरण, कम्युनिटी किचेन की व्यवस्था, जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक एवं पूर्व चेतावनी जारी की जाएगी।

### अविवाहित को बहला फुसलाकर भागने पर पड़ोसी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कालपी(जालौन)। नगर के एक मोहल्ले में 20 वर्षीय अविवाहित युवती को घर से जेवरात तथा नगदी सहित गायब होने के मामले में पीड़ित पिता के द्वारा कालपी कोतवाली में आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। नगर के मोहल्ला उदनपुरा निवासी वादी पिता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थी की 20 वर्षीय पुत्री दिनांक 6-7-25 की रात में घर से कहीं चली गई थी, पुत्री को बहुत ढूंढा लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। पीड़ित के घर की अलमारी में रखे 50 हजार की नगदी व जेवरात भी नहीं थे। उन्होंने बताया कि मेरी पुत्री पड़ोस में रहने वाले आरोपी युवक अनस से मोबाइल में अक्सर बात करती थी। वादी ने कहा कि प्रार्थी की पुत्री को आरोपी अनस बहला फुसलाकर ले गया। वादी ने अनस व उसके साथी के विरुद्ध कार्रवाई करने, नगदी व जेवरात को बरामद करने की प्रार्थना की है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

# बढ़ते जलस्तर को लेकर रहें सतर्क-रीभा

**■ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का डीएम ने किया दौरा**
**■ गंदगी हटाए जाने के साथ सफाई व्यवस्था के दिए निर्देश**



बांदा : बाढ़ का जायजा लेती डीएम ।

बांदा। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने रविवार को संभावित बाढ़ की स्थिति को, दृष्टिगत रखते हुए ग्राम कनवारा के मजरा छावनी डेरा एवं ब्रह्मा डेरा तथा केन आरती स्थल का राजस्व अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

डीएम जे0 रीभा ने निरीक्षण के समय उपस्थित ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासियों को बाढ़ की स्थिति में सतर्क रहने तथा बच्चों को नदी के समीप नहीं जाने की सलाह दी। उन्होंने ग्राम प्रधान को ग्राम में मुनादी कराकर ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा बाढ़ की स्थिति में हर संभव मदद तैयार रखने तथा अलर्ट रहने की निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम प्रधान को ग्राम के मार्ग में गंदगी को हटाए जाने तथा विद्यालय में भी साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की नदी का जलस्तर अधिक बढ़ने पर सभी लोग सतर्क रहकर बचाव करें एवं तत्काल अधिकारियों को भी स्थिति से अवगत करें, जिससे बचाव कार्य, एवं आवश्यक मदद हो सके। इसके उपरांत उन्होंने अधिकारियों के साथ कैन नदी के आरती स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को केन नदी के मुख्य मार्ग के समीप बैरियर लगाए जाने के निर्देश दिए, जिससे कि नदी के किनारे आरती स्थल पर पानी आने से संभावित खतरे को दृष्टिगत रखते हुए लोगों का आगमन अधिक ना हो, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न होने पाएस उन्होंने पुलिस के कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, उपजिलाधिकारी नमन मेहता, तहसीलदार सहित ग्राम कनवारा के ग्राम प्रधान व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद सामग्री को रखें अपने साथ

**- बाढ़ को लेकर डीएम ने जारी की एडवाइजरी**

**बांदा।** बाढ़ संबंधी सावधानियां को लेकर डीएम जे0 रीभा ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को सावधानियां बरतने की अपील की है। साथ ही उन्होंने आगाह किया है कि अपने साथ पहचान पत्र के अलावा जरूरतमंद सामग्री जरूर साथ रखे। तेज बारिश के साथ-साथ बांदा जिले में केन तथा यमुना का बढ़ रहे जल स्तर को लेकर डीएम जे रीभा बिल्कुल अलर्ट है। जिलाधिकारी जे रीभा के द्वारा बाढ़ बाढ़ के दौरान क्या करें और क्या न करें जन-जीवन की सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है। डीएम ने कहा कि केन तथा यमुना नदी का पानी निरंतर बढ़ रहा है। इसको लेकर डीएम ने बाढ़ के समय की सावधानियाँ बरतने की अपील की है। जलस्तर बढ़ने के दौरान क्या करें डीएम जे0 रीभा ने कहा कि रेडियो, टीवी, मोबाइल अलर्ट या सरकारी सूचना तंत्र से मौसम और बाढ़ की जानकारी लेते रहें। बाढ़ आने की स्थिति में तुरंत घर की ऊँची मंजिल या नजदीकी ऊँचे सुरक्षित स्थान पर जाएँ। जरूरी सामान तैयार रखें। टॉर्च, बैटरी, दवाइयाँ जरूरी दस्तावेज आधार, राशन कार्ड अपने साथ रखे। सूखा खाना, पानी, कपड़े,मोबाइल चार्जर/पावर बैंक हमेशा अपने साथ रखें। बिजली और गैस कनेक्शन बंद कर दें। घर छोड़ने से पहले बिजली और गैस सप्लाई बंद कर दें। पड़ोसियों की मदद करें। बुजुर्ग, बच्चे, और विकलांग व्यक्तियों की सहायता करें। सरकारी सहायता केंद्र की जानकारी रखें। राहत कैंप या निकटतम प्राथमिक चिकित्सा केंद्र की जानकारी पहले से रखें।क्या न करें बाढ़ के पानी में न चलें। तेज बहाव वाले पानी में चलना जानलेवा हो सकता है,भले ही पानी कम दिखाई दे। बिजली के खंभों और टूटे तारों से दूर रहें। गीले वातावरण में करंट लगने का खतरा रहता है। अफवाहों पर विश्वास न करें। सोशल मीडिया या अफवाहों के आधार पर निर्णय न लें, केवल सरकारी सूचना पर भरोसा करें। खुले कुएं, गड्ढों और सीवर से दूर रहें। बहते पानी में ये नजर नहीं आते और दुर्घटना हो सकती है। बचाव दल को बाधा न बनें। बचाव कार्य में लगे कर्मचारियों को सहयोग दें। बिना जरूरी वाहन न चलाएं। जलभराव वाले इलाकों में वाहन चलाना दुर्घटनाजनक हो सकता है। किसी भी समस्या के लिए 05192 285260, 1070, 1077, 108, 112, 9454441081, 9452662412, पर कॉल करने के साथ अपनी समस्या दर्ज कराए।

## दस वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना जरिया पुलिस द्वारा 10 वारंटी अभियुक्त ध्रुव उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र विजय यादव असं. 406/22 धारा 323/504/506 भादसं., धनीराम पुत्र रघुनाथ लोधी असं. 120/2001 धारा 10 यूपी गुण्डा एक्ट, खेमचन्द्र पुत्र रघुनाथ लोधी असं. 27/01 धारा 10 यूपी गुण्डा एक्ट, ओमप्रकाश लोधी पुत्र रामसेवक उर्फ सेवा असं. 46/01 धारा 10 यूपी गुण्डा एक्ट, कल्लू यादव पुत्र बालादीन यादव असं. 82/99 धारा 25 आयुध, मुन्ना पुत्र महिपत असं. 71/2017 धारा 147/323/504/325 भादसं. देवीदयाल पाल पुत्र मुन्नीलाल असं. 1037/08 धारा 3/7 ईसी एक्ट, महेन्द्र पाल पुत्र गौरीशंकर असं. 71/17/01 धारा 147/323/504/325 भादसं. महेन्द्र कुमार पुत्र महिपत असं. 71/2017 धारा 147/323/504/325 भादसं. कल्लू पुत्र मैयादीन बसोर असं. 197/04 धारा 323/324/504 भादसं. से सम्बन्धित अभियुक्तगणो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त ध्रुव उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र विजय यादव उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम चण्डौत थाना जरिया जनपद हमीरपुर, धनीराम पुत्र रघुनाथ लोधी उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम बौखर थाना जरिया जनपद हमीरपुर, खेमचन्द्र पुत्र रघुनाथ लोधी उम्र करीब 66 वर्ष निवासी ग्राम बौखर थाना जरिया जनपद हमीरपुर, ओमप्रकाश लोधी पुत्र रामसेवक उर्फ सेवा उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम बौखर थाना जरिया जनपद हमीरपुर, कल्लू यादव पुत्र बालादीन यादव उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम धगवां थाना जरिया जनपद हमीरपुर, मुन्ना पुत्र महिपत उम्रकरीब 30 वर्ष निवासी सरीला थाना जरिया जनपद हमीरपुर, देवीदयाल पाल पुत्र मुन्नीलाल उम्र करीब 70 वर्ष निवासी ग्राम करियारी हालपता दांदो थाना जरिया हमीरपुर, महेन्द्र पाल पुत्र गौरीशंकर उम्र करीब 40 वर्ष निवासी कस्बा सरीला थाना जरिया जनपद, महेन्द्र कुमार पुत्र महिपत उम्र करीब 37 वर्ष निवासी कस्बा सरीला थाना जरिया जनपद हमीरपुर, कल्लू पुत्र मैयादीन बसोर उम्र करीब 42निवासी ग्राम रिगवारा खुर्द थाना जरिया जनपद हमीरपुर है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रमाकांत शुक्ल, उपनिरीक्षक दिनेश प्रसाद, उपनिरीक्षक रामकुमार, कांस्टेबल संजय कुमार सिंह, मनोज कुमार, रिझुल मुखरैया, प्रिंस कुमार, आनन्द कुमार, अभिषेक कुमार शामिल रहे।

## खबर एक नज़र

### उदर शक्ति विकासक क्रिया से दूर होते है पेट के रोग- योगाचार्य



चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि उदर शक्ति विकासक क्रिया के माध्यम से पेट की खराबी के कारण शरीर में उत्पन्न विभिन्न प्रकार के रोगों को दूर किया जा सकता है।

योगाभ्यास कराते हुए योगाचार्य ने बताया कि पेट का कोई भी रोग चाहे कितना भी पुराना हो, उदर शक्ति विकासक क्रिया के नियमित अभ्यास से वह शीघ्र ही दूर हो जाता हैं। बताया कि यह योग क्रिया पेट की स्थूलता को कम करके उसे नरम बनाने में, पेट के अफरा में, गैस, अम्लता आदि में दिव्य औषधि का काम करती है। इसके साथ ही नाभि केंद्र से जुड़ी सभी नाड़ियों को नई ऊर्जा, ताजगी और दिव्य शक्ति का संचार देती है तथा आध्यात्मिक उन्नति में सहायक सिद्ध होती है। बताया कि उदर शक्ति विकासक क्रिया को अजगरी क्रिया से शुरु करते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं तथा दोनों नासिका रंध्रों से धीरे-धीरे अजगर की तरह श्वास पेट में भरते हुए पेट को फुलाते हैं, फिर कुछ देर ठहरने के बाद अंदर की सांस दोनों नासिका रंध्रों से धीरे-धीरे बाहर छोड़ते हैं और पेट को पूर्णतया पिचकाते हैं, जिसे उड्डियान बंध भी कहते हैं। ऐसा कम से कम पांच बार करते हैं। सावधानी के तौर पर पेट की तात्कालिक सर्जरी की दशा में इसे न करें।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक बच्चे सहित तीन लोग हुए घायल हुए रेफर

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** आज दिन रविवार को अलग.अलग दुर्घटनाओं में एक बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल होने पर सभी को जिला अस्पताल बांदा के लिए रेफर किया जाना बताया गया। मिली जानकारी के अनुसार सरकारी अस्पताल नरैनी रोड के फार्मासिस्ट सुभाष ने बताया कि आशुतोष त्रिपाठी पुत्र रामनारायण उम्र लगभग 28 वर्ष निवासी पचोखर अपनी बाइक से अतर्रा की ओर आ रहे थे तभी एक ऑटो चालक ने जोरदार ठोकर मार दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए किसी तरह उनको सरकारी अस्पताल लेकर के लोग आए तथा प्रथम उपचार के बाद जिला अस्पताल बांदा के लिए रेफर किया जाना बताया गया।

इसी तरह दूसरी घटना में सोनू पुत्र हीरालाल उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी बसरेही एक बाइक में बैठकर उसका साला ओम प्रकाश तथा 6 वर्षीय अर्जुन पुत्र सोनू निवासी उपरोक्त गिर जाने से पिता पुत्र के दोनों के सर में चोट लगने के कारण हेड इंजरी की संभावना उपस्थित डॉक्टर के द्वारा बताया गया दोनों को जिला अस्पताल बांदा के लिए रेफर किया जाना बताया गया। ओम प्रकाश के कोई चोट नहीं लगी।

### दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर चली लाठियां दोनों तरफके लोग हुए घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** कोतवाली थाना प्रभारी ऋषि देव ने बताया कि ग्राम सभा तेरा ब के अंश पांडे पुरवा निवासी राजा बाबू प्रथम पक्ष तथा दूसरा पक्ष गंगा प्रसाद पांडे के मध्य जमीनी विवाद को लेकर आज लाठी डंडे चले जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए दोनों का चालान कर दिया गया।

## करंट लगने से अधेड़ की मौत

**बांदा।** छत पर सोने जा रहा किसान टीन में उतरे करंट की चपेट में आकर चिपक गया। उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो मे कोहराम मच गया।

पैलानी थाना क्षेत्र के चंदवारा गांव निवासी 56 वर्षीय लाला निषाद पुत्र शिवनायक निषाद किसानी करता था। शनिवार की रात वह छत पर बने कमरे में सोने जा रहा था। जीने के पास टीन पड़ी थी। उसी टीन के ऊपर से केबिल निकली हुई थी। केबिल कही से कटी थी। जिससे टीन में करंट आ रहा था। जैसे वह जीने की एक दो सीढी चढा ही था कि उसने टीन को छू लिया। करंट की चपेट मे आ कर चिपक गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे घरवालो ने देखा तो लाठी डंडो की सहायता से उसे बाहर निकला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। ग्राम प्रधान अरविंद ने बताया कि वह किसानी करता था। उसके पास चार बीघा जमीन है। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा पांच पुत्र छोड़ गया है।

## हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में वारंटी/वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना राठ पुलिस द्वारा मुअसं. 322/25 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र राजपूत पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम चिल्ली थाना राठ जनपद हमीरपुर को एक्सप्रेस-वे के पुल के नीचे वहद् ग्राम चिल्ली थाना राठ जनपद हमीरपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

5 जुलाई को राठ पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना राठ क्षेत्रांतर्गत ग्राम चिल्ली में विजय बहादुर राजपूत पुत्र स्व. स्वामी प्रसाद उम्र लगभग 68 वर्ष, निवासी ग्राम चिल्ली थाना राठ जनपद हमीरपुर की उनके ट्यूबवेल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर पर प्रहार कर हत्या कर दी गई। सूचना प्राप्त होते ही थाना पुलिस तथा उच्चाधिकारीगण तत्काल मौके पर पहुंचे, घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी थी। थाना पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई थी। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राठ पुलिस द्वारा मुअसं. 322/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। पूंछताछ के क्रम में अभियुक्त के द्वारा बताया गया कि मृतक से उसकी पत्नी का अवैध सम्बन्ध होने का संदेह के कारण वह रंजिश रखता था। 5 जुलाई को वह शराब के नशे में दिन मे अपने खेत में बने सोलर पम्प की कोठरी में जाकर बैठा गया और बौरा दादा के आने का इंतजार करने लगा। जब मृतक दोपहर में अपने ट्यूबवेल की कोठरी में पहुंचे और चारपाई पर लेट गये। थोडी देर बाद अभियुक्त उनके कोठरी में पहुंचकर सोता हुआ देख पास में रखे फावड़े के पिछले हिस्से से सिर व चेहरे पर वार कर हत्या कर फावड़ा वहीं मौके पर छोड़कर अपने सोलर पम्प में पहुंचकर कपड़े बदलकर छिपा दिया और पीछे खेत के रास्ते तुलसी फैक्ट्री के पीछे से अपने घर पहुंच गया एवं पुनः अपनी पत्नी के साथ अपने ट्यूबवेल पर आया और फावड़ा मांगने के बहाने मृतक के ट्यूबवेल पर गया वापस लौटकर अपनी पत्नी को बताया कि बौरा दादा (मृतक) की किसी ने हत्या कर दी है।

अभियुक्त द्वारा घटना के दिन पहने कपड़े सफेद शर्ट व लोवर पुरानी इस्तेमाली जिसमें खून के छींटे पड़े हुए थे। बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त वीरेन्द्र राजपूत पुत्र रामेश्वर (उम्र करीब 45 वर्ष) निवासी ग्राम चिल्ली थाना राठ जनपद हमीरपुर। गिरफ्तार करनेकरने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामआसरे सरोज, उपनिरीक्षक विनेश गौतम, उपनिरीक्षक शिवम दत्त, उपनिरीक्षक सचिन शर्मा एसओजी प्रभारी, हेडकांस्टेबल विजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अतुल कुमार, सुरेन्द्र मिश्रा, शक्ति सिंह, अतुल तिवारी, अभिषेक राजपूत, मनोज कुमार शर्मा थाना राठ शामिल रहे।

## पिकअप और छोटा हाथी बाहन मैं जानवरों को भरकर ले जा रहे थे पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** पिकअप और छोटा हाथी वाहन में 15 महिष वंश ठूस कर ले जा रहे चार लोगों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली के उपनिरीक्षक इबरार सिद्दीकी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि शाम को हमराही सिपाहियों के साथ करतल मार्ग पर जा रहे थे।मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर करतल की ओर से आ रही पिकअप और छोटा हाथी वाहनों को रोक कर तलाशी ली तो पिकअप में 7 और दूसरे वाहन में 8 भैस पड़वा बरामद किए गए हैं।बताया है कि पशुओं के पैर बांध कर ठूस कर भरे गए थे।दोनो वाहनों के चालक और दो अन्य सवार लोगो जिसमे तौहीद पुत्र रफीक निवासी किशनपुर गौरिहार जिला छतरपुरए सखावर पुत्र नूर खा निवासी भापतपुर एअजयगढ़ जिला पन्नाए ठाकुर प्रसाद भट्ट पुत्र बाबूलाल निवासी रामबाग टिकरिया पन्ना शहरए मुशीरुद्दीन पुत्र मंजूर निवासी हाथी बिल्डिंग के सामने पन्ना शहर को मौके से गिरफ्तार किया गया है।दोनो वाहनों के चालको ने बताया कि अतर्रा बाजार में बेचने लिए जा रहे थे।सभी पशुओं को पनगरा में बनी गौशाला के संचालक के सुपुर्द किया गया है।कार्यवाही के दौरान सतीशए जितेंद्रए महिला सिपाही ऋतु तिवारीए शामिल रहे।

## होनहार बच्चों और शिक्षकों को भाजपा नेता जगदीश गौतम ने किया सम्मानित



चित्रकूट ब्यूरोः यूपी बोर्ड की हाइस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को समाजसेवी भाजपा नेता जगदीश गौतम ने राजकीय हाईस्कूल रौली कल्याणपुर में सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों व शिक्षकों का उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम में समाजसेवी भाजपा नेता जगदीश गौतम ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के बच्चे कम संसाधनों में भी अच्छे परिणाम प्राप्त करते हैं। इसके पीछे बच्चों की कठिन मेहनत उनके अभिभावकों और शिक्षकों का सहयोग होता है। जिसके बाद बच्चे श्रेष्ठता सूची में स्थान बनाने में सफल होते है। इस दौरान उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनुज कुमार वर्मा, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गोमती प्रजापति व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली शालू द्विवेदी को पुरस्कार देकर उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य शारदा प्रसाद गुप्ता, रमेश यादव, धमेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को वितरित की गई सामग्री

**- बिस्किट, मोमबत्ती आदि का किया गया वितरण**



**बांदा।** समाजसेवियों के द्वारा जरूरतमंदों को बिस्कुट, मोमबत्ती, माचिस आदि का वितरण किया गया। सामग्री मिलने पर ग्रामीणों ने समाजसेवियों का आभार जताया है। रविवार को रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज, मनु बंसल के संरक्षण में रोटी बैंक सोसाइटी के संगठन मंत्री सुनील सक्सेना की अध्यक्षता में रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव ग्राम कनवारा ब्लॉक बड़ोखर तहसील की उपस्थित में कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, बिस्किट, माचिस, मोमबत्ती आदि का वितरण पूर्व में कई बार बाढ़ ग्रस्त ग्राम कनवारा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को बाढ़, सर्पदंश, स्वास्थ्य तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा और महिला सोशल मीडिया प्रभारी ऋचा रैकवार के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, बिस्किट, मोमबत्ती, माचिस आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष रिजवान अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, सचिव मोहम्मद इदरीश, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, महामंत्री मोहम्मद अजहर, अब्दुल मुजीब मीडिया प्रभारी, शाखा प्रमुख मर्दननाका अलीम अहमद खान, सदस्य अलीमुद्दीन, महेन्द्र पाल, शाहान अली, शहाना खान आदि पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे।

## लोक गायको को गुरु शिष्य परंपरा करते हुए उपहार भेंट किया

स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा। लोक गायको ने कबीरी भजन सुनाकर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया।कबीर आश्रम में गुरु शिष्य परम्परा कर निर्वहन कर लोगो ने उपहार भेंट किये। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के नौगवां गांव में स्थित शीतल दास सिद्ध पीठ कबीर आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर संत कबीर एकेडमी संस्कृत विभाग द्वारा कबीर महोत्सव का आयोजन किया गया।भाजपा के क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के लोक गायक दयाराम रैकवार ने अपनी टीम के अमित कुमारए अभिषेक कुमारए सुरेश कुमारए तृप्ति सिंहए दलगंजन सिंहए दुर्गा प्रसाद आदि के साथ कबीरी भजनों का गायन कर शमा बांधी।इस दौरान भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष नितेश भदौरिया नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद सोनकरएअशोक राजपूतए ने आश्रम के महंत मोहनदास को उपहार भेंट किया।कोरी समाज के राष्टीय उपाध्यक्ष पन्ना लाल कोरी सहित क्षेत्र और गांव के लोग उपस्थित रहे।

## सोच से ही इंसान अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है - इमरान अली



**चित्रकूट ब्यूरोः** इमरान अली इस समय ''प्यार बिना सब सुना'' की चित्रकूट में शूटिंग कर रहे है। जिनसे कुछ इस तरह संवाद हुए

- आप इस समय कौन सी फिल्म बना रहे है और इसकी कहानी क्या है?

इस समय ''प्यार बिना सब सुना '' फिल्म का निर्माण हो रहा है जो एक बॉलीवुड फिल्म है, और फिल्म की कहानी एक सैलून चलाने वाले युवक के इर्द गिर्द घूमती है और ये कहानी बहुत ही मजेदार है।

- यह फिल्म किस प्रोडक्शन हाउस एवं इसके निर्माता कौन है?

इस फिल्म का निर्माण शिव कृष्णा एंटरटेनमेंट बैनर से हो रहा है और इसके निर्माता संजय प्रताप सिंह है।

- आप की अभी तक कितनी फिल्म बना चुके है?

यह मेरी तीसरी फिल्म है डायरेक्टर के तौर पर इसके पहले 35 फिल्मों में सह निर्देशक के तौर पर काम कर चुके है।

- आपने फिल्मों में कब कदम रखा?

2014 से फिल्म इंडस्ट्री में इंट्री की और सुजीत कुमार सिंह हमें आगे बढ़ने का रास्ता बताया और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

- प्यार बिना सुना फिल्म कब तक रिलीज होंगी?

फिल्म पूरी होते ही पोस्ट प्रोडक्शन का काम स्टार्ट हो जायेगा और जल्द ओ टी टी पे रिलीज हो जाएगी।

## बूथ से मण्डल तक कांग्रेस को मजबूत कर दमदारी से लडेंगे चुनाव-कुशल



**चित्रकूट ब्यूरोः** कौंग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को बैठकों का आयोजन किया गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक नए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई तथा ब्लाक समिति व मण्डल अध्यक्षों के चयन को लेकर चर्चा की गई।

राजापुर में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में नगर पंचायत के दो सभासदों राजेश त्रिपाठी व उदल वर्मा सहित एक दर्जन लोगों को पार्टी में शामिल कर सदस्यता दिलाई गई। इसी प्रकार मऊ में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद पाण्डेय, रामनगर में ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर खंगार व मानिकपुर में ब्लाक अध्यक्ष दिवाकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में संगठन सृजन अभियान को लेकर बैठके आयोजित की गई। इसके अलावा पहाड़ी में भी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक समिति व मण्डल अध्यक्षों के चयन के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

जिला समन्वयक आदित्य स्वरूप पांडेय ने कहा कि कौंग्रेस पार्टी का संगठन गांव स्तर तक मजबूत करने में सभी कार्यकर्ता सक्रिय होकर कार्य करें। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जिले में कौंग्रेस पार्टी को मण्डल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत कर पंचायत चुनाव दमदारी के साथ लड़ा जाएगा। पीसीसी सदस्य पूर्व प्रत्याशी रंजनाबराती लाल पांडेय ने कहा कि कौंग्रेस पार्टी में महिलाओं, पिछड़ों, दलित, आदिवासी एवं सभी वर्गों को जिम्मेदारी देकर संगठन को मजबूत करना है। जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। जबकि कौंग्रेस पार्टी सभी वर्गों को आपस में जोड़ने का काम करती है। जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है। पीसीसी सदस्य सत्यनारायण कोल ने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करें, तभी देश एवं प्रदेश का विकास होगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा कौंग्रेस कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमा लिखने के विरोध मे 14 जुलाई सोमवार को विरोध प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी कर्वी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस मौके पर राकेश पाण्डेय, दिनेश द्विवेदी, इंद्रपाल कोल, अरविंद पाण्डेय, शिवशंकर खंगार, भगवानदीन, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, पंचवटी कोल, गिरिजा देवी, कमलाकांत शुक्ला, तीरथ सिंह, प्रदीप वर्मा, पुणेंद्र पाण्डेय, दिलीप यादव, संदेश वर्मा, प्रेमा तिवारी, सचिन भारती, रूद्र प्रसाद मिश्रा, दिवाकर त्रिपाठी, मेहरबान अली, मोहनलाल विश्वकर्मा, विनोद वर्मा, कामता प्रसाद, लवकुश प्रसाद कोल, सोशल मीडिया प्रभारी योगेंद्र रैकवार आदि मौजूद रहे।

## हरेश्वर महादेव मंदिर में की गई शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा

**पहाड़ी, चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को थाना पहाड़ी परिसर में स्थित नवनिर्मित हरेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना पुलिस एवं क्षेत्र के सभ्रान्त व्यक्तियों के विचारों से थाना परिसर में नवनिर्मित मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई है। जिससे थाना पहाड़ी पुलिस व आसपास के आम नागरिकों को पूजा-पाठ करने अब दूर नही जाना पडेगा। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल, पहाड़ी थाने के अपरध निरीक्षण प्रभुनाथ सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनीष कुमार, उपनिरीक्षक जंगबहादुर तोमर, सुरेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, अरमान आलम, अभिनव सिंह, आकांक्षा सिंह, प्रेम नारायण, शेष नारायण, आनंद सिंह, शरद सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी सहित आम नागरिक मौजूद रहे।

## मनीष यादव सपा से निष्कासित

इटावा। समाजवादी पार्टी ने सपा उण्प्रण् कार्यकारिणी सदस्य रहे मनीष यादव उर्फ पतरे को पार्टी से निष्कासित कर दिया। सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने बताया कि मनीष यादव पतरे पार्टी विरोधी कार्यक्लापों में लिप्त हो गये थे जिसकी बराबर सूचनाएं मिल रही थी इसी के चलते हाईकमान के आदेशानुसार मनीष यादव पतरे को पार्टी से निकाला गया है।

# उ.प्र. के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने स्व. लटूरी सिंह यादव को बताया सबसे दवंग और जन हितैषी नेता


स्व.चौधरी लटूरी सिंह यादव दद्दा


पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह

**एटा।** जनपद एटा मे बतौर एसएएसण्पी रहे आई पीएस विक्रम सिंह ने पुलिस सेवा मे उत्तर प्रदेश के पुलिस मुखिया तक सफर किया।उन्होंने एक चैनल को दिये एक साक्षात्कार मे जनपद एटा की विधानसभा अलीगंज के बिधायक स्वण्लटूरी सिंह यादव के बारे मे जो चर्चा की उसका वीडियो सोसल मीडिया पर बायरल हो रहा है।पढिए वो अंश . दद्दा लटूरी सिंह थे एटा के।उनके बारे मे ये कहा जाता है कि उनसे ज्यादा दवंग यूपी मे न कोई एम एल ए था न हुआ है।मेरे तो बडे भाई छोटे भाई जैसे सम्बन्ध थे।और मेरी जो कामयाबी का बहुत बडा कारण रहा कहना तो नही चाहिए लेकिन बहुत बडा कारण तत्कालीन दद्दा लटूरी सिंह ही थे।क्योंकि एक जनता से जुड़े जमीन से जुडे नेता थे।जो उनका लेवल आँफइन्टैलीजैंस था वो मेरा सौ साल भी नही हो सकता।समझ रहे है।अब मैं इससे ज्यादा नहीं कहूँगा।लेकिन ये तो आपके ऊपर है कि आपको अपना काम कैसे निकालना है।.

ये बोल किसी राजनैतिक नेता व सजातीय के नहीं है।उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह के है।ये बोल अनमोल इस लिये बन गये कि आज स्वण्लटूरी सिंह दद्दा के बडे पुत्र चौधरी अबधपाल सिंह यादव जो प्रदेश मे एक बार नहीं बल्कि दो बार कैबिनेट मंत्री रहे है।सत्ताधारी भाजपा मे भी वो अच्छे पद पर रहे।लेकिन आज के दौर मे जातीय दल.दल मे फँसे कुछ आई पी एस व आई ए एस अधिकारी जो उन्हे कमतर आँक रहे है। उनके पिता की चर्चा सूवे के पूर्व पुलिस मुखिया द्वारा बखान करना उन्हें आज के राजनेताओं से तुलना करने पर मजबूर कर सकता है।साथ ही अलीगंज के सत्ता धारी नेता भले ही सीधे योगी से मिल लेते हो मगर कोई सजातीय आईपीएस भी उनके बारे मे ऐसा नही बोल सकता।बरहाल राजनीति के शाँन्त बातावरण मे पूर्व डीजीपी ने भूचाल ला दिया है।और चौधरी लटूरी सिंह दद्दा की चर्चा ताजा हो गयी ।

## गरीब विधवा को आर्थिक सहायता देकर प्रदेश सरकार से 500000 की आर्थिक सहायता देने की मांग की



छिबरामऊ कन्नौज समाजवादी पार्टी पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव भगवंतपुर में विगत सप्ताह कोई सहदेव गौतम की मृत्यु पर पहुंचे उनके घर भगवंतपुर में विगत सप्ताह सहदेव बाथम की मृत्यु हो गई घटना की जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव भगवान भगवंतपुर गांव में शकुंतला देवी पत्नी स्वर्गीय सहदेव बाथम के घर पहुंचे और आर्थिक सहायता दी पूर्व विधायक ने कहा कि शकुंतला देवी के पास ना तो रहने के लिए छत है नई जीवन यापन करने के लिए कोई साधन है उत्तर प्रदेश सरकार को गरीब बिसरा विधवा को कम से कम ?500000 की आर्थिक सहायता देखकर सरकारी मकान उपलब्ध कराया जाए चेक देते समय अर्पित शुक्ला अखिलेश सिंह बृजेश यादव प्रधान घुरम सिंह रेसिंग बंटू अमन खान तस्लीम वारसी सुमित रोबिन अंकुर शहीद दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे

### सैफई की एक्स.रे मशीन दो दिन से खराब

**सैफईए इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालयए सैफई के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर में लगी एक्स.रे मशीन शुक्रवार शाम से बंद है। शनिवार को पूरे दिन भी मशीन चालू नहीं हो सकीए जिससे दो दिन से इमरजेंसी में पहुंचे मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रोजाना औसतन छह सौ मरीज इमरजेंसी पहुंचते हैंए जिनमें से बड़ी संख्या में गंभीर व दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को तत्काल एक्स.रे की आवश्यकता होती है। ऐसे में मशीन का बंद रहना चिकित्सा सेवाओं के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है।

ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कमरा नंबर 10 में लगी 850 एमएम की यह एक्स.रे मशीन करीब 15 साल पुरानी हैए जो अक्सर अधिक लोड के कारण ओवरहीट होकर काम करना बंद कर देती है। शुक्रवार शाम लगभग 7रू30 बजे अचानक मशीन बंद हो गई। मौके पर मौजूद तकनीकी स्टाफ ने तत्काल सुधार की कोशिश कीए लेकिन मशीन चालू नहीं हो सकी।

मशीन के बंद हो जाने के बाद इमरजेंसी स्टाफ ने मरीजों को पुराने ओपीडी भवन के कमरा नंबर 38 व 39 में भेजना शुरू कियाए जहां वैकल्पिक रूप से एक्स.रे मशीनें चालू हैं। लेकिन वहां पहले से ही भारी भीड़ होने के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। तीमारदारों का कहना है कि इमरजेंसी में एक.एक पल कीमती होता हैए ऐसे में इतनी देरी घातक साबित हो सकती है।

टिमरुआ गांव निवासी राजबीर 35 बर्षीय पुत्र श्रीकृष्ण ने बताया कि वह शुक्रवार शाम 5ण्30 बजे कथुआ मोड़ के पास बाइक की टक्कर से घायल हो गया था। शाम 7ण्30 बजे ट्रॉमा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसके पैर की चोट को देखते हुए एक्स.रे के लिए भेजाए लेकिन मशीन खराब होने के चलते उसे डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा और फिर पुरानी ओपीडी भेजा गया। इसी तरह मैनपुरी निवासी गंगन कुमार ने बताया कि उनके 65 वर्षीय पिता राछपाल सिंह की तबीयत बिगड़ने पर शनिवार शाम करीब 6 बजे ट्रॉमा सेंटर लाया गया। डॉक्टरों ने चेस्ट एक्स.रे की सलाह दीए लेकिन मशीन बंद होने की वजह से दो घंटे बाद भी जांच नहीं हो सकी। अंत में उन्हें भी पुराने भवन में भेजा गया। दो दिनों से लगातार मरीजों की जांच प्रभावित होने से इमरजेंसी वार्ड में भीड़ के दबाव और वैकल्पिक व्यवस्था की सीमाओं के कारण मरीजों को इलाज में देरी हो रही है।

### नगर पालिका एंटी लार्वा दवा का छिड़काव करा रही

इटावा। नगर पालिका की अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता के निर्देशन में नगर पालिका संचारी एंव मच्छर जनित रोगों डेंगू और चिकनगुनिया के रोकथाम के पूरी तरह प्रतिबद्ध हैए इसके लिए शहर के चालीसों वार्डों में लगातार एंटी लार्वा दवाई का छिड़काव निरंतर जारी हैए साथ ही जलभराव वाले स्थानों पर भी सफाई निरंतर करायी जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित नें बताया कि जहां पर जलभराव आदि है उसकी सूचना शहर वासी नगर पालिका कार्यालय या स्थानीय सभासदों को बतायें जिससे समस्या का निदान किया जा सकेएडेंगू के मच्छर रूके हुये साफ पानी मे अंडे देते हैए यदि घरों आदि में कूलर या अन्य स्थानों में पानी भरा है तो उसे खाली कर साफकर देंए पशुपालकों से भी निवेदन है की सार्वजनिक स्थानों पर अपनें पशु न बांधेए और जहां बाधें वहां सफाई की व्यवस्था रक्खेंए शहर को स्वच्छए सुन्दर और स्वस्थ बनाये रखनें में नगरपालिका का सहयोग करें।

# सरकार की योजनाओं को पात्र परिवारों तक सुलभता से पहुंचाया जाए -असीम अरुण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**फर्रूखाबाद।कन्नौज।** क्षेत्र का विकास कैसे किया जाए और जनोपयोगी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक सुलभता से कैसे पहुंचे ऐसे तमाम मुद्दों पर सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने रविवार को कन्नौज के जनप्रतिनिधियों के साथ गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार की रोजगारपरक योजनाओं का लाभ युवाओं को अधिक से अधिक मिले इसके लिए युवाओं को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाए।



बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री श्री अरुण ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र की दो.दो विकास योजनाओं को चिन्हित करें। जिसका सीधा लाभ नागरिकों को मिल सके। ऐसी योजनाओं को सभी मिल कर पूरा होने में सहयोग करेंगे कुछ ऐसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी चिन्हित किए जाएं जो किसी कारणवश रुक गए हों या शासन स्तर से उसमें किसी सहयोग की आवश्यकता हो।

नागरिकों खास कर युवाओं और महिलाओं को रोजगारपरक योजनाओं से जोड़ा जाए। रोजगार के लिए प्रशिक्षण बैंक से लोन आदि आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए उनकी मदद की जाए।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत पूर्व सांसद सुब्रत पाठक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत जिला महामंत्री हरिबक्श सिंह शैलेंद्र द्विवेदी रामवीर कठेरिया सौरभ कटियार ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया अजय वर्मा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश बॉथम पुष्पेंद्र शाक्य पुच्ची ठाकुर बादाम पाल अवनीश दोहरे संदीप चतुर्वेदी चेयरमैन मनोज दुबे मौजूद रहे।

# संस्कार भारती की ओर से कला साधकों को सम्मानित किया गया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**फर्रूखाबाद।** संस्कार भारती की ओर से गुरुपूर्णिमा पर आयोजित कला साधक सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों एवं कला साधकों को सम्मानित किया




इस अवसर पर मुख्य अतिथि दो रामबाबू पाठक ने गुरु की महत्वता का वर्णन रामचरितमानस के प्रसंग के साथ दिया श्री राम के मर्यादा पुरुषोत्तम बनने के पीछे उनके गुरुओं का योगदान रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि भाई.भाई का प्रेम और गुरुओं का योगदान सदैव प्रेरणादायक है इस अवसर पर कब डॉक्टर शिवम अंबर ने कहा कि गुरु सदैव गुरु रहता है आज समाज से मूल्य का चरण हो रहा है ऐसे में मात्र गुरु ही पथ प्रदर्शक बन सकते हैं प्रत्येक व्यक्ति जो कुछ सीखता है गुरु है जो अंधकार से उजाला दिखाता है इस अवसर पर संस्कार भारती की ओर से क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी दीप्ति वत्स क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कुमारी राना हिज़ाब सत्यपाल सिंह सोमवंशी प्रगल्भ अजय सिंह चौहान अर्पण शाक्य को सम्मानित किया गयाकार्यक्रम में संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेयए समरेंद्र शुक्ल जिलाध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह रविंद्र भदौरिया डॉ रविंद्र यादव अनुभव सारस्वत निमिष टंडन अरविंद दीक्षित अभिनव सक्सेना भूपेन्द्र प्रताप सिंह अनुराग पांडे संजय गर्ग डॉ नवनीत गुप्त गौरव मिश्रा बंटी सुमन त्रिपाठी रजनी लौंगवानी चित्रा अग्निहोत्री आदि मौजूद रहें।संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया

# गुरु तेग बहादुर की सन्देश यात्रा का स्वागत हुआ

इटावा। गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित संदेश यात्रा का गुरुद्वारा तेग बहादुर पर शनिवार रात्रि पहुंचने पर अध्यक्ष तरन पाल सिंह कालरा के नेतृत्व में सिखए पंजाबी व सिंधी समाज ने एक साथ मिलकर जोरदार स्वागत किया।

सन्देश यात्रा का नेतृत्व कर रहे अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर शनिवार को सुबह गुरुतेग बहादुर महाराज के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित तेग बहादुर संदेश यात्रा का फूल बरसाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया और वहीं से संदेश यात्रा का शुभांरभ हुआ।संदेश यात्रा लखनऊ से चलकर कानपुरए इटावाए आगरा होकर दिल्ली के चांदनी चौक और शीशगंज गुरुद्वारा तक जाएगी। गुरुद्वारा तेग बहादुर साहिब पर इटावा की संगत ने फूल मालाओं और फूल बरसाकर यात्रा के साथ आए श्रद्धालुओं दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन कुलवीर सिंह कहलोए सेक्रेटरी जसमेन सिंहए मनजीत सिंहए गुरमीत सिंह और कानपुर से यात्रा में शामिल हुए रमिंदर सिंह रिंकू व हरमीत सिंह का भव्य स्वागत जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल जैसे गगन भेदी नारों के साथ किया। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने पंज प्यारयों के साथ आए सभी श्रद्धालुओं का माल्यार्पण और सिरोपा पहनाकर स्वागत किया गया। संदेश यात्रा की अगुवाई करने वाले सभी श्रद्धालु इटावा संगत द्वारा किए गए स्वागत व सम्मान से बहुत खुश हुए और उन्होंने इटावा की संगत की भूरि भूरि प्रशंसा की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष तरनपाल सिंह कालरा ने कहा कि हमें जो भी निर्देश मिले हैं हम सभी उसका पूर्ण श्रद्धा के साथ पालन करेंगे। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से आए हुए सभी विशिष्टजनों का स्वागत सम्मान करते हुए हृदय से आभार व्यक्त किया। स्वागत कार्यक्रम की तैयारियों में मनदीप सिंहए सरदार मोहन सिंहए चरणजीत सिंहए राजू गुलाटी व दीपू अरोड़ा का सराहनीय सहयोग रहा।

# एसपी ने महिलाओं एवं छात्राओं से किया सीधा संवाद

**-अमृतपुर के सिविलियन स्कूल में नारी शक्ति की प्रहरी महिला पुलिस पंचायत लगी**
**-बिना पहचान की वीडियो स्क्रीन कॉल ना उठाएं लाभ के चक्कर में बैंक अकाउंट नंबर ना दें**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**फर्रूखाबाद। अमृतपुर** एपी की ओर से नारी शक्ति की प्रहरी महिला पुलिस पंचायत आयोजित की गई जिसमें साइबर क्राइम महिला उत्पीड़न महिलाओं पर होने वाले अपराध से बचाव की जानकारी दी गई इसके साथ ही बिना पहचान की वीडियो कॉल रिसीव न करने की भी सलाह दी गई


**फर्रूखाबाद।** छात्रा को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का फोल्डर देती एसपी आरती सिंह

शनिवार को कस्बा स्थित संविलियन विद्यालय में महिला जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में एसपी आरती सिंह ने महिलाओं और छात्राओं को साइबर क्राइम महिला सुरक्षा और पुलिस सहायता से संबंधित आवश्यक जानकारियां दीं।

कार्यक्रम में एसपी आरती सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने महिलाओं को आगाह किया कि वे अनजान लोगों के वीडियो कॉल स्क्रीन शेयरिंग या बैंक खातों से संबंधित झांसे में न आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी पुलिसकर्मी फोन पर व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगता। ऐसे मामलों में तुरंत सतर्कता बरतें और किसी भी निर्णय को जल्दबाज़ी में न लें

यहां महिलाओं में लौंग श्री ने शिकायत की कि उसे परिजनों ने घर से निकाल दिया है और विद्यालय में खाना बनाने का मेहनताना भी नहीं मिला। किरन देवी ने शौचालय की समस्या रखी। रीना पत्नी रामबरन ने बताया कि उसकी बेटी के साथ गांव के एक युवक ने मारपीट की लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने तत्काल मेडिकल जांच कराने और संबंधित आरोपी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसपी श्रीमती सिंह ने महिला बीट अधिकारियों को निर्देश? दिए कि गांव.गांव जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ उत्पीड़न या डराने की स्थिति में महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 व 112 पर तत्काल संपर्क करें पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। उन्होंने बच्चों को कॉपियां चॉकलेट तथा पुलिस की ओर से मिशन शक्ति के तहत फोल्डर भी दिए जिसमें सभी जरूरी नंबर का उल्लेख किया गया था किसी भी मुसीबत में सहायता मांगने पर इन नंबरों पर कॉल किया जा सकता है और 5 मिनट में ही पीड़ित को मदद मिलेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अमृतपुर अजय वर्मा थाना अध्यक्ष महिला थाना प्रभारी रक्षा सिंह ग्राम प्रधान सचिन तिवारी स्कूल की शिक्षिकाएं एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

उधर एसपी ने अमृतपुर थाने का निरीक्षण किया तथा एवं अभिलेख की जांच की और फरियादियों को तुरंत न्याय दिलाने के निर्देश दिए हैं

कार्यक्रम के अंत में छोटे बच्चों को कॉपीए किताबए पेन व चॉकलेट भेंट किए गए। जिससे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का माहौल रहा। थाना अमृतपुर का किया निरीक्षण कार्यक्रम उपरांत एसपी आरती सिंह ने थाना अमृतपुर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखनेए अभिलेखों की नियमित जांच और फरियादियों को त्वरित न्याय देने के निर्देश दिए। ये रहे मौजूद इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी अजय वर्माए थाना अध्यक्ष मोनू शाक्यए साइबर क्राइम थाना प्रभारीए महिला थाना प्रभारी रक्षा सिंह सहित कई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीए शिक्षिकाएं व समाजसेवी मौजूद रहे।

# गंगा का जल स्तर बढ़ने से फसलों को हुआ नुकसान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**
**फर्रूखाबाद।** अमृतपुर पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा के चलते मैदानी इलाकों की नदियों में पानी भरने लगा है। जिससे अब गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। लगातार बढ़ रहे जल स्तर के कारण गंगा किनारे बसे गांव के लोग भयभीत होने लगे हैं। इन ग्रामीणों के मस्तक पर बाढ़ आने की दस्तक को लेकर चिंता की लकीरें साफदिखाई दे रही है। शनिवार रात से रविवार सुबह तक जलस्तर में 5 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई। अब यह 136ण्60 सेंटीमीटर तक पहुंच गया है। पांचाल घाट पर खतरे का निशान 137ण्10 सेंटीमीटर है।तीन दिन पहले गंगा के जलस्तर में कमी आई थी। लेकिन गुरुवार रात से यह फिर बढ़ने लगा।

पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश इसका मुख्य कारण है। नदी के किनारे बसे गांवों में स्थिति चिंताजनक है। खेतों में खड़ी फसलों में पानी भर गया है। किसान फसलों के नुकसान को लेकर चिंतित हैं। ग्राम तीस राम की मडैया एवं आशा की मडैया के निवासी लगातार अपनी फसलों को वहां से जल्द से जल्द घर लाने का प्रयास कर रहे हैं। इन लोगों ने बताया कि जो फसले नदी के करीब खड़ी हुई थी उनमें आंशिक नुकसान भी हुआ है। मक्के की फसल में पानी भर जाने के कारण हल्का नुकसान उठाना पड़ा है। लेकिन इसकी जल्दी कटाई करके इसे घर ला रहे हैं।

प्राइमरी विद्यालय के पास बाढ़ का पानी गुजरने लगा है। खेतों में पानी पहुंच चुका है और अब यह घरों की तरफबढ़ने लगा है। गंगा का जल स्तर धीरे.धीरे बढ़ रहा है। जिससे समस्याएं भी उत्पन्न होने लगी है। अमृतपुर तहसील क्षेत्र में दोहरी चुनौती है। यहां गंगा के साथ.साथ रामगंगा का भी खतरा है। रविवार सुबह रामगंगा का जलस्तर 134ण्05 सेंटीमीटर पर पहुंच गया। इस क्षेत्र के निवासियों को बाढ़ की स्थिति में सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## खबर एक नज़र

### सपा कार्यसमिति की बैठक में सांसद विधायक रहे

इटावा। समाजवादी पार्टी जिलाकार्य समिति की मासिक बैठक रविवार को सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया ने राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पार्टी से प्राप्त पत्रों को पढ़कर सुनायाए एवं उनके उनके परिपालन हेतु उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जितेंद्र दोहरे सांसद व राघवेंद्र गौतम विधायक भरथनाए पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य पधारे।

सांसद जितेंद्र दोहरे ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों पूरी निष्ठा के साथ पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचने में जुट जाना चाहिएस वर्तमान सरकार जन विरोधी है।

राघवेंद्र गौतम विधायक भरथना व पूर्व प्रत्याशी रहे सर्वेश शाक्य ने कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए जनपद में चलाए जा रहे पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम की सफलता पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसमें और तेजी लाने के लिए पदाधिकारियों को प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने बैठक में बूथ स्तरीय संगठन की वारीकी से समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्षों एवं ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देश दिए कि वह सेक्टर बार बूथ अध्यक्षों की समीक्षा कर लेंए अधिकांश बूथ प्रभारियों से फोन पर संपर्क करने पर उनका मोबाइल स्विच ऑफहोता हैए जिससे उनसे संपर्क नहीं हो पता हैए मोबाइल नंबरों का सत्यापन भी किया जाना आवश्यक है। पीडीए प्रभारी उदयभान सिंह यादवए जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूतए शहर अध्यक्ष अबदुल अंसारीए विद्याराम यादवए उत्तम सिंह प्रजापतिए नरेन्द्र सिंह कुशवाहए अनवार हुसैनए रवींद्र शुक्लाए जिलाकोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादवए अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फरहान शकीलए वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटवए सीमा यादवए दीपी सिंहए सीमा पालए मालती यादवए जिलाप्रवक्ता विक्की गुप्ताए जय सिंह चौहानए उमेश राजपूत डुलेए रामनरेश यादवए आदित्य गोविंद यादवए नरेंद्र पालए छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायकए देवेंद्र भदोरियाए प्रवीण कुशवाहाए बृजेश यादव पप्पूए डॉण् संतोष राठौरए गुमानी कुशवाहाए राजकुमार यादवए उपदेश मिश्राए राकेश यादवए शिवकुमार निषादए प्रदीप सोनीए रोहित श्रीवास्तवए मनोज राणा वाल्मीकए लईक खानए नितिन यादवए ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह यादवए राजकिशोर भोजवालए ब्रजेश यादव मौजूद रहे।

### 50 मेधावियों को किया गया सम्मानित

इटावा। परशुराम सेवा समिति द्वारा मेधावी सम्मान व वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह रविवार को शक्तिधाम समारोह स्थल महेरा चुंगी इटावा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम पूजा अर्चना के साथ हुआ स कवियत्री गीता चतुर्वेदी ने माँ सरस्वती वंदना पढ़ी। प्रसिद्ध भजन गायक प्रखर गौड़ ने भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड व यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के वर्ष 2025 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 50 मेधावी छात्र.छात्राओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही 25 वरिष्ठ नागरिकों को भी भगवान परशुराम प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र प्रताप मिश्रा एडण् ने की तथा संचालन प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉण् सुशील सम्राट ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और समिति के बारे में विस्तृत जानकारी देते समिति द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को लालजी प्रसाद दुबेए जगमोहन तिवारीए बृजानन्द शर्माए डॉण्बृह्म् कुमार मिश्राए अनिल दुबेए राजीव तिवारीए राज कुमार दीक्षितए डॉण्डी के पांडेयए अरविंद चौधरीए डॉण् अखिलेश मिश्राए पंण् जितेंद्र दुबे दद्दूए के के त्रिपाठीए ओम प्रकाश दुबेए मुकेश चौधरीए आनंद प्रकाश नारायण दुबेए कृष्ण अवतार मिश्राए दीपक त्रिपाठीए बच्चू मिश्रा आदि ने बच्चों को आशीर्बाद देकर अपने अपने विचार व्यक्त किये स कार्यक्रम में प्रदेश महामन्त्री विनय कुमार द्विवेदीए प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबेए प्रदेश सचिव रोहित चौधरीए मनोज चौधरीए भानु प्रकाश अवस्थीए अमित त्रिपाठीए अनिल चौधरीए गीतिका तिवारीए प्रशांत तिवारीए हर्ष शर्माए आशुतोष त्रिपाठीए शिवम शुक्लाए नारायण हरि चौधरीए राज तिवारीए अच्युत कृष्ण त्रिपाठीए रोहित दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# सपा की बैठक में उठा खाद, पानी, बिजली का मुद्दा

## पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव, एमएलसी चुनाव को लेकर सपा ने तेज की तैयारी






**मिर्जापुर।** पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव, एमएलसी चुनाव को लेकर सपा ने तैयारी को लेकर पर जोर दिया गया। बैठक में बिजली, पानी खाद आदि का मुद्दा जोर शोर से छाया रहा। जिले में व्याप्त बिजली

### किसानों को न बिजली मिल रही, न उचित दर पर खाद : लाल बिहारी यादव

### 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सपा तैयार: देवी प्रसाद चौधरी

बैठक पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के अध्यक्षता में आहूत की गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और संगठन को मजबूत बनाने संकट और खाद की भारी किल्लत को लेकर गहरी चिंता जताई गई। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव ने सरकार पर किसानों और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि किसानों को न समय से बिजली मिल रही है, न ही उचित दर पर खाद। यह सरकार की विफलता का प्रतीक है। यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो सपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेंगे।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि पार्टी 2027 के लक्ष्य को लेकर पूरी तरह तैयार है। कहा कि भाजपा की बढ़ती बौखलाहट से यह साफ है कि सपा की लोकप्रियता दिन दुनी रात चौगनी बढ रही है। सपा के बढ़ते जनाधार को लेकर सत्तासीन पार्टी बौखलाहट में आ चुकी है, जिससे भाजपा के विरोध में बोलने वालों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। संविधान को दर किनार कर हर अनैतिक कार्य में अग्रसर भाजपा नेता निचले स्तर पर गिर चुके हैं। कहा कि जोन, सेक्टर से लेकर बूथ स्तर तक पीडीए जनपंचायत लगाया जायेगा और लोगो को बाबा साहब के संविधान की रक्षा के लिये आगे आने का आह्वाहन भी होगा।

बैठक में विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा, पूर्व सांसद रमेश चन्द्र बिन्द, पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, रविन्द्र बहादुर सिंह, रोहित शुक्ला 'लल्लू', रामराज पटेल, सुरेन्द्र सिंह पटेल, शैलेष पटेल, झल्लू खान, सत्यप्रकाश यादव, डॉ0 सुनील सिंह पटेल, रवि प्रकाश त्रिपाठी, जैन कुशवाहा, रामगोपाल बिन्द, राणा प्रताप सिंह, शिवपूजन यादव, संतोष गोयल, भरत लाल बिन्द, महिपाल सिंह, गणेश केशरी, शहनवाज खान, जैनेन्द्र सिंह, दुर्गा सिंह, आशीष राय, कन्हैया यादव, प्रिन्स रॉव, मेवालाल प्रजापति, उपेन्द्र तिवारी, सियाराम जैसल, दिलीप शर्मा, योगेश यादव, बबलू शुक्ला, अशोक यादव, राजेन्द्र यादव, जीत बहादुर पाल, रवि सोनकर आदि मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 237 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 237मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर रीना कि देखरेख में 59मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी क़े देखरेख में 43मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार् नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा क़े देखरेख में 49मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का डॉक्टर रविराज क़े देखरेख में 47मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है।नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 39मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 237मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार,सुभाष पटेल किशोर कुमार,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहें।

# 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जलने से मतवार में बीस दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया विकास खंड के मतवार गांव स्थित 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जलने से नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की विद्युत आपूर्ति बीस दिनों से बाधित होने से चिकित्सक व मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं विद्यालय की आपूर्ति भी इसी ट्रांसफार्मर से होने के कारण विद्यालय की आपूर्ति भी बाधित हो गई है। जिससे पेयजल के लिए विद्यालय के बच्चों को परेशान होना पड़ रहा है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर कामेश्वर तिवारी ने बताया की 63 केवीए का ट्रांसफार्मर करीब 22 जून से जला हुआ है जिससे अस्पताल व विद्यालय की आपूर्ति बाधित हो गई है। ट्रांसफार्मर को बदलने के लिए टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका है। जहां शासन का निर्देश है की 72 घंटे में जले हुए ट्रांसफार्मर को बदल दिया लेकिन करीब बीस दिन बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर को नहीं बदला गया है। इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी हलिया दिलीप कुमार ने बताया है की ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिली है। जल्द ही ट्रांसफार्मर को बदलवा कर आपूर्ति को बहाल करा दिया जायेगा।

# 24 घंटे में 57 सेमी गंगा के जलस्तर में हुई वृद्धि

**मिर्जापुर।** पश्चिमी यूपी में लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा के जल स्तर में लगातार वृद्धि जारी है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिले के गंगा के जलस्तर में 57 सेंटीमीटर वाटर लेवल में बढ़ोत्तरी दर्जकी गई है। गंगा के जलस्तर में वृद्धि की रफ्तार लगभग 2.375 समी प्रति घंटे है। रविवार को सुबह 8 बजेकी रिपोर्टिंग के मुताबिक वर्तमान में गंगाजल स्तर लगभग 72.190 मीटर है। जनपद में बाढ़ का चेतावनी बिंदु 76.724 और खतरेका लेबल लगभग 77.724 मीटर है। हालांकि लगातार बढ़ रहे जल स्तर से जिले के सदर, चुनार तहसील के तटवर्ती गांवों में बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों की चिंता बढ़ गई है। अदलपुरा शीतला धाम घाट पर बाढ़ का पानी दुकानों में घुस गया है। जिला प्रशासन की ओर से अधिकारी दौरा कर हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

# सावन माह के प्रथम रविवार को मां के जयघोष से गूंज उठा मंदिर परिसर

**चुनार (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता धाम में सावन माह के प्रथम रविवार को भारी संख्या में मां के दरबार

### पुत्र की कामना पूर्ण होने पर मंदिर प्रांगण में कराया मुंडन संस्कार

पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा नहाने के पश्चात मां का दर्शन पूजन किए। मां के जयघोष से वातावरण देविमय हो रहा था।

महिला श्रद्धालुओ ने मंदिर परिसर में कड़ाही चढ़ाकर हलुआ पुड़ी गुलगुला आदि प्रसाद बनाकर नारियल चुनरी आदि प्रसाद से मां शीतला को भोग लगाया।

पुत्र कि कामना पूर्ण होने पर मंदिर प्रांगण में मुंडन संस्कार कराई। इस दौरान घंटे घड़ियाल व मां के जयकारे से मंदिर परिसर गुंज रहा था। इस दौरान गर्भ गृह मौजूद अनील पुजारी,



सोनू श्रृंगारिया आदि ने श्रद्धालुओं को बारी बारी से दर्शन पूजन कराया। वही सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य, चौकी प्रभारी अदलपुरा उप निरीक्षक सुरेश सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

# रामदुलार को दी गयी श्रद्धांजलि

**जफराबाद जौनपुर।** धर्मापुर गांव निवासी रामदुलार पाल को रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दिया गया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लोगों ने रामदुलार को नमन किया। जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि रामदुलार पाल ने अपने जीवन मानसिक व शारीरिक रूप से मदद किया।आर्थिक स्थित चाहे जैसी रही हो वे अपने क्षमता से लोगो के दुःख सुख में हमेशा साथ दिया करते थे।उनका चरित्र अनुकरणीय है।उनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रविन्द्र पाल,राजेश पाल,रवी पाल,शिशु त्रिपाठी, कृपाशंकर यादव,नवनीत यादव,विवेक सिंह,सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कार के टक्कर से बाइक सवार जख्मी, रेफर

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के भावा बाजार में रविवार के दोपहर कार के टक्कर से बाइक सवारी युवक गंभीररूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद घायल युवक कीहालत गम्भीर देख चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। क्षेत्र के डढ़िया बंगालीपुर पहड़ी निवासी 38 वर्षीय तौफीक रविवार की दोपहर बाइक से राजगढ़ की तरफ जा रहा था। भावा बाजार में विपरीत दिशा से आए कार का टायरअचानक फट गया। जिससे कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दिया। कार से धक्का लगते ही बाइक सवार तौफीक सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि कार सवार जिगना थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव निवासी रविंद्र यादव,चालक कुलदीप सिंह बाल-बाल बच गए। मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद घायल की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। पुलिस कार को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के देवरी पेट्रोल पंप के आगे रविवार की दोपहर अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गिरकर घायल मौके पर पहुँचे राहगीरों ने एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों का उपचार किया है।

हलिया थाना क्षेत्र के पौड़ी रामपुर गांव निवासी 27 वर्षीय मनोज कुमार अपने साथी त्रिलोकी के साथ पिपरा बाजार से वापस अपने घर लौट रहे थे कि जैसे ही देवरी पेट्रोल पंप से आगे पहुँचे कि बाइक सवार की अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। मौके पर पहुँचे राहगीरों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया है दोनों घायलों की हालत सामान्य है।

# निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 128 बच्चों का हुआ चेकअप



**मिर्जापुर।** पाल्क संस्था द्वारा आज सब्जी मंडी गली, गणेशगंज में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमे 128 बच्चों के साथ उनके अभिभावक को भी दंत परामर्श इंडियन डेंटल एसोसिएशन मीरजापुर के अनुभवी चिकित्सक व अध्यक्ष डॉ रश्मि बरनवाल, डॉक्टर सुरभी कसेरा, डॉक्टर शिवांगी शुक्ला, डॉक्टर अनामिका केशरी, डॉक्टर शिल्पी तिवारी के द्वारा दिया गया और बच्चों को मंच के माध्यम से भी बताया कि यदि बच्चें बड़े बूढ़े सभी प्रतिदिन सुबह व रात्रि में दांत साफ करने व अच्छे खान पान को अपने जीवन शैली में शामिल कर ले तो दांतो कि समस्या से काफ़ी हद तक बचा जा सकता है। पहले पचास रजिस्ट्रेशन कराने वाले बच्चों को डेंटल ब्रश फ्री में बाटे गए। संस्था द्वारा सभी मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित डॉक्टर्स का माल्यार्पण कर व उनको सहयोग सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से अर्चना खंडेलवाल, बिंदु रैदानी, दीपा उमर, सीता गुप्ता, प्रिन्स सिसोदिया, अभिषेक साहू, आशीष जायसवाल, प्रवीण मौर्य, मंशा कुमारी, काजल गुप्ता, निर्जला कसेरा, पूर्णिमा गुप्ता, आर्य मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

# देवरिया आईटीआई में 14 जुलाई को रोजगार मेला 15 को विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रदर्शनी

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य के.के. राम ने जानकारी दी है कि संस्थान परिसर में 14 जुलाई 2025 को प्रातः 10-00 बजे से वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में लगभग 20 प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से लगभग 1000 अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रोजगार मेले में आई.टी.आई. उत्तीर्ण, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट तथा कौशल विकास मिशन से प्शिक्षित अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**आपसी समझौता**

हमकि राजेन्द्र कुमार गुप्ता व शशांक कुमार गुप्ता पुत्रगण श्री शिवशंकर गुप्ता दोनों सगे भाई हैं। मैं राजेन्द्र कुमार गुप्ता अपनी माँ के साथ सतना में रहता हूँ तथा पत्नी फतेहपुर में सेवारत है तथा शशांक कुमार गुप्ता अपनी पत्नी के साथ क्योटरा शहर व जिला बाँदा में रहता है। हम दोनों भाईयों की घर गृहस्थी अलग–अलग है तथा अपना–अपना रोजगार व कारोबार अलग–अलग है और किराये के मकानों में रहते हैं किसी भी व्यक्ति का एक दूसरे के कारोबार से कोई वास्ता नहीं है न ही किसी भी प्रकार के लेन–देन के लिए दूसरा व्यक्ति जिम्मेदार है। न ही जिम्मेदार होगें। न ही किसी भी व्यक्ति को दूसरे के कारोबार, कार्य व्यवहार एवम् घरेलू विवाद से कोई सरोकार रहेगा। अस्तु यह स्मृति पत्र लिख दिया है कि प्रमाण रहे व जरूरत पड़ने पर काम आये। दिनांक– 26.06.2025 राजेन्द्र कुमार गुप्ता, शशांक कुमार गुप्ता

सी.आर.-765/K

# स्कूल वाहन व बाइक की टक्कर में छात्रा आइस हुमैरा की मौत



**महराजगंज आजमगढ़।** जिले के महाराजगंज कस्बे में राजेसुल्तानपुर मार्ग पर स्कूल वाहन और बाईक की आमने सामने की भिड़ंत से अफरा तफरी मच गई, जिसमें बाइक चालक गोरखपुर जिले के शंकरपुर इकैना खुर्द निवासी गोरखनाथ पुत्र रामनरेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि स्कूल वाहन ऑटो में सवार 8 साल की छात्रा आइस हुमैरा की मौत हो गई, मिली जानकारी के अनुसार मृत बच्ची मदरसा मरकजी दारुल फैज की कक्षा 3 की छात्रा थी, ऑटो रिक्शा मदरसे की छुट्टी के बाद छात्राओं को उनके घर छोड़ने के लिए निकला था, बच्चों को छोड़ते हुए महाराजगंज से राजेसुल्तानपुर मार्ग पर जैसे पहुंची, राजेसुल्तानपुर की तरफ से आ रही बाइक- स्कूल वाहन से सैयद बाबा स्थान के पास टकरा गई, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक का दोनों कंधा टूट गया जबकि ऑटो में सवार स्कूली बच्ची के सिर पर गंभीर चोटें आई, आनन फानन में आसपास के लोगों ने स्कूल वाहन में सवार बच्चों को बाहर निकाला जबकि घायल बच्ची को कस्बे स्थित निजी अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां छात्रा आइस हुमैरा को मृत घोषित कर दिया गया, घटना की सूचना मिलते ही तत्काल स्थानीय कोतवाली प्रभारी विनय कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, तथा दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया तथा घायल व्यक्ति और मृत बच्ची सहित घटना की पूरी जानकारी जुटाने में जुट गए, हादसे में जहां बच्ची की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, तो वही पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई ।

# रौनियार समाज की मासिक बैठक में ओबीसी सेंट्रल लिस्ट का फिर उठा मुद्दा, सूची में शामिल न होने पर जताया रोष

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** अखिल भारतीय रौनियार समाज की बैठक उत्सव मैरिज हाल कसया रोड में जिला अध्यक्ष वैश्य अशोक कुमार रौनियार उर्फ भोला की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष वैश्य पारस नाथ गुप्त भी मौजूद रहे। जिसमें ओबीसी सेंट्रल लिस्ट में शामिल होने के लिए रौनियार समाज का आवेदन पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा क्लोज करने पर घोर निंदा की गई और संकल्प लिया गया कि कोई भाजपा नेता हम लोगों के दरवाजे पर आएगा तो पूछा जाएगा कहा जाएगा सेंट्रल में ओबीसी में रौनियार समाज को शामिल नहीं किया जाता तो कोई रौनियार भाजपा को वोट नहीं करेगा। प्रधानमंत्री के ही कारण आगे हम लोगों को सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दाखिल करना पड़ रहा है। जिसमें लाखों रुपया भी देना होगा। रामलीला मैदान स्थित रौनियार अतिथि भवन को चलवाने पर उसके व्यवस्थापक साथियों को बुलाया गया था। लेकिन एक दो साथी



पहुंचे जिस पर निर्णय हुआ कि एक बार पुनः मिलकर बात कर लिया जाए। नहीं मानने पर इसकी सूचना अखबारों जिला कलेक्टर पुलिस कप्तान कोतवाली को प्रार्थना पत्र देकर भवन की साफ सफाई जिला कमेटी करने का प्रयास करेगी। इसके साथ ही जिला कमेटी को चलाने और गतिशील करने के लिए प्रत्येक परिवार से 100 प्रतिमाह जिला कोष में जमा किया जाएगा। आने वाले किसी चुनाव में जो साथी चुनाव लड़ेगा संगठन हर तरह से उसे जीतने की कोशिश करेगा। जैसे जमानत धनराज प्रचार सामग्री की व्यवस्था संगठन करने जा रहा है। बैठक में वैश्य उपेंद्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, बैजनाथ मास्टर साहब, अमित रौनियार, ओम प्रकाश, हरिश्चंद्र रानियार, (लोक तंत्र सेनानी)भोला जी रौनियार, बनारसी रौनियार, रमाशंकर रौनियार, शीतल नाथ रौनियार, मोहन प्रसाद रौनियार, श्रीमती मीना देवी रौनियार, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा बसंती देवी रौनियार, श्रीमती आरती देवी रौनियार, दुर्गावती देवी रौनियार, प्रमोद रौनियार, पवन रौनियार, सुनील रौनियार, दिलीप कुमार रौनियार जिला मीडिया प्रभारी, बासुकीनाथ रौनियार प्रदीप रौनियार, बद्रीनाथ रौनियार, अशोक कुमार रौनियार ,मदन जी रौनियार, विशाल कुमार रौनियार शिक्षक, विश्व दीपक रौनियार, गणपत रौनियार ,शंभू रौनियार, पवन जी रौनियार ,अनिल गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री प्रमोद रौनियार ने किया।

स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र गुलशन कुमार व पुत्रवधू अंजू के कार्य व्यावहार से तंग आकर संबंध विच्छेदकर चलअचल संपत्ति से बेदखलकर दिया है ,यह किसी कार्य व्यावहार व लेनदेन के स्वंय के जिम्मेदार होगें। चन्द्रपाल पुत्र तनकू ग्राम व पोस्ट कुन्दौली तहसील नर्वल कानपुर नगर।()

सी.आर.-765/K-35

**सूचना**

प्लॉट संख्या 62 ब्लॉक एक्स योजना-7 गुटैया कानपुर नगर वर्तमान पता 111/288 हर्ष नगर कानपुर की लीज डीड की मूलप्रति जो कानपुर नगर महापालिका द्वारा 16-05-1960 को संपादित की गई थी वास्तव में खो गई है उसका प्रयोग अवैध होगा। रोहित मिश्रा पुत्र गौरव शरण मिश्रा, 111/288 हर्ष नगर कानपुर नगर।

सी.आर.-765/K-41

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

## ब्रिटेन में पले-बढ़े इमरान के बेटों की वतन वापसी की अटकलें तेज

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के बेटे सुलेमान व कासिम की पाकिस्तान वापसी और

**क्या पाकिस्तान में जमा पाएंगे पांव?**

राजनीति में प्रवेश को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। ब्रिटेन में रहने वाले दोनों बेटे अब तक राजनीति से दूर थे, लेकिन इमरान की लगातार बिगड़ती स्थिति और पीटीआई में नेतृत्व संकट ने खान परिवार को एक निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है। सुलेमान (29) व कासिम (26) इमरान खान और जेमिमा गोल्डस्मिथ के बेटे हैं तथा जन्म से ही ब्रिटिश नागरिक हैं। पाकिस्तानी संविधान के अनुसार सांसदी के लिए देश का नागरिक होना जरूरी है। दोहरी नागरिकता वाले तभी चुनाव लड़ सकते है जब वे विदेशी नागरिकता त्याग दें। ऐसे में ब्रिटिश पासपोर्ट छोड़ने पर विचार जारी है। जल्द ही इस पर निर्णय हो सकता है। पाकिस्तानी राजनीतिक विश्लेषक हमीद मीर के मुताबिक, इमरान के बेटों के लिए देश की राजनीति में पांव जमाना आसान नहीं होगा। पीटीआई कार्यकर्ताओं का भावनात्मक जुड़ाव इमरान से है। कासिम या सुलेमान की वापसी अगर होती भी है तो यह एक प्रतीकात्मक कदम ज्यादा होगा।

# अमेरिका ने अब ईयू और मेक्सिको पर लगाया 30 प्रतिशत टैरिफ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को यूरोपीय संघ (ईयू) और मेक्सिको के उत्पादों पर 30 प्रतिशत टैरिफ (आयात शुल्क) लगाने का एलान किया। बढ़ा हुआ कर एक अगस्त से लागू होगा। ट्रंप ने अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर अमेरिका के इन दो सबसे बड़े व्यापार साझीदारों पर कर बढ़ाने का एलान किया। ट्रंप की यह घोषणा अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की उनकी योजना का हिस्सा है। उन्होंने अपनी योजना का जिक्र 2024 में



अपने चुनाव प्रचार के दौरान किया था और इस वर्ष राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद वह लगातार इस पर कार्य कर रहे हैं। मेक्सिको की राष्ट्रपति को लिखे पत्र में ट्रंप ने कहा है कि मेक्सिको हमारी सीमा को सुरक्षित करने में सहायता दे सकता है लेकिन वह नहीं दे रहा है, इसलिए वह कड़ा निर्णय ले रहे हैं। विदित हो कि मेक्सिको अमेरिका का पड़ोसी देश है। जबकि यूरोपीय संघ को लिखे पत्र में ट्रंप ने कहा है कि ईयू से व्यापार में अमेरिका को जो घाटा हो रहा है उससे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा हो रहा है। विदित हो कि ईयू के अंतर्गत यूरोप के 27 देश आते हैं।

## पूर्वी कांगो में विद्रोहियों ने 66 लोगों को उतारा मौत के घाट

**किंशासा (कांगो)।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में इरुमु इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह से जुड़े विद्रोहियों ने हमला कर 66 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह इलाका युगांडा की सीमा से लगा हुआ है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह हमला आईएस से जुड़े एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एडीएफ) के लड़ाकों ने किया। एडीएफ एक युगांडाई इस्लामी चरपंथी समहू है, जो सीमा के दोनों ओर सक्रिय है। ये हमला ऐसे समय में हुआ है, जब पूर्वी कांगो में एम23 के साथ चल रहे संघर्ष के थमने की उम्मीद की जा रही है।

## इजरायली हमले में घायल हो गए थे ईरान के राष्ट्रपति

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का इरादा रखने वाले देश ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियान एक इजरायली हवाई

**बाल-बाल बची टॉप अधिकारियों की जान**

हमले में हल्के रूप से घायल हो गए हैं। यह हमला 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में स्थित एक इमारत पर हुआ था, जहां ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक चल रही थी। इस खबर की पुष्टि आईआरजीसी से जुड़ी फार्स न्यूज़ एजेंसी ने रविवार को की। इस हमले के समय राष्ट्रपति पेजेश्कियान के अलावा संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर घालिबाफ,



मुख्य न्यायाधीश मोहसनी एजेई और अन्य शीर्ष सुरक्षा व सैन्य अधिकारी बैठक में मौजूद थे। पेजेश्कियान के पैर में चोट आई, वहीं अन्य अधिकारी भी निकलते समय हल्की चोटों से घायल हुए। फार्स रिपोर्ट के अनुसार, हमला छह मिसाइलों से किया गया था। यह हमला हसन नसरल्लाह की हत्या की तर्ज पर किया गया था।मिसाइलें इमारत के प्रवेश और निकास मार्गों को निशाना बनाकर दागी गईं। विस्फोट के बाद बिजली काट दी गई और भवन के ऊपरी हिस्से में तबाही मच गई। अधिकारी भवन के निचले फ्लोर में मौजूद थे। एक आपातकालीन निकासी मार्ग पहले से तैयार था, जिससे सभी अधिकारी निकलने में सफल रहे। हमले की सटीकता और मिसाइलों का सटीक टारगेटिंग अब ईरानी अधिकारियों को किसी अंदरूनी व्यक्ति की भूमिका की आशंका दे रही है। सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। पेजेश्कियान ने हाल ही में टकर कार्लसन को दिए एक इंटरव्यू में कहा, उन्होंने मुझे मारने की कोशिश की थी। हां, उन्होंने कोशिश की लेकिन नाकाम रहे।

## कैलिफोर्निया में आव्रजन गिरफ्तारियों पर रोक

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के संघीय न्यायाधीश मामी ई. फ्रिमपॉन्ग ने ट्रंप प्रशासन को लॉस एंजिलिस सहित कैलिफोर्निया के सात काउंटी

**संघीय अदालत से ट्रंप को झटका**


में अंधाधुंध आव्रजन कार्रवाई और गिरफ्तारियों पर तुरंत रोक लगाने का आदेश दिया है। प्रवासी अधिकार संगठनों ने पिछले हफ्ते एक मुकदमा दायर किया था, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह दक्षिणी कैलिफोर्निया में आव्रजन अभियान के दौरान नस्ल के आधार पर लोगों को निशाना बना रहा है। यह फैसला ट्रंप प्रशासन के लिए झटका है। अधिवक्ताओं ने आव्रजन अधिकारियों पर नस्ल के आधार पर लोगों को हिरासत में लेने, बिना वारंट के गिरफ्तारियां करने और लॉस एंजिलिस शहर के एक हिरासत केंद्र में बंदियों को कानूनी सलाह लेने से रोकने का आरोप लगाया है। अमेरिकी आंतरिक सुरक्षा मंत्रालय की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक ईमेल में कहा, ऐसा कोई भी दावा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा किसी व्यक्ति को उसकी नस्ल के कारण निशाना बनाया गया है, घृणित और स्पष्ट रूप से गलत है।

## बांग्लादेश में रंगदारी के लिए हिंदू व्यापारी की हत्या

**ढाका।** ढाका में 43 वर्षीय हिंदू व्यापारी लाल चंद उर्फ सोहाग की नृशंस हत्या ने न केवल बांग्लादेशियों को, बल्कि दुनिया भर के कई लोगों को झकझोर दिया है। लोगों ने

**बीएनपी से जुड़े हैं आरोपित**

बांग्लादेश में व्याप्त घोर अराजकता के लिए मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की कड़ी आलोचना की है।यह जघन्य हत्या बुधवार (नौ जुलाई) को ढाका के सर सलीमउल्लाह मेडिकल कॉलेज, मिटफोर्ड अस्पताल के सामने हुई। सोहाग सोहाना मेटल नाम से कबाड़ की दुकान चलाते थे। बाजार में उनकी अच्छी पैठ थी। उनके प्रतिद्वंद्वियों महमूदुल हसन मोहिन और सरवर हुसैन टीटू ने कथित तौर पर



व्यवसाय में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी या उसके बदले नियमित भुगतान की मांग की थी। पिछले दो-तीन महीनों से आरोपित सोहाग से हर महीने मोटी रकम की रंगदारी मांग रहे थे। बुधवार को जब उन्होंने सोहाग को अकेला पाया तो मोहिन और उसके चार-पांच साथियों ने उन पर हमला कर दिया। उन्हें पत्थरों से मारा और नंगा करके बेरहमी से पीटा। इससे उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। परिवार के इकलौते कमाने वाले सोहाग की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी वीभत्स हत्या का वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया है। वहां मौजूद लोगों की ओर से कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ और डर के मारे किसी ने भी मोहिन को नहीं रोका क्योंकि वह बांग्लादेश जातीयतावादी युवा दल (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी की युवा शाखा) की चौकबाजार इकाई के महासचिव पद का उम्मीदवार था। उस पर मिटफोर्ड अस्पताल के पास फुटपाथ पर विक्रेताओं और अन्य व्यापारियों से जबरन वसूली करने के भी आरोप हैं।

## रूस को मिला किम जोंग का समर्थन

**सियोल।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के बीच उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूस को बिना शर्त समर्थन देने की बात पर जोर दिया। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात में किम जोंग ने रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस को बिना शर्त समर्थन देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया और रूस के बीच रणनीतिक मुद्दों पर समान सोच है और दोनों देशों का गठबंधन मजबूत होता जा रहा है। बता दें कि यह मुलाकात उत्तर कोरिया के पूर्वी शहर वोन्सान में हुई, जहां लावरोव ने किम को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शुभकामनाएं भी दीं। किम ने कहा कि उनकी सरकार रूस की तरफ से उठाए गए सभी कदमों का समर्थन और प्रोत्साहन करती है।

## लाहौर से लिया कराची का टिकट, पहुंच गए सऊदी

**कराची।** पाकिस्तान में लाहौर के एक युवक शाहजैन ने कराची जाने के लिए फ्लाइट पकड़ी थी, लेकिन वह गलती

**पाकिस्तान की एयरलाइन को मिला लीगल नोटिस**

से सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गया। शाहजैन ने एक प्राइवेट एयरलाइन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उसने कहा कि टिकट चेक करवाने के बावजूद एयर होस्टेस ने उसे गलत फ्लाइट में बैठने से नहीं रोका। शाहजैन ने बताया कि घरेलू टर्मिनल के गेट पर दो फ्लाइट खड़ी थीं। वह बिना किसी जानकारी के जेद्दा जाने वाली अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट में चढ़ गया। लगभग दो घंटे बाद, जब विमान कराची नहीं पहुंचा, तब जाकर उसे अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने बताया कि उस वक्त क्रू पैनिक में आ गया और उल्टा उसी को दोष देने लगे। शाहजैन का कहना है कि उसके पास न पासपोर्ट था और न ही सऊदी अरब के लिए वीजा। इसके बावजूद वह जेद्दा पहुंच गया। एयरलाइन की इस लापरवाही की वजह से उसे विदेश में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहां एफआईए के अधिकारियों ने पूछताछ की और दो से तीन दिन तक उसे कराची लाने की प्रक्रिया में समय लगा। इस पूरे मामले को लेकर शाहजैन ने अब एयरलाइन को कानूनी नोटिस भेजा है।

## रूस का यूक्रेन पर भीषण हमला

**कीव/मॉस्को।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर भीषण हमला कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार रूसी सेना ने यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोनों से बमबारी की और मिसाइलें दागीं। इन हमलों में 6 लोगों की मौत हो

**597 ड्रोन के साथ 26 मिसाइलें दागीं, छह की मौत**

गई और कई अन्य घायल हो गए। इस बमबारी के बाद पिछले तीन वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को धक्का लगा है और युद्ध खत्म होने की उम्मीद और कम हो गई है। यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि रूसी सेना ने दक्षिण-पश्चिमी यूक्रेन के बुकोविना इलाके में चार ड्रोन और एक मिसाइल से हमले किए, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। उन्होंने बताया कि ड्रोन के गिरे मलबे के कारण दो लोगों की मौत हुई। रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेन के पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र में ड्रोन हमले में छह लोग घायल हो गए। पूर्वोत्तर यूक्रेन के खारकीव में आठ ड्रोन और दो मिसाइलों से हमला किया गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने शनिवार रात तक यूक्रेन में 597 ड्रोन और नकली ड्रोन के साथ 26 क्रूज मिसाइलें दागीं। इनमें से 319 ड्रोन और 25 क्रूज मिसाइलें मार गिराई गईं और 258 नकली ड्रोन खो गए, संभवतः इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम हो गए थे।

## 'मोदी रिटायर हों तो गडकरी बनें पीएम'

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के एक विधायक ने नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने इसके लिए आरएसएस प्रमुख मोहन

**भागवत के बयान पर कर्नाटक के कांग्रेस विधायक की मांग**

भागवत के रिटायरमेंट वाले बयान का हवाला दिया है। कांग्रेस विधायक ने आरएसएस प्रमुख के बयान का स्वागत करते हुए कहाकि अगर इसके हिसाब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद से रिटायर होते हैं तो गडकरी को पीएम बनना चाहिए। वह इस पद के लिए सही च्वॉयस होंगे। बता दें कि मोहन भागवत ने कहा था कि 75 साल की उम्र पूरी होने के बाद नेताओं को सत्ता से इस्तीफा दे



देना चाहिए। इसके बाद कांग्रेस ने निशाना साधते हुए कहा था कि मोहन भागवत का इशारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है। गौरतलब है कि पीएम मोदी इसी साल 75 साल के होने वाले हैं। कांग्रेस विधायक बेलूर गोपालकृष्णा कर्नाटक की सागर विधानसभा से विधायक हैं। बेलूर गोपालकृष्णा ने अपने बयान में कहा है कि अगर भागवत के 75 साल में रिटायरमेंट वाली बात के हिसाब से पीएम मोदी हटते हैं तो नितिन गडकरी को अगला पीएम बनाना चाहिए। उन्होंने कहाकि गडकरी प्रधानमंत्री पद के लिए सही च्वॉयस रहेंगे। बेलूर गोपालकृष्णा ने कहाकि गडकरी को देश के गरीब लोगों की ज्यादा चिंता है।

## शहबाज ने भारत के साथ परमाणु संघर्ष को किया खारिज

**इस्लामाबाद।** परमाणु कार्यक्रम को लेकर पाकिस्तान की एक बार फिर हेकड़ी निकल गई है। पीएम शहबाज शरीफ ने भारत के साथ संभावित परमाणु संघर्ष की आशंकाओं को खारिज कर दिया है। इस्लामाबाद में छात्रों को संबोधित करते हुए पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांति बनाए रखने और अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण उद्देश्यों और राष्ट्रीय रक्षा के लिए है न कि आक्रामकता के लिए। शहबाज शरीफ का यह बयान भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद आया है।

## एक नज़र

### मुंबई में 'हिंदी बोलूंगा' कहने पर ऑटो चालक की जमकर पिटाई

**उद्धव सेना ने कहा सबक सिखा दिया**

**मुंबई।** मुंबई पालघर जिले में एक ऑटो चालक को मराठी विरोधी टिप्पणी के लिए पीटा गया है। यह मारपीट उद्धव ठाकरे सेना गुट के कार्यकर्ताओं ने की है। शिवसेना (यूबीटी) कार्यकर्ताओं द्वारा ऑटो चालक के साथ बदसलूकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ दिन पहले इस ऑटो चालक का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में एक व्यक्ति उससे पूछ रहा था कि वह मराठी क्यों नहीं बोल रहा है। इसके जवाब में यह ड्राइवर बार-बार कह रहा था कि वह हिंदी बोलेगा। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) के एक स्थानीय पदाधिकारी ने दावा किया कि ऑटो चालक को सबक सिखाया गया है और कहा कि मराठी भाषा और राज्य का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### गाजा में मारे गए 110 फिलिस्तीनी

**यरूशलम।** इजरायली सेना ने शनिवार को गाजा में किए गए हमलों में कम से कम 110 फिलिस्तीनियों की जान ले ली। इनमें से 34 लोग दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) के एक केंद्र पर भोजन की प्रतीक्षा कर रहे थे। यह जानकारी अल जजीरा ने रविवार को चिकित्सा सूत्रों के हवाले से दी। ये हमले ऐसे समय में हुए जब कतर में चल रही संघर्षविराम वार्ता ठप हो गई है और इजरायल की पूरी गाजा आबादी को जबरन विस्थापित करने की योजना की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी आलोचना हो रही है। राफा के अल-शकौश क्षेत्र में जीएचएफ केंद्र पर हुए हमले में इजरायली बलों ने भीड़ पर सीधे गोलीबारी की, जिसे संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों ने मानव नरसंहार और मौत का जाल करार दिया। इजरायली सेना ने बेत हनून पर भी हमला किया, जहां शहर के उत्तर-पूर्वी हिस्से पर लगभग 50 बम गिराए गए। सेना ने दावा किया कि पिछले 48 घंटों में गाजा पर 250 से अधिक हमले किए गए। मानवाधिकार संगठनों की चेतावनियों के बावजूद, इजरायल ने गाजा में भोजन और अन्य मानवीय सहायता के प्रवेश पर पाबंदी जारी रखी है।

### असम में अर्जिता फुकन की फेक फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ में प्रतीम बोरा नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसने बेबीडॉल अर्ची के नाम से मशहूर महिला अर्चिता फुकन का फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर उनकी मॉर्फ्ड तस्वीरें अपलोड की थीं। पुलिस के अनुसार, आरोपी बोरा फुकन का पूर्व साथी रहा है। उसने महिला को बदनाम करने और उत्पीड़न के मकसद से आपत्तिजनक कंटेंट अपलोड किया था। वह कई हफ्तों से इस फेक प्रोफाइल को ऑपरेट कर रहा था, जिसके बाद फुकन के भाई की शिकायत पर शनिवार शाम उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अर्चिता ने बताया कि फर्जी अकाउंट से उनकी तस्वीरों को अमेरिकी एडल्ट स्टार केंड्रा लस्ट के साथ मॉर्फ करके शेयर किया गया। असम की इस युवती ने कहा कि उनके दोस्तों और परिचितों ने सोशल मीडिया पर वायरल इन मॉर्फ्ड तस्वीरों को देखा।

### ट्रंप के खिलाफ केस संभाल रहे वकीलों पर फिर गिरी गाज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चल रहे मामलों से जुड़े कई वकीलों और सहयोगी कर्मचारियों को अमेरिकी न्याय विभाग ने हटा दिया है। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, यह छंटनी विशेष वकील जैक स्मिथ की टीम से जुड़े उन लोगों पर हुई है जो ट्रंप के खिलाफ दो बड़े मामलों में काम कर रहे थे। इनमें एक गोपनीय दस्तावेज रखने और दूसरा चुनाव नतीजों को पलटने की साजिश का मामला है। रिपोर्ट में दो ऐसे लोगों के हवाले से दावा किया गया है जो इस निर्णय से सीधे तौर पर जुड़े हैं, लेकिन उन्होंने नाम उजागर नहीं किया। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को हटाया गया है, उनमें कुछ वकील, जांच में सहयोग करने वाले न्याय विभाग के अन्य कर्मचारी और गैर-कानूनी स्टाफ शामिल हैं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि कुल कितने लोगों को हटाया गया है।

### इजरायली बस्ती में अमेरिकी मुस्लिम की पीट-पीटकर हत्या

**फ्लोरिडा।** इजरायली बस्तियों में बढ़ती हिंसा के बीच एक चौंकाने वाली घटना ने अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को हिला कर रख दिया है। फ्लोरिडा निवासी 20 वर्षीय अमेरिकी नागरिक सैफोल्लाह मुसल्लेट की इजरायली बस्तियों के लोगों द्वारा वेस्ट बैंक में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। अब उनका परिवार अमेरिकी सरकार से मामले की स्वतंत्र जांच और न्याय की मांग कर रहा है। मुसल्लेट का परिवार कहता है कि सैफ एक दयालु, मेहनती और सपनों को साकार करने वाला युवक था। परिवार ने बयान जारी कर कहा, यह एक अकल्पनीय त्रासदी और अन्याय है, जिसे कोई भी परिवार झेलना नहीं चाहता। हम मांग करते हैं कि अमेरिका इस घटना की तत्काल स्वतंत्र जांच करे और दोषियों को सजा दिलाए। परिवार का कहना है कि सैफ को इजरायली बस्तीवासियों ने लगभग तीन घंटे तक घेरकर पीटा और इस दौरान मेडिक्स पर भी हमला किया गया जो उन्हें बचाने पहुंचे थे।

### सिंगापुर के विदेश मंत्री से मिले जयशंकर

**सिंगापुर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को अपने तीन दिवसीय चीन-सिंगापुर के दौरे के पहले चरण में सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात की। इस मुलाकात के बारे में जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी। विदेश मंत्री ने लिखा कि सिंगापुर हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्र है। वहां विचारों का आदान-प्रदान हमेशा महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि आज सुबह सिंगापुर में एफएम विवियन बालकृष्णन से मिलकर अच्छा लगा। एक्ट ईस्ट पॉलिसी भारत की विदेश नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें भारत का फोकस पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्वी एशिया देशों के साथ रिश्तों को और बढ़ावा देने पर है।

### तमिलनाडु में डीजल ले जा रही मालगाड़ी में लगी आग

**चेन्नई।** तमिलनाडु में तिरुवल्लूर के निकट डीजल ले जा रही मालगाड़ी में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि आग पहले मालगाड़ी के एक डिब्बे में लगी और फिर तेजी से दूसरे डिब्बों में फैल गई। आग की तेज लपटें काफी ऊपर तक उठती नजर आईं, जिसका वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## मिलेगा कॉमेडी का डबल डोज़!

मोस्ट पॉपुलर शो 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के आने वाले एपिसोड्स में दर्शकों को हंसी की डबल डोज़ मिलेगी, जहां किरदार मजेदार हालातों में उलझते नजर जाएंगे। 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुए दरोगा हप्पू सिंह यानी योगेश त्रिपाठी ने कहा, ''राजेश (गीतांजलि मिश्रा) और हप्पू अपनी बेटी मलाइका (सोनल पंवार) की शादी को लेकर परेशान हैं। दोनों चाहते हैं कि वो या तो खुद लड़का ढूंढ ले या फिर उन्हें ये जिम्मेदारी दे दे। इसी दौरान मलाइका रास्ते में एक लड़के की मदद करती है, जो उसी वक्त उस पर फिदा हो जाता है।

मलाइका को भी वो लड़का ठीक लगता है और दोनों के बीच बातचीत शुरू हो जाती है। जब शादी की बात दोबारा उठती है, मलाइका घरवालों को उस लड़के के बारे में बताती है। जल्द ही लड़के का परिवार हप्पू के घर आता है और सबको लड़का पसंद भी आ जाता है।'' उधर, 'भाबीजी घर पर हैं' की



आगे की कहानी के बारे में बताते हुये मनमोहन तिवारी यानी रोहिताश्व गौड कहते हैं, ''अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) हाल ही में साइकोलॉजी का कोर्स पूरा करती है और अब किसी ऐसे इंसान की तलाश में है जिस पर वह अपने थेरेपी स्किल्स आज़मा सके। इसी बीच तिवारी (रोहिताश्व गौड़) एक होटल में क्लाइंट से मिलने जाते हैं, जहां कुर्सी से निकली एक कील उन्हें चुभ जाती है। दर्द में होने के बावजूद तिवारी मीटिंग जारी रखते हैं और चेहरे पर एक्सप्रेशन बदलते रहते हैं। पास ही बैठे एक फिल्म डायरेक्टर उनकी ये एक्टिंग देखकर इंप्रेस हो जाते हैं और उन्हें एक ट्रैजेडी रोल के लिए अपनी फिल्म का लीड एक्टर बना लेते हैं। डायरेक्टर की डिमांड पर तिवारी पूरे समय अपने किरदार में रहने लगते हैं-एक दुखी और हारा हुआ इंसान।''


## सादगी और सच्चाई ने जीता दर्शकों का दिल!

बहुप्रतीक्षित फिक्शन ड्रामा 'तुम से तुम तक' ने अपनी लॉन्चिंग के साथ ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। कुछ ही एपिसोड्स के बाद शो को जो प्यार और प्रतिक्रिया मिल रही है, वो बताती है कि जब कहानी दिल से कही जाए, तो हर दिल तक पहुंचती है। शो की सबसे बड़ी ताक़त है इसके किरदारों की सच्चाई।




अनु (निहारिका चौकसे) एक 19 साल की बेबाक, जिंदादिल लड़की है जो एक साधारण मध्यवर्गीय ज़िंदगी में अपने सपनों के साथ जूझ रही है। उधर, आर्यवर्धन (शरद केलकर), 46 साल का एक गंभीर, संकोची बिज़नेस टायकून है, जो अपनी ही दुनिया में गुम है। इनके बीच की उम्र, सोच और माहौल की गहरी खाई को कहानी में इतनी सहजता से बुना गया है कि दर्शक इनसे जुड़ते चले जाते हैं। जहां आजकल टीवी पर ग्लैमर और ओवरड्रामा का बोलबाला है, वहीं 'तुम से तुम तक' को इसकी सच्चाई और सौम्यता के लिए खूब सराहा जा रहा है। अनु के हलचल भरे घर से लेकर दिल्ली की असली गलियों में शूट किए गए नजारों तक, हर सीन में एक ईमानदारी और अपनापन है, जो दर्शकों को सीधे उनकी अपनी ज़िंदगी की झलक दिखाता है। सोशल मीडिया पर भी शो को लेकर जबर्दस्त प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है - डीएम, कमेंट्स, और फैन्स के फैन-एडिट्स तक में दिख रहा है कि लोग इस शो को सिर्फ देख नहीं रहे, बल्कि महसूस कर रहे हैं। किरदारों की केमिस्ट्री, छोटी-छोटी डिटेल्स और इमोशनल सच्चाई ने लोगों को जोड़ लिया है। मालूम हो कि 'तुम से तुम तक' रात साढ़े आठ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089